राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, लखनऊ, सोमवार , 29 अप्रैल 2024 प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

वर्ष 05, अंक 209, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

सरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका के गाल पर गर्म सरिया से गोदकर लिखा अपना नाम..06

ईरान के आधी दुनिया से रिश्ते खराब..12

देश के स्वास्थ्य के लिए किसी गारंटी की नहीं

● 'सही का चुनाव' करें

स्वतंत्र प्रभात

जब सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीश जस्टिस हिमा कोहली ने सरकार को निशाने पर लेकर कहा कि केंद्र को अब अपने आपको ऐक्टिवेट करना चाहिए। तब इस टिप्पणी से आपको क्या लगा? मुझे तो इस टिप्पणी से लग रहा है, मानो केंद्र सरकार वर्षों से जंग लगी और धूल से ढकी एक मशीन बन गई है जिसे कहा जा रहा है कि अब इसे चालू करने का समय आ गया है। पर इस केन्द्रीय मशीनरी के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय तो चुनावों में व्यस्त हैं। वो तो इस बात से चिंतित हैं कि उन्हे बहुत गालियां दी गई हैं, उन्हे बहुत भला बुरा कहा गया है, उन्हे डराने की कोशिश की गई है आदि आदि। उन्हे इस बात की भी फिक्र है कि काँग्रेस का घोषणापत्र 'मुस्लिम लीग की छाप' लिए हुए है और यह भी कि भारतीय महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को काँग्रेस बेच देने वाली है। कुल मिलाकर अर्थ यह है कि पीएम मोदी के दिमाग में जो भी आ रहा है वे बस उसे बोलने के लिए बोले जा रहे हैं। लेकिन जहां बात 'जिम्मेदारी' की आती है, नागरिकों के प्रति उनके कर्तृत्व की आती है, महिलाओं की सुरक्षा की बात आती है, देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की बात आती है, प्रधानमंत्री एक अंतहीन खामोशी और निद्रा में चले जाते हैं।

आखिरकार उनकी इस अंतहीन निद्रा को तोड़ने के लिए जस्टिस हिमा कोहली को कहना ही पड़ गया कि सो रही केंद्र सरकार अब जागे क्योंकि कंपनियां अपने उत्पादों की बिक्री की हवस में भारत के नागरिकों के स्वास्थ्य को भी खाए जा रही हैं। इन कंपनियों में से एक के मालिक और उद्योगपति रामकिसन यादव उर्फ बाबा रामदेव हैं। रामदेव वर्षों से योग सिखा रहे थे और योग सिखाते-सिखाते उन्होंने अपने उत्पाद बेचना शुरू कर दिया और कपड़ों से बाबा जैसे दिखने वाले रामदेव एक उद्योगपति के रूप में स्थापित हो गए। उनकी कंपनी का नाम दिव्य फार्मेसी है जिसे लोग पतंजलि आयुर्वेद के नाम से भी जानते हैं। रामदेव, नरेंद्र मोदी सरकार के घोर समर्थक हैं और इसका उन्हे खूब लाभ भी प्राप्त हुआ है। लेकिन अब यह लाभ भारत के नागरिकों के स्वास्थ्य की कीमत पर दिया जा रहा है। और नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह खामोश हैं। लेकिन भारत का सर्वोच्च न्यायालय खामोश नहीं रह सकता चाहे केंद्र सरकार को अच्छा लगे या बुरा। रामदेव पर आरोप है कि उन्होंने Drugs and Magic Remedies Act, 1954 का लगातार उल्लंघन किया है।

रामदेव ने देश के लोगों के साथ तब खिलवाड़ किया जब इस देश के लोग पिछले 100 सालों की सबसे बड़ी आपदा, कोविड-19, से जूझ रहे थे। रामदेव एक झूठी दवा, कॉरोनिल बनाकर मार्केट में पेश करते हैं, और दावा कर देते हैं कि उनकी दवा से कोरोना ठीक हो जाता है। जिस दौर में नरेंद्र मोदी सरकार एक ऑक्सीजन सिलिन्डर तक मुहैया नहीं करवा पा रही थी, लोग एक-एक सांस लेने को मोहताज थे, हर दिन हजारों मौत की खबरें आ रही थीं, हम सब एक-एक करके अपने करीबियों को खो रहे थे तब रामदेव एक झूठी दवा को बेचकर करोड़ों कमा रहे थे। झूठा दावा कर रहे थे कि उनकी दवा को विश्व स्वास्थ्य संगठन का प्रमाणपत्र हासिल है। रामदेव के इस अवैज्ञानिक और झूठे दावे में मोदी सरकार के दो बड़े कैबिनेट मंत्री भी साथ खड़े थे, जो इस दवा के जारी होने के मौके पर मीडिया के सामने आए थे।

मेरी माँ के इलाज का मेरा व्यक्तिगत अनुभव भी मेरे सामने है, रामदेव की पतंजलि के सारे आयुर्वेदाचार्य यह बताने में फेल रहे कि उनके हार्ट में 90% ब्लोकेज है उनका हृदय 5 ब्लोकेज से जूझ रहा है? यदि PGI न होता आधुनिक शिक्षा पद्धति न होती तो न जाने आज क्या होता? रामदेव अपने यहाँ ऐसे मरीजों का मेला लगाकर उनके स्पा से ढेरों पैसे कमाते हैं और लोग भक्ति में अपने पैसे गँवाते हैं। वहाँ आस्था और भक्ति के नाम पर एक रिश्तेदार दूसरे रिश्तेदार को भेजता है और मौत के करीब पहुंचाता है, सरकार सब जानती है पर वह खामोश बनी रहती है।

भारतीय कंपनियां और भारत सरकार पूरी दुनिया को अपने जैसा ही लापरवाह और स्वास्थ्य से खिलवाड़ को आम बात समझने की भूल कर बैठी है। उनकी इसी भूल की वजह से भारत का नाम पूरी दुनिया में खराब हो

रहा है। हाल ही में हांगकांग ने MDH के तीन और एवरेस्ट के एक मसाले को प्रतिबंधित कर दिया। इसके बाद सिंगापुर ने एवरेस्ट के एक मसाले को यह आदेश देते हुए प्रतिबंधित कर दिया कि इसमें एथिलीन ऑक्साइड का उच्च स्तर मौजूद है, जो मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त है और लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से कैंसर का खतरा है।

लेकिन जरा सोचिए भारत की सरकार कितनी लापरवाह, कमजोर और लचर है कि एक आदमी यहाँ सालों तक झूठे प्रचार से दवाएं बेचता रहे और सरकार कुछ भी न करे, जरा सोचिए नेस्ले अफ्रीकन, लैटिन अमेरिकन और भारत में ही खराब गुणवत्ता के उत्पाद क्यों बेच रही है? वह इसलिए, क्योंकि भारत समेत यहाँ सभी जगह विनियामकों को नागरिकों के स्वास्थ्य से ज्यादा कंपनियों के व्यापार में दिलचस्पी है। कभी सोचा है कि जिन सिंगापुर, हाँगकाँग और SA जैसे देशों में जहां नियामक संस्थाएं बहुत मजबूत है जब वहाँ ये भारतीय कंपनियां गुणवत्ताहीन उत्पाद भेज सकती हैं तब भारत जैसे देशों में इनके कैसे और कितनी बुरी हालात वाले उत्पाद बिक रहे होंगे, इस दुस्साहस की कल्पना की जा सकती है।

फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगा शिकायत का निस्तारण

●मीना कुमारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती परसेहरीकलां के अंक पत्रों की जांच कराए बगैर ही लगा दी निस्तारण रिपोर्ट

परियोजना अधिकारी के संरंक्षण में फल फूल रहा फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी किये जाने का गोरखधंधा ।

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी एक तरफ योगी सरकार जहां भ्रष्टाचार के समूल सफाए को लेकर जीरो ट्रारलेंस की नीति लागू कर रहे हो वही उन्हीं के मातहतो द्वारा खुलेआम भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। और सरकार की छवि को तार तार करते हुए अपनी अपनी जेब भरी जा रही है। जिम्मेदारों की धनलोलुपता के चलते आज बाल विकास परियोजना फूल बेहद के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेहरी कलां में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मीना कुमारी फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी करने का मामला प्रकाश में आया है । उपरोक्त मामले की दर्जनों शिकायते जिला कार्यक्रम अधिकारी लखीमपुर खीरी व फूलबेहड की परियोजना अधिकारी से की गई लेकिन धनवल के वशीभूत परियोजना अधिकारी फूल बेहड द्वारा आज तक उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व सहायिका के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। विभागीय जिम्मेदारों की इस लापरवाह कार्य प्रणाली से आहत होकर शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी कर रही आंगनबाड़ी कार्यत्री मीना कुमारी परसेहरी कलां आंगनबाड़ी केंद्र के अंक पत्रों व सिकटिहा आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात श्रीदेवी सहायिका के अंक पत्रों की जांच कराए जाने की मांग की थी। उक्त शिकायत के क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय की वरिष्ठ लिपिक मंजू देवी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना कुमारी व सहायिका को अपने मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 27 अप्रैल 2024 को जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत होने के लिए पत्र जारी किया गया था। इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को भी दी गई थी। दिनांक 27 अप्रैल 2024 को शिकायतकर्ता विभाग द्वारा दिए गए नियत समय पर पहुंचा तो वहां पर वरिष्ठ लिपिक महोदया मौजूद नहीं थी ।और ना ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ती या सहायिका ही आई लगभग 1ः00 बजे तक इंतजार करने के बाद शिकायतकर्ता अपने घर वापस चला आया। विभाग द्वारा पत्र जारी कर अपना पल्ला झाड़ लिया गया जांच के नाम पर मामले को जानबूझकर लंबा किया जा रहा है जिससे कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अपना कार्यकाल पूरा कर सके और उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही ना हो सके। सुनियोजित योजना वद्ध ढंग से आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत का भ्रामक आख्या एवं फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। जबकि दोषी के विरुद्ध ना तो जांच की गई और ना ही कोई कार्यवाही ही अमल में लाई गई। अंतर्गतजहां पर शासन को आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ता द्वारा पुनः शिकायत दर्ज करा कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं पर फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी करने के आरोप लगाते हुए फर्जी अंक पत्रों पर कार्य संलग्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने तथा उक्त दोनों के अंक पत्रों की जांच कराए जाने की मांग की गईहे।और उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध कार्यवाही ना करके इनका संरक्षण देने के आरोप परियोजना अधिकारी फुल बेहड पर लगाते हुए फर्जी अंक पत्तों पर नौकरी कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को संरक्षण देने वाली उक्त परियोजना अधिकारी फुलबेहड के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने की मांग की है इस मामले की दर्जनों खबरें भी प्रकाशित हुई थी। और मामला सीडीपीओ फुलबेहड पूजा त्रिपाठी के संज्ञान में भी लाया गया था। लेकिन जब सब कुछ जानते हुए मामले में कोई कार्यवाही न होने पर आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई । उक्त शिकायत में सबसे अहम मामला यह हुआ कि उक्त शिकायत में सी डी पी ओ पर ही फर्जी अंक पत्रों पर कार्य करने वाली कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं को संरक्षण देने के आरोप लगाए गए थे। उसी अधिकारी ने अपना पक्ष बचाते हुए फर्जी और भ्रामक आख्या लगाकर शासन प्रशासन व अपने अधिकारियों को गुमराह कर दिया ।जबकि उक्त सीडीपीओ के अंतर्गतकई आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाएं फर्जी संदिग्ध हालत में आज भी कार्यरत है ।और सीडीपीओ द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है ।इसे इनका संरक्षण नहीं कहा जाएगा तो क्या कहा जाएगा ?और यदि इनका संरक्षण नहीं है तो इनके ऊपर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। उक्त मामला चर्चा का विषय बना है ।अब देखना यह है कि मामले में कार्यवाही की जाएगी या फिर यूं ही मनमानी भ्रामक आख्या लगाकर फर्जी अंकपत्रों पर नौकरी करने वाली आंगनबाड़ी एवं सहायिकाओं को संरक्षण दिया जाता रहेगा।

सरकारी राशन पर खाद्यान्न माफियाओं की नजर ,अवैध तरीके से गैर जनपदों मे कर रहे सप्लाई

●खाद्यान्न माफिया गैर जनपदों मे 50 किलो की प्लास्टिक की बोरियों में भरकर रातों-रात भेज कर रहे मोटी कमाई

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ- लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकारी खाद्य तथा रसद विभाग में सरकारी राशन पर अब खाद्यान्न माफिया की नजर है।

ताजा मामला सदर तहसील क्षेत्र के सीतापुर रोड स्थित अग्रसेन नगर ताड़ी खाना रु.त्र गोदाम के पास नारायण कमर्शियल सेंटर के गोदाम में धर्म स्वामी बबलू बाथम द्वारा बड़ी-बड़ी वाहनों में सरकारी खाद्यान्न विभाग का चावल मंगवाया जाता है। और गोदाम में अलग-अलग 50 किलो की प्लास्टिक की बोरियों में भरकर रातों-रात अन्य जनपदों में भेज कर मोटी रकम कमाई जाती है। जिस तरह से सरकारी खाद्यान्न की बड़े पैमाने पर यह तस्करी का कारोबार धडल्ले से राजधानी में किया जा रहा है। इससे यह साफ अंदाजा लगाया जा सकता है की कहीं ना कहीं सरकारी राशन खाद्यान्न विभाग के अधिकारियों का भी सहयोग हो क्योंकि इस काले कारनामे के बारे में जब एडीएम सिटी सप्लाई साहब लाल से जब इस कारनामे के बारे में जानकारी की गई तो उनके कान खड़े हो गए। और उन्होंने तत्काल डिप्टी आरो निश्चल को मौके पर पहुंचकर जांच के निर्देश दिए परंतु ना वहां पर कोई खाद्यान्न विभाग का कर्मचारी जांच करने पहुंचा और वही खाद्यान्न माफिया गोदाम में रखें सरकारी खाद्यान्न चावल की बोरियों को वहां से हटा दिया गया और रात के अंधेरे में सरकारी चावल को प्लास्टिक की बोरियों में किए गए पैकिंग को भी रातों-रात गोदाम से अन्य जनपद भेजने का काम किया गया। जब इस विषय पर नारायण कमर्शियल सेंटर के फॉर्म स्वामी बबलू बाथम से इस विषय पर जानकारी की गई तो उन्होंने और अन्य व्यापारियों पर भी सरकारी चावल को खरीद कर इस तरह के काम करने के बारे में जानकारी दी कहा यह चावल सरकारी बोरियों में गल्ला मंडी में भारी मात्रा में किसान द्वारा लाया जाता है और वहां से हम व्यापारी प्राप्त कर गोदाम में ले जाकर अन्य प्लास्टिक की बोरियों में पैकिंग कर अन्य जनपदों में भेज कर यह कारोबार किया जाता है। जबकि सरकारी खाद्यान्न का चावल फोर्टीफाइड कर सरकारी बोरियों में पैक किया जाता है। और सरकारी दुकानों में भेज कर गरीबों को राहत के लिए कम दामों में उपलब्ध कराया जाता है। अगर नारायण कमर्शियल सेंटर के गोदाम की अगर जांच हो तो हजारों कुंतल सरकारी चावल प्राप्त होगा और चावल के सैंपल की जांच कर खुलासा होगा और कई चेहरे बेनकाब होंगे। क्योंकि सरकारी खाद्यान्न की तस्करी का सिंडिकेट बड़े पैमाने पर राजधानी में फैला हुआ नारायण कमर्शियल सेंटर की तरह कई ऐसे खाद्यान्न माफिया हैं जो यह कारोबार मुख्यमंत्री के नाक के नीचे बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। और अधिकारी हैं जो की जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई करने में कतरा रहे हैं। अब देखना यह होगा की इन खाद्यान्न माफियाओं पर कब करवाई होगी या फिर ऐसे ही गरीबों के सरकारी राशन की तस्करी डुका कारोबार फैलता रहेगा।

हाईकोर्ट का आदेश जल्द सड़क निर्माण कर न्यायालय को करें सूचित।

अयोध्या वाराणसी रेलमार्ग पर सजमपुर रेलवे क्रासिंग के बाएं भाग में लोक निर्माण विभाग द्वारा डामर रोड बनाया गया था जिसको ट्रैक दोहरीकरण व बाउंड्रीवॉल बनाते समय रेलवे विभाग द्वारा रोड के कइ हिस्से में कटिंग व ध्वस्तीकरण कर दिए यह मार्ग जाकर सजमपुर गांव के आबादी में जुड़ता था बीच में खड़ंजा तथा आबादी के बाद पुनः यह मार्ग जाकर एक और ग्रामसभा कराई में जुड़ता था जिससे दोनों गांव के लोगों का यह आवागमन का रास्ता था बाउंड्रीवॉल को इतना बेढ़ंगे तरीके से बनाया गया है कि आबादी से जुड़ने वाले स्थान पर दीवार तिरछा कर दिया गया है सकरा जगह बचने के कारण कोई भी कृषि यंत्र व तीन पहिया वाहन भी गांव में नहीं जा सकते हैं लगभग 2022 से पूरे गांव का मार्ग बाधित है इस संबंध में गांव वालों ने जिलाधिकारी से लेकर क्षेत्रीय विधायक तक गुहार लगाई परंतु कुछ भी कार्यवाही नहीं हुई गांव के ही एक नागरिक अंकित सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह ग्राम सजमपुर जनपद सुल्तानपुर ने उक्त समस्या को लेकर माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ में जाकर इस समस्या से संबंधित जनहित याचिका दायर किया इसके संबंध में दो जज की बेंच ने मार्ग से संबंधित आदेश दिया है कि उक्त मार्ग की संपूर्ण विवरण उपलब्ध काराए

तथा आवश्यक हो तो जल्द से जल्द नियमानुसार उक्त मार्ग का निर्माण कर न्यायालय को जबाब दे उक्त मामले में अधिवक्ता विजय बहादुर सिंह एवं आशुतोष सिंह ने याचिकाकर्ता की तरफ से बहस किए

संक्षिप्त ख़बरें

अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ 1अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा नाजायज शराब बनाने की भट्टी का भंडाफोड़ करते हुए एक अभियुक्त को 210 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा शराब बनाकर बिक्री करने वाले अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा रविवार को कुशवाह नगर मे भूरी सिंह कुशवाह के खाली पडे क्षतिग्रस्त मकान में एक व्यक्ति शराव की भट्टी लगाकर अवैध रूप से कच्ची शराब निकाल रहा है की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये अधबने मकान से अवैध कच्ची मिलावटी शराब बनाते हुये एक अभियुक्त योगेश उर्फ पेटसफा पुत्र रन्धौर सिंह निवासी नंगला मिर्जा बडा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को मय भारी मात्रा मे कच्ची देशी शराब व देशी शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से माल बरामदगी आधार पर विधिक कार्यवाही की गई है।

28 खीरी लोकसभा सीट पर अपनी प्रतिष्ठा बचा पाएंगे अजयमिश्रा टैनी,या पी डी ए देगा भाजापा को मात

● अंतरकलह और महंगाई, बेरोजगारी, किसान मुद्दों, तथा भितरघात से जूझ रहे माननीय

अपनी ही पार्टी के तीन-तीन विधायकों की नाराजगी ना पड़ जाए साहब को भारी

निघासन विधानसभा के शशांक वर्मा ,पलिया के हरविंदर सिंह उर्फ रोमी साहनी, गोला से अमन गिरी की माननीय से नाराजगी के चलते बनाए हैं चुनाव प्रचार से व बड़ी मंचों से दूरी होना तथा किसी मीटिंग में शामिल न होना भितरघात की आशंका को बल देने को काफीहै

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी लोकसभा चुनाव 2024 के महासंग्राम में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। इस महासंग्राम में मुख्य रूप से मुकाबला एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी और गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनीऔर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अंशय कालरा के बीच ही सिमटता नजर आ रहा है। बहुजन समाज पार्टी से अंशय कालरा के मैदान में आने से और तेजी से सक्रिय होने के चलते चुनावी गणितीय समीकरण को उलट कर रख दिया है। अंशय कालरा सिख समाज से होने के चलते उनको सिख समाज और किसानों का समर्थन तो मिल ही रहा है साथ ही साथ दलित समाज का भी अच्छा खासा वोट मिलने की संभावना है। दलित समाज के एक खास वर्ग का मत अंशय कालरा की ओर मोड़ने से सभी प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं। चुनावी रणनीतिकारों और विश्लेषकों की माने तो सिख समाज से बसपा प्रत्याशी होने से भाजपा प्रत्याशी की मुश्किलें जरूर बढ़ सकती हैं जिसका कहीं ना कहीं सीधा फायदा इंडिया गठबंधन को होता नजर आ रहा है इसके साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा को पीडीएफ फार्मूले का पूरा-पूरा लाभ मिलने के चलते सपा प्रत्याशी अच्छी खासी वह मजबूत स्थिति में दिखाई पड़ रहा है। 28 खीरी लोकसभा के सीट पर कांटे की टक्कर दिखाई पड़ रही है चुनावी जानकारी के अनुसार वर्तमान में मुख्य मुकाबला सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा के बीच होता दिखाई पड़ रहा है। वही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अंशय कालरा

मुकाबला को त्रिकोणीय बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत करते दिखाई पड़ रहे हैं।

तीन विधायक मंत्री जी से बताए जाते हैं नाराज,और बनाए हैं चुनाव प्रचार से दूरी

लोकसभा चुनाव का आगाज पूरे शबाब पर दिखाई पड़ रहा है ।प्रत्याशी व उसकी पार्टी के नेता समर्थक मतदाताओं को अपने प्रत्याशी के पाले में लाने को जहां जी जान एक किए हुए चुनावी विशात बिछाने में लगे हैं ।वही सत्तारूढ दल भाजपा के तीन-तीन विधायक अपने प्रत्याशी के चुनाव प्रचार से दूरी बनाए हुए दिखाई पड़ रहे हैं। यह सभी सत्ता रूढ़ दल भाजपा के वर्तमान विधायक हैं। चुनाव प्रचार व बड़ी चुनावी मंचों से दूरी बनाए विधायकों की बात करें तो गोला विधायक अमन गिरी, पलिया विधायक हरविंदर सिंह, उर्फ रोमी साहनी निघासन विधायक शशांक वर्मा के नाम चर्चा का विषय बने हैं। राजनीति के जानकारो के अनुसार उक्त विधायक किसी भी बड़ी मंच पर नजर आते नहीं दिखाई पड़ रहे और ना ही प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में ही दिखाई दे रहे हैं। इस सीट पर अपनों की नाराजगी से पार्टी जूझती दिखाई पड़ रही है। इसका कहीं न कहीं पार्टी प्रत्याशी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। चुनावी रणनीतिकारों और विश्लेषकों के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के मैदान में आने से

दलित वर्ग का एक बड़ा वोट बैंक भाजपा प्रत्याशी से कटता नजर आ रहा है। और किसान आंदोलन के समय घटित तिकोनिया हत्याकांड की घटना से नाराज सिख समाज के लोग और किसानों का एक बड़ा तबका भाजपा से किनारा करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की ओर जाता दिखाई

पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा की बात करें तो सजतीय कुर्मी बिरादरी व मुस्लिम मतदाताओं का एकमुश्त वोट मिलने के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के मिल रहे समर्थन के चलते इंडिया गठबंधन से सपा के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा काफी मजबूत स्थिति में दिखाई पड़ रहे हैं ।देखा जाए तो भाजपा के पुराने कार्यकर्ता पदाधिकारी समेत कई विधायक मुख्य भूमिका में नजर नहीं आ रहे हैं। बहुजन समाज के प्रत्याशी सिख समाज होने के नाते सिखों में भारी समर्थन व सेंध मारी होती दिखाई पड़ रही है। रणनीतिकार की माने तो भाजपा का समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी अंदर खाने भारी नुकसान का अनुमान लगा रहे हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी कड़ी मेहनत करके अपने मूल वोटो को वापस लाने का लगातार प्रयास करती नजर आ रही है, प्रयास कितना सार्थक होता है। यह तो समय के गर्भ में है। समाजवादी पार्टी गांव गांव नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में लगी है ।सभी प्रत्याशी वोटरों को लुभाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं ।कुल मिलाकर इस लोकतंत्र के महाकुंभ में आम जनता पूरी तरह से खामोश नजर आ रही है। वही दूर से ही चुनाव पर अपनी पहली नजर बनाए हुए देखना है कि ऊंट किस करवट बैठेगा। यह तो समय ही बताएगा।और 4जूनको मतगणना के बाद ही हो पायेगा क्लीयर कि किसके सिर पर बनेगा जीत का सेहरा और किसके हिस्से में आयेगी हार।

कब्जा करने की नियत से फसल नष्ट करने का लगाया आरोप

शाहाबाद हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया में दबंगों पर जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से खेत में खड़ी फसल नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है।पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया निवासी वीरपाल पुत्र दयाराम ने बताया वह संक्रमणीय भूमिधर किसान है। भूमि संख्या 38 उसकी भूमि है। उस पर वह फसल बोता और काटता है। गांव के दबंग बाबूराम ने उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने की नियत से उसकी फसल को नष्ट कर दिया। उसे मालूम हुआ तो वह विपक्षी के घर पूछने गया। विपक्षी ने अपने पुत्रों रामरहीस,अर्जुन और सौरभ के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया गाली देने से मना करने पर विपक्षी गण मारपीट पर आमादा हो गए। गांव वालों ने उसे बचाया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू की है।

संक्षिप्त ख़बरें

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाता को पैसे व धमकी देने पर होगी 1 साल की जेल और जुर्माना - डीएम

बस्ती। भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदान करने के लिए नकद या वस्तु रूप में कोई सामान देने या लेने पर 1 वर्ष तक की जेल की सजा तथा जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारी अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रा वामसी ने दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171ग के अनुसार कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या मतदाता को चोट लगने की धमकी देता है, तो उसे भी एक वर्ष के कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उड़नदस्ता रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरुद्ध मामले दर्ज कर के विधिक कार्रवाई करेंगे।

उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह किसी प्रकार का रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति उन्हें रिश्वत की पेशकश करता है या मतदाता को डराता या धमकाता है, तो ऐसे मामलों की जानकारी टोल फ्री नंबर 1950 पर दे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कंट्रोल रूम में स्थापित किया गया है। व्यय तथा आदर्श आचार संहिता संबंधित शिकायतों के लिए अलग से रजिस्टर भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम नंबर 05542-247132 है। टोल फ्री नंबर 1950 के अतिरिक्त व्यय शिकायत मॉनिटरिंग सेल का नंबर 8765923622 है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय वित्त सेवा के अधिकारी आर.एल. अरुण प्रसाद को 61-बस्ती संसदीय क्षेत्र का व्यय प्रेक्षक नामित किया है, जो 29 अप्रैल को जनपद में आ जाएंगे।

जमीनी विवाद में बेटी को पीटा, दलित विधवा मां ने एसपी से लगाया न्याय की गुहार

बस्ती- पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की परसा तकिया निवासिनी दलित विधवा सावित्री देवी पत्नी स्वर्गीय रामबेलास ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। पत्र में सावित्री देवी ने कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही अरूण पुत्र महेश, उसके रिश्तेदार बिट्टू उर्फ भोलू ने गत 24 अप्रैल को उसकी बेटी को घर में घुसकर मारा पीटा और गलत आशय से कपड़ा फाड़ दिया।उसके लड़की की आंख में चोट लगी, आंख से खून बहने लगा। घटना की लिखित सूचना पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष और एसपी को दिया गया, इससे नाराज होकर अरूण पुत्र महेश, उनके रिश्तेदार बिट्टू उर्फ भोलू, मीरा पत्नी महेश, रूबी पत्नी परवेश, आदित्य पुत्र परवेश, रूखी पुत्री महेश, प्रिया पुत्री महेश ने 26 अप्रैल को पुनः घर में घुसकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। उसकी बेटी का सिर फूट गया। गंभीर स्थिति में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां से उसे लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। उक्त लोगों ने घर में तोड़फोड कर काफी नुकसान कर दिया।एसपी को दिये पत्र में दलित विधवा सावित्री देवी ने अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाते हुये दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराते हुये कड़ी कार्रवाई की मांग किया है।

बरामदपुर जरियारी में लगी आग

अम्बेडकरनगर। रविवार दोपहर लगभग ढाई बजे महरुआ थाना क्षेत्र के बरामदपुर जरियारी में भूसे में लगी आग गनीमत रही की गेहूं की मडाई हो चुकी थी तथा उस एरिया में नुकसान होने की कोई फसल नहीं थी और सरसों की खूंटी को जलाने के लिए कल विजय कुमार सिंह ने सरसों की खूंटी जला रहे थे कि इस में से कहीं से चिंगारी बची थी जिससे रविवार को कटे हुए गेहूं की खूंटियों को पकड़ कर धीरे-धीरे सुलगते सुलगते आग विकराल रूप धारण कर ली। उसके बाद विजय कुमार सिंह के मडाई किए हुए भूसे मे आग लग गई। वहां पर ट्यूबवेल व नलकूप न होने के कारण लोगों को कड़ी मशक्कत उठानी पड़ी। इसके बाद थाना अध्यक्ष को सूचना दी गई थाना अध्यक्ष ने कंट्रोल रूम को सूचना देने के बाद कंट्रोल रूप ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड भीटी से बरामदपुर जरियारी जब तक आई आग पर काबू पाया तब तक भूसा लगभग जल चुका था लेकिन फायर ब्रिगेड वालों ने आग को बुझाया।

सीएमओ की जांच में दो डॉक्टर समेत नौ कर्मी मिले गैरहाजिर रोका वेतन

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में ग्रामीण अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जांचने के लिए सीएमओ डॉ. आरएस दुबे ने एक सीएचसी, दो पीएचसी और दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में खामियां मिली। दवा, सफाई का अभाव था, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। निरीक्षण में अनुपस्थित दो डॉक्टर समेत नौ कर्मियों का वेतन रोका गया। सीएमओ 12.30 बजे सीएचसी परशुरामपुर पहुंचे। ओपीडी की संख्या 63 थी। उपस्थिति पंजिका देखी, जिसमें दीपिका पाल, माधव मिश्रा, विवेक पांडेय, अरुण शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, अजय, सुमन वर्मा, दिनेश, परमात्मा, डॉ. अयूब खान अनुपस्थित मिले। जिनका वेतन रोका। इसके अलावा स्टाफ नर्स रूपा लक्ष्मी, संध्या, पूजा का वेतन रोका। सीएमओ ने बताया कि डिलेवरी रूम में एपिशिटमय ट्रे और डिलेवरी ट्रे स्टेलाज नहीं है। ड्रम भी स्टेलाज नहीं है और न ही रूम में पैड है। सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए सभी स्टाफ नर्स का पूरे माह का वेतन बाधित कर दिया। सीएमओ पीएचसी जगदीशपुर पहुंचे। जहां चिकित्साधिकारी डॉ. श्याम कृष्ण वैश्य और दो फार्मासिस्ट प्रतिकर अवकाश पर थे। यहां फार्मासिस्ट मिर्जा बेग ने 17 ओपीडी किया। ओपीडी की संख्या कम होने पर कड़ी नाराजगी जताई। इसके बाद सीएमओ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सुकरौली पांडेय पहुंचे। यहां सीएचओ नीरज कुमारी द्वारा सिर्फ दो टेली कंल्सटेंट किया गया था, जिसपर सीएमओ ने नाराजगी जताई। दवाओं का भी अभाव था। चेतावनी और वेतन रोका। इसके बाद सीएमओ पीएचसी सुकरौली पांडेय पहुंचे। यहां चिकित्साधिकारी डॉ. अमिता वर्मा अनुपस्थित मिलीं। उनका वेतन रोका। लापरवाही बरतने में फार्मासिस्ट विनोद कुमार गौतम का वेतन रोक दिया। सीएमओ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोहराएं पहुंचे। तीन दिन से सीएचओ ज्योति कौशल अनुपस्थित मिलीं, जिनका वेतन रोका गया।

गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों से अवगत करा रहे भाजपा नेता गयादीन सिंह भारती

स्वतंत्र प्रभात

टांडा अंबेडकरनगर। विधानसभा टांडा अंतर्गत दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान एवं चौपाल के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी रितेश पांडे के समर्थन में पूर्व प्रत्याशी लोकसभा वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर गयादीन सिंह भारती ने अपने दर्जनों साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के जनहित एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से मुखातिब करते हुए रितेश पांडे को भारी बहुमत से जीतने की पुरजोर अपील की डॉक्टर गयादीन सिंह भारती ने विधानसभा क्षेत्र के पूर्वी छोर के सेमौर खानपुर जैनुद्दीनपुर केवटला समसुद्दीन पुर व बहाउद्दीनपुर दौलतपुर शंकरपुर वर्गी निजामपुर अकबरपुर तरौली मुबारकपुर तिलकारपुर धौरहरा मुंडेरा नौरहनी रामपुर फतेहपुर रामपुर बेनीपुर लंगडी पृथ्वीपुर सोनहन साबुकपुर मोहम्मदपुर कटया गजन मुजाहिद पुर बनियानी आदि ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान के माध्यम से तथा जन चौपाल लगाकर सरकार की उपलब्धियां का बखान करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में 400 के पार तीसरी बार मोदी सरकार को वापस लाने के उद्देश्यों को जन जागरण करते हुए मिशन 2024 को फतह कर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी स्वच्छ छवि एवं इमानदार कर्मठ तथा लोकसभा में जनता की आवास को बुलंद करने वाले एवं सबके मौलिक अधिकारों की रक्षा न्याय एवं सुरक्षा दिलाने वाले रितेश पांडे को भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प दिलाया जनसंपर्क अभियान के दौरान डॉक्टर गयादीन सिंह भारती के साथ राम प्रकाश वर्मा सभाजीत वर्मा रामकुमार मौर्य मोहम्मद शोएब आलम जमाल अशरफ अंसारी एडवोकेट दीपक कुमार जायसवाल आनंद कुमार साह हरिश्चंद्र मौर्य श्याम सुंदर यादव ,संजय कुमार यादव विमलेश विश्वकर्मा, विद्याराम अभिषेक कुमार मौर्य दिनेश कुमार राजमणि गौतम अनिल कुमार मौर्य केशव राम वर्मा आदि लोगों द्वारा जनसंपर्क अभियान एवं चौपाल के माध्यम से मोदी मिशन पूरा कर 2024 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आवाहन किया।

स्कूल में मासूम बच्चे को पीटने एवं हाथ जलाने के प्रकरण में जांच कमेटी की गई गठित।

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। जिले के विकासखंड गौर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठौतिया साऊडीह थाना पैकोलिया अंतर्गत माध्यमिक कन्या विद्यालय कठौतिया साऊडीह में बच्चे को प्रधानाचार्या रुकैया अख्तर द्वारा पिटने एवं हाथ जलाने तथा प्रताड़ित करने के संबंध में बच्चे की मां निशा मौर्या पत्नी मनोज मौर्या ग्राम कपूरपुर ने बताया कि मैं शनिवार को अपने बच्चे अंकुर के साथ जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को मारपीट के संबंध में न्याय पाने के लिए आवेदन देकर आई हूं। क्योंकि मुझे न्याय स्थानीय स्तर पर नहीं मिल रहा था।

इस बारे में जब एसओ पैकोलिया रामफल चौरसिया से पूछा गया कि बच्चे के प्रकरण की जांच में क्या हो रहा है तो उन्होंने बताया इसकी जांच को मैं गंभीरता से लेते हुए जांच करके रिपोर्ट कप्तान को सौंपेंगे तथा इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी गौर ज्ञानेंद्र प्रसाद से जब पूछा गया कि विभागीय जांच में क्या हो रहा है तो उन्होंने बताया कि जिलास्तर से कमेटी घोषित की गई है इसी संबंध में बीएसए अनुप कुमार से जब बात की गई कि जांच में क्या हो रहा है तो उन्होंने बताया की जांच कमेटी गठित की गई है जिसमें सीडीपीओ एवं बीईओ इसकी जांच करेंगे और जल्द ही रिपोर्ट सौंपेंगे।

शहजादपुर कस्बे से बीती रात ट्रैक्टर चोरी, पुलिस गश्त पर खड़े हो रहे सवाल

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वाहन चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है।आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर कस्बे से अज्ञात चोरों ने बीती रात ट्रैक्टर को पार कर दिया है। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है आम जनमानस असुरक्षित महसूस कर रहा है। साथ ही पुलिस की सक्रियता और पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े हो रहे है। मामला शहजादपुर चौकी अंतर्गत शहजादपुर कस्बे का है। जहां पर पुलिस का पहरा भी रहता है। *अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत वर्ष 2024 में अभी तक लगभग एक दर्जन से अधिक चोरी का मुकदमा दर्ज है।* जिसमे महज तीन से चार ही घटना का खुलासा अब तक पुलिस कर पाई है। शहजादपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह रघुवंशी से वार्ता करने उन्होंने बताया अज्ञात के खिलाफ वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है वाहन स्वामी के साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इब्राहिमपुर तक ट्रैक्टर को खोजते हुए गए थे शाम हो गई लेकिन अभी सफलता नही मिल पाई है।

स्कॉर्पियो के चपेट में आने से बाइक सवार एक की मौत दो गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में शनिवार की सुबह में बारात आए एक बाइक पर सवार तीन युवक स्कॉर्पियो की चपेट में आने गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल युवकों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जिसमें एक युवक अभय को मृत घोषित कर दिया। घायलों की पहचान गौर थानाक्षेत्र के धधरिया बेलवरिया जंगल निवासी के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर परिजन भी पहुंच गए थे।

घटना शनिवार की भोर में 4 बजे के करीब अयोध्या-बस्ती हाईवे पर कप्तानगंज चौराहे की है। बताया जाता है रैकवार कुसुम भीटी गांव में गौर थानाक्षेत्र के धधरिया बेलवरिया जंगल से बारात आई थी। भोर में बाइक सवार तीन युवक कप्तानगंज चौराहे पर बस्ती से लखनऊ जा रही स्कॉर्पियो की चपेट में आ गए। बाइक से टकराने के बाद स्कॉर्पियो दूसरे लेन में चली गई। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सीएचसी फिर जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान अभय (21) पुत्र दुर्गा प्रसाद, अरुण (19) पुत्र श्याम सुंदर, रवि पुत्र सुरेंद्र निवासी धधरिया बेलवरिया जंगल थाना गौर के रूप में हुई। तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जिसमें से अभय की रास्ते में मौत हो गई। रवि की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, बाइक सवार अभय कुमार दो भाइयों में छोटा था।

नवीन परती भूमि पर भू माफियाओं का कब्जा; संबंधित अधिकारी बने अनजान।

● ग्राम प्रधान और लेखपाल से मिली भगत करके भूमाफिया ने कब्जाई करोड़ों की नवीन परती के नाम दर्ज कागजात सरकारी भूमि।

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जहां सरकार एक तरफ गांवों के चौहुमुखी विकास के लिए नवीन परती की जमीनों पर ग्राम समाज की जमीनों पर आबादी की जमीनों पर जिस पर सरकार की तमाम योजनाएं आती है और चली जाती हैं और अधिकारी और प्रधान लोगों के सगे संबंधि बनने के चक्कर में सरकारी जमीनों की खरीद फरोख्त करते भू माफियाओं ये विरोध नही करते और सरकारी नुमाइंदे कोई करवाही तक नही करते हैं और सरकार की योजनाएं धरी धरी रह जाती हैं जिससे सरकार की योजनाएं नही दिखती है और सरकार की छवि धूमिल होती हैं ।यहां तक की नवीन परती पर कई सरकारी कार्यालय के निर्माण होने थे किंतु भूमि पर भू माफियाओं के कब्जा के चलते मानो छेत्र से विकास गायब सा हो गया है। ऐसा चर्चा में अक्सर सुनाई देता है कि प्रधान और लेखपाल ही गांव के भगवान होते हैं और ये जैसा चाहे वैसा करते हैं इनकी लीला के आगे किसी की नही चलती इनका जो भजन कीर्तन करते हैं और चढ़ावा चढ़ाते है उनकी हार मनोकामना पूरी होती है। आखिर भगवान की मर्जी के आगे किसकी चलती है पिछली बरसात एक गरीब विधवा महिला का मकान गिर गया था वह महिला पता नहीं कितने ख्यालों के चक्कर काटती रहे किंतु उसको कहीं से राहत के नाम पर आश्वासन तक नहीं मिला शायद उसको यह पता नहीं था कि बिना चढ़ावा के कुछ नहीं मिलता भगवान की मिली भगत के चलते नवीन परती की भूमि पर भू माफिया का कब्जा लगातार बनता चला जा रहा है इतना ही नहीं लाखों रुपए में बेची जा रही है नवीन परती और आबादी की जमीन।ऐसा ही एक मामला जिला लखीमपुर खीरी पलिया देहात अजीत नगर का सामने आ रहा है देश में पतिहन रोड पर लगभग 40 फिट चौड़ी 150 फिट गहरी भूमि जिसकी आज बाजार की कीमत लगभाग तीन लाख रुपए फीट यानी कि एक करोड़ चौदह लाख की जमीन है। वहां पर तमाम धन्ना सेठ प्रधान लेखपाल की मिली भगत से जमीनों पर कब्जा कर लगातार अवैध निर्माण कर रहे हैं और संबंधित प्रशासन कर रहा है शिकायती पत्र का इंतजार।

गांव के जितने जमीनों पर कब्जा है वहां पर की जमीन कब्जा मुक्त कर दी जाए तो कई सरकारी कार्यालय स्कूल पार्क सामुदायिक शौचालय बच्चों के खेल मैदान आदि जैसी कई योजनाएं लाई जा सकती हैं।

प्रान एकाउंट में ट्रांसफर कराएं एनपीएस की ग्रांट- संजय द्विवेदी

● संयुक्त शिक्षा निदेशक से मिला माध्यमिक शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी के नेतृत्व में संयुक्त शिक्षा निदेशक ओम प्रकाश मिश्रा से मिला। श्री द्विवेदी ने बताया कि एनपीएस से आच्छादित कर्मचारियों का राज्यांश का बजट आने के वावजूद भी प्रान एकाउन्ट मार्च 2023 से अपटेड नहीं है। जिससे शिक्षकों को भारी आर्थिक हानि हो रही है।

उन्होंने बताया कि बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर जनपद में आउटसोर्सिंग से तैनात 278 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तैनाती के बाद से ही मानदेय भुगतान नहीं हो पाया है, जिससे वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवशेष पेंशन, जीपीएफ, के प्रकरण का निस्तारण कराया जाय। गैर जनपद में स्थानान्तरण के इच्छुक शिक्षकों के स्थानान्तरण पत्रावली पर एनओसी प्रदान किये जाने हेतु बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश प्रदान किया जाए।बातचीत के दौरान सीहटीकर के प्रबंध संचालक के कार्य व्यवहार की भी शिकायत की गई। बेलहर के चयन वेतनमान व मृतक आश्रित के प्रकरण का निस्तारण करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, अनिरूद्ध त्रिपाठी, गुलाब चंद्र मौर्य, अरुण कुमार मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, महेश राम, राम विलास चौधरी गिरिजानंद यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

संयुक्त शिक्षा निदेशक ओम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि एनपीएस व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय की ग्रांट आ गई है जिसका भुगतान कराने के जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश प्रदान किया गया है। पेंशन जीपीएफ के शेष प्रकरण का भुगतान एक सप्ताह में कर दिया जाएगा।

पत्नी मायके से न आई तो पति ने फांसी लगाकर दी जान

●- 6 माह से पत्नी है अपने मायके में,तीन बच्चों के साथ

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। पत्नी के मायके से वापस ना आने पर पति बहुत ही नाराज रहा है क्योंकि लगभग 6 माह से पत्नी अपने पति से झगड़ा करके मायके चली गई थी तब से अभी तक वापस नहीं आई है जिसको लेकर तनाव में पति रहता था।

मामला गिरवा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ोखर बुजुर्ग का है जहां के रहने वाले रजवा खेंगर का 40 वर्षीय पुत्र राजू ने रविवार को बांदा नरैनी राज्य मार्ग किनारे लगे बरगद के पेड़ में एक कपड़े से दोपहर 12 बजे फांसी पर झूल गया है जिसको जब गांव के लोगों ने देखा तो उसकी सूचना मृतक के जहर वालों को दी गई है। वहीं मृतक पुत्र अर्जुन ने बताया की मेरी मम्मी पापा से झगड़ा करके 6 माह पहले अपने मायके चली गई थी और साथ में दोनो बहने और एक भाई को भी साथ ले गई थी वहीं मृतक के पत्नी का मायका मध्य प्रदेश के सतना जिले में है वहीं पत्नी रेखा अपने मृतक पति से परेशान थी क्योंकि मृतक शुरू से शराब का लती था जिसने शराब पीता था वहीं पुत्र ने यह भी बताया की पापा मेरे और अपने लिए घर में खाना बनाकर रख दिया था और कहा था कि मैं आकर खाना खाता हूं। और इसके बाद मालुम चला की पापा ने फांसी लगा ली है वहीं इसकी सूचना गिरवा पुलिस को दी गई है शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया है।

हरीश द्विवेदी के नामांकन की तैयारियों में जुटे भाजपा कार्यकर्ता, 1 मई को करेंगे पर्चा दाखिला

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती- बस्ती जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सातवें चरण में 25 मई को होना है। लगभग सभी पार्टियों के प्रत्याशी घोषित हो चुके है। भाजपा के टिकट पर सांसद हरीश द्विवेदी एक बार फिर बस्ती से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे है। उनके नामांकन की तैयारियों में भाजपा जुट गई है। भाजपा कार्यालय पर डंडा झन्डा सहित अन्य प्रचार सामग्री की व्यवस्थाओ में भाजपा कार्यकर्ता लगे हुए है। भाजपा नेता अमृत कुमार वर्मा ने बताया की 1 मई को भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी अपना नामांकन करेंगे। हर बार के नामांकन से इस बार एतिहासिक पर्चा दाखिला होने जा रहा है। कई बड़े चेहरे भी इस नामांकन में शामिल हो रहे है जिसमे केन्द्रीय मन्त्री अनुराग ठाकुर, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सहित अन्य प्रदेशो से भाजपा के बड़े नेता सम्मलित होने आ रहे है।सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा पुरे लोकसभा क्षेत्र के हर बूथ से कार्यकर्ता इस नामांकन में सम्मलित होने आ रहे है।

अन्ना प्रथा के खात्मे को अनूठी पहल

बांदा। अन्ना प्रथा बुंदेलखंड के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। हालांकि सरकार के द्वारा गौवंशों को संरक्षित करने के लिए गौशालाओं का संचालन किया गया है, बावजूद इसके गौवंशों का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। अक्सर मुख्य मार्गों में खड़े गौवंश को कुचलकर वाहन चालक निकल जा रहे हैं। ऐसे में कृषि विश्वविद्यालय ने अनूठी पहल की है, इससे अन्ना प्रथा को खत्म किया जा सकता है। कृषि विश्वविद्यालय ने बुंदेलखंड क्षेत्र के अनुत्पादक स्वदेशी मवेशियों के संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती इनपुट उत्पादन नामक एक इन हाउस परियोजना प्रारंभ करने की पहल की है। इसके तहत स्थानीय पशु नस्लों का उन्नतिकरण कर प्राकृतिक चरागाहों का विकास किया जाएगा। इससे किसानों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। किसानों का भी यही कहना है कि अन्ना प्रथा खत्म हो जाएगी तो उनकी तमाम परेशानियां खत्म हो जाएंगी और फसलें भी खेतों पर सुरक्षित रहेंगी।

बबेरू विधायक के स्टार प्रचारक बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

बबेरू/बांदा। बबेरू विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक विशंभर सिंह यादव को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर किया। रविवार को पार्टी के प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव के द्वारा जारी की गई स्टार प्रचारकों की सूची में सपा विधायक विशंभर सिंह यादव को भी शामिल किया गया है, जिस पर पार्टी के पदाधिकारी विधानसभा अध्यक्ष लाखन निषाद छेदी लाल गुप्ता अखिलेश पाल पुत्तन सिंह ज्ञान सिंह यादव आदि लोगो स्टार प्रचारक बनाये जाने पर बधाई दी है।

संतान न होने से दुखी महिला ने फांसी लगाकर दी जान

बांदा। संतान न होने से दुखी महिला ने मायके मे कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मटौध थाना क्षेत्र के हरदोनी गांव निवासी 32 वर्षीय स्मृता पत्नी धीरेद्र सिंह छह दिन पहले अपने मायके मटौध आई थी। शनिवार की रात उसने कमरे के अंदर पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। सुबह पिता अमान सिंह ने बेटी का शव फंदे से लटकता देखा तो वह चीख पड़ा। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के जेठ जितेद्र सिंह ने बताया कि स्मृता की शादी दस वर्ष पहले हुई थी। उसके संतान नही थी। इसी से वह परेशान रहती थी। इसका इलाज भी कराया गया। लेकिन कामयाबी नही मिली। मृतका का पति अमलोखर गांव स्थित विद्यालय में परिचारक के पद पर तैनात है।

संक्षिप्त ख़बरें

आरएसपीएल ने सौ चौराहों को सीसीटीवी से किया लैस

सीसीटीवी से कमिश्नरेट पुलिस को मिल रही है बड़ी सफलता क्राइम करके भागना हो रहा है मुश्किल।

कानपुर। घड़ी डिटर्जेंट निर्माता कंपनी आरएसपीएल ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत त्रिनेत्र एम्बैस्डर द्वारा लिए गए 100 वें चौराहों को गोद लेकर कैमरों से लैस किया गया है। ऑपरेशन त्रिनेत्र में लगे कैमरों से सुरक्षा के नियमों का पालन करने, ट्रैफिक नियमों का पालन और अन्य सुरक्षा उपाय में काफी मदद मिल रही है। कैमरों के इस्तेमाल से चौराहों की सुरक्षा में वृद्धि हुई है। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र

एम्बेसडर प्रोग्राम के अन्तर्गत विभिन्न सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों द्वारा कानपुर शहर वासियों की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग देने हेतु शहर के प्रमुख तिराहों एवं चौराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराने से सम्बन्धित सहमति पत्र प्रदान किया गया था ।

आरएसपीएल कम्पनी के त्रिनेत्र एम्बैस्डर सुशील बाजपेयी द्वारा गोद लिए गए रजिस्ट्री ऑफिस चौराहे को कैमरों से लैस किया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्र में लगे कैमरों से सुरक्षा के नियमों का पालन करने, ट्रैफिक नियमों का पालन और अन्य सुरक्षा उपाय में लगातार मदद मिल रही है।

अमित शाह ने दिये कानपुर बुंदेलखंड के नेताओं को गुरू मंत्र

हर बूथ को मजबूत करने की दी नसीहत, बड़े नेताओं से बूथ सम्हालने और वोट निकलवाने को दिया निर्देश।

कानपुर। इटावा - मैनपुरी में जन सभाओं को सम्बोधित करने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम कानपुर पहुंचे। और कानपुर बुंदेलखंड की बैठक को सम्बोधित करते हुए। चुनावी तैयारियों का जायजा लिया।

गृह मंत्री अमित शाह का हैलीकॉप्टर आज पुलिस लाइन कानपुर में उतरा जहां कानपुर के भारतीय जनता पार्टी के सभी नेताओं पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह सीधे कानपुर बुंदेलखंड कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि हर बूथ को मजबूत करने की जिम्मेदारी बड़े नेताओं को सम्हालनी होगी। अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह वोट घर से निकलवाने की कोशिश में जुटें। क्यों का यदि वोट प्रतिशत गिरा तो यह उचित नहीं है। केन्द्रीय गृह मंत्री का स्वागत करने वालों में, भारतीय जनता पार्टी अकबरपुर और कानपुर के प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले तथा रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक अभिजीत सांगा, विधायक महेश त्रिवेदी, व अन्य नेता उपस्थित थे।

अधर में लटका हरौनी ओवर ब्रिज का काम

बड़ौदा हाउस से सैम्पलिंग की रिपोर्ट लटकने से रुका है कार्य

लखनऊ। बन्थरा क्षेत्र के बनी मोहान मार्ग पर स्थित हरौनी रेलवे क्रासिंग पर बन रहे फ्लाई ओवरब्रिज का काम अधर में लटकता दिख रहा है। जहाँ एक ओर बाकी सब पुल का निर्माण तो हो चुका है वहीं दो पिलर के लिए गढ्ढे लगभग एक माह से खुदे पड़े हैं जिससे आम जनता को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है वहीं पुल बनाने वाले कर्मचारियों का कहना है कि जब तक बड़ौदा हाउस से सैम्पलिंग की रिपोर्ट नहीं आयेगी तब तक काम रूका रहेगा। पुल के नीचे दोनों ओर अभी तक सर्विस लेन भी लोकनिर्माण विभाग द्वारा नही बनाई जा रही है पुल का निर्माण अधर में लटकने से जनता को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है जबकि डीएम के आदेश के मुताबिक महज़ दो महीने के लिए रास्ता बंद करने के लिए आदेश जारी किया गया था लेकिन पिलर न बन पाने से काम अधर में लटका हुआ है।

सांगा का साथ मिलने से भोले को होगा फायदा

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। विधायक अभिजीत सांगा हाईकमान का आदेश मिलते ही अकबरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह भोले के समर्थन में उतर आए हैं। दोनों नेताओं ने अभी तक एक दूसरे से दूरी बनाए रखी थी। लेकिन अब एक ही मंच पर दिखेंगे।

अभिजीत सांगा कानपुर की बिठूर विधानसभा सीट से विधायक हैं और अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय भी हैं। सांगा केन्द्र की राजनीति में उतरने के लिए अकबरपुर से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे। और उन्होंने चुनाव की घोषणा होने से पहले ही अपनी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दीं थीं। युवा वर्ग बहुत ही बड़ी संख्या में सांगा के साथ है। उन्होंने कई बार अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन किया और लोगों से जनसंपर्क करना शुरू कर दिया था।

देवेन्द्र सिंह भोले अकबरपुर से सांसद थे और इस बार भी टिकट की लाइन में थे। उन्होंने विधायक सांगा के ऊपर कटाक्ष कर बोला था कि %मैं मुंगेरीलाल के हसीन सपने % नहीं देखता और टिकट मेरी जेब में है। इसके बाद देवेन्द्र सिंह भोले को टिकट मिल भी गया। लेकिन विधायक सांगा का साथ न मिलना देवेन्द्र सिंह भोले के लिए कमजोर कड़ी साबित हो रहा था और वह दूर-दूर दिखाई दे रहे थे।

ख़बर है भाजपा हाई कमान ने विधायक अभिजीत सांगा को देवेन्द्र सिंह भोले का साथ देने का आदेश दिया और सांगा ने पिछली सभी कड़वाहट को भुलाकर साथ देने का एलान कर दिया। बिठूर विधायक अभिजीत सांगा के साथ आ जाने से बिठूर विधानसभा क्षेत्र में देवेन्द्र सिंह भोले को अच्छी बढ़त मिल सकती है। क्यों कि अभिजीत सांगा बिठूर और अकबरपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हैं। अभिजीत सांगा को हर वर्ग का समर्थन है और वह लगातार दो बार से बिठूर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर व्यापार, खेती

● रोकथाम को जिम्मेदार महमूदाबाद तहसील प्रशासन बना अनजान

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद-सीतापुर शत्रु संपत्तियों का लेखा-जोखा रखने से लेकर उसकी निगरानी तक में तहसील प्रशासन विफल साबित हो रहा है। तहसील प्रशासन की इसी शिथिल कार्यप्रणाली के चलते ही अवैध कब्जे में फसी शत्रु संपत्तियों पर अतिक्रमण के साथ ही खेती किसानी का कार्य भी बेखौफ तरीके से चल रहा है।

महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के वार्ड शहजानी में करीब डेढ़ साल पूर्व शत्रु संपत्ति पर मकान बना लेने की शिकायत पर ढहाने की कार्रवाई भी हुई थी। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र में आने वाली बरदही बाज़ार, लखपेड़ा बाग समेत तहसील क्षेत्र के विभिन्न जगहों में तमाम भू संपत्ति व खाली ज़मीन शत्रु संपत्तियों में दर्ज है। उनकी देखभाल व निगरानी में बढ़ती जा रही उदासीनता व उपेक्षा के चलते गांव क्षेत्र की इन कृषि योग्य जमीनों पर कब्जा कर लोगों ने अवैध अतिक्रमण के साथ ही खेती किसानी करना भी शुरू कर दिया है। लखपेड़ा बाग और नगर की बरदाही बाज़ार जो कि अभिलेखों में दर्ज शत्रु संपत्ति है। इस पर काफी अतिक्रमण है। हैरत कि बात तो यह है कि बेखौफ लोग यहां मवेशियों की ख़रीद फिरोक्त करते हैं। ऐसे कई अन्य स्थानों पर खाली पड़ी शत्रु संपत्ति की जमीन पर भी बीते कई सालों से खेती की जा रही है। जबकि शहजानी मोहल्ले में खाली जमीनों पर कब्जे करने का काम तेजी से हो रहे है। हालांकि कुछ मा पूर्व तत्कालीन एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया था कि शत्रु संपत्ति में दर्ज भू संपत्तियों व जमीनों का सर्वे कार्य चल रहा है। इसके पूरा होते ही विस्तृत जानकारी के साथ ही अवैध कबजेदारों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई तय होगी।

सीबीआई ने भी मांगे थे अभिलेख

पुलिस निरीक्षक सीबीआई एसीबी लखनऊ अमित कुमार की ओर से शत्रु संपत्ति के ऐसे खाता संख्या का विवरण भी प्रशासन से तलब किया गया था, जिन्हें पट्टे पर दिया गया है। सूचना में ऐसी संपत्ति को पट्टे पर देने के लिए वार्षिक किराए के निर्धारण के नियम व प्रावधान के साथ ही शत्रु संपत्तियों से प्राप्त आय का भी लेखा-जोखा मांगा गया था। जिला प्रशासन ने इसे लेकर शत्रु संपत्ति मामले की सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे अधिवक्ता अजीत चंद्रा से भी राय मांगी थी।

डेढ़ वर्ष पूर्व केंद्र से जारी निर्देश, अनुपालन अब तक नहीं

जिले में शत्रु संपत्ति के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की सीईपीआई (भारत के लिए शत्रु संपत्ति का संरक्षक- कस्टोडियन ऑफ इनेमी प्रॉपर्टी फॉर इंडिया) 10 मई 2022 को निर्देश दिए थे कि कृषि योग्य एवं खाली जमीनों को कब्जा मुक्त करें। पुलिस या अन्य किसी सरकारी विभाग के प्रयोग में लाई जाने वाली शत्रु संपत्ति के संबंध में प्रस्ताव भेजें।

जिम्मेदारों के नहीं उठते फोन

मामले को लेकर जब एसडीएम शिखा शुक्ला को फोन किया गया तो उनका सीयूजी नंबर नहीं उठा। जिसके बाद तहसीलदार सुरभि रॉय के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो उनका भी फोन नहीं उठा। हलांकि तहसीलदार का फोन तो यादाकादी उठता है। मगर एसडीएम तो फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझती। इससे पहले भी बंजर की भूमि पर कब्जा कर फसल काटने को लेकर रिकवरी के लिए उपजिलाधिकारी को फोन किया गया था। उस वक्त भी उनका फोन नहीं उठा था।

साइबर ठगों से एक लाख तेईस हजार वापस कराए

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कमिश्नरेट कानपुर नगर के डीसीपी साइबर क्राइम की साइबर सेल ने लोगों के 1,23,241 रूपये वापस कराने की सफलता हासिल की है।

दक्षिण जोन की साइबर सेल टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए साइबर ठगी के शिकार हुये लोगों के बैंक एकाउंट से कटे हुये पैसे को वापस पीड़ित को दिलाये हैं। अलग-अलग ढंग से लोगों के बैंक खातों को खाली करने वाले साइबर अपराधियों से चारक दम चलकर पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की टीम ने पुलिस उपायुक्त दक्षिण व अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणके निर्देशन में उन शातिर अपराधियों से ठगी हुई रकम वापिस करा दी।

साइबर सेल जोन दक्षिण द्वारास राहनीय कार्य करते हुये साइबर ठगी के शिकार हुये लोगों के बैंक एकाउंट से कटे हुये पैसे को वापस पीड़ित को दिलाया गया है जिनका विवरण निम्नलिखित है। प्रदीप कुमार निवासी सेन पश्चिम पारा कानपुर नगर के खाता से 25,000/- रूपये का फ्रॉड हो जाने पर वह साइबर सेल दक्षिण जोन आकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। जिस शिकायत पर साइबर सेल दक्षिण जोन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये वादी का पूरा पैसा वापस कराया गया।

प्रेम कुमार निवासी हनुमन्त विहार कानपुर नगर के क्रेडिट कार्ड से 48,241 /- रूपये का फ्रॉड हो जाने वह साइबर सेल दक्षिण जोन आकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई , शिकायत पर साइबर सेल दक्षिण जोन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये वादी का पूरा पैसा वापस कराया गया।

शिव शरन निवासी गोविन्द नगर कानपुर नगर के खाते से 50,000/- रू0 फ्रॉड हो जाने पर वह साइबर सेल दक्षिण जोन आकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई शिकायत पर साइबर सेल दक्षिण जोन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी का पूरा पैसा वापस कराया गया।

साल के अंत तक किसानों के कर्ज माफ होंगे: आनंद भदौरिया

●सपा प्रत्याशी की कस्ता विधान सभा क्षेत्र में हुई जन सभाएं

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर। भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती आर रही है। मोदी सरकार में जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उसे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है। भाजपा सरकार में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। इस बार केंद्र में सपा-कांग्रेस गठबंधन की सरकार का बनना तय है। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने रविवार को कस्ता विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जन सभाओं को संबांधित करते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर रखते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साफ किया है कि केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने पर सभी किसानों के कर्ज साल के अंत तक माफ कर दिए जाएंगे। छोटे और सीमांत किसानों को पांच हजार रुपए की मासिक पेंशन दी जाएगी। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा।

बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाएं इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। सपा प्रत्याशी कस्ता क्षेत्र के औरंगाबाद कस्बा सहित चौगाना, रहजनिया, इटारा, कैमहरा, खुर्रम नगर, दखियादेवी, ओलरापुर, ढाखा, भवानीगंज, नकारा आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित किया।

जन सभाओं को संबोधित करते हुए विधान परिषद के पूर्व सदस्य शशांक यादव, पूर्व विधायक सुनील लाला, कस्ता विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव आदि वक्ताओं ने सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। सभाओं को राम जीवन यादव, अजय सिंह, तृप्ति अवस्थी, अनुराग त्रिवेदी, लकी सिंह, हेमंत भार्गव, अबरार मंसूरी, मंजू यादव, विनय अग्निहोत्री, कालीचरण यादव, राम खेलावन बाजपेयी, उमा शंकर वर्मा, राहुल सिंह, यश मोहन वर्मा, प्रवीण यादव, शुचेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में सपा समर्थक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

जेल में केजरीवाल पत्नि सुनीता ने संभाली कमान

स्वतंत्र प्रभात

एसडी सेठी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड जेल के अंदर और बाहर पत्नि सुनीता केजरीवाल ने राजनीति अखाडे में ताल ठोक दी है। सुनीता ने लोकसभा चुनाव की कमान संभाल ली है। इसी पहल के तहत उन्होंने आम आदमी पार्टी के पूर्वी दिल्ली उम्मीदवार के समर्थन में विशाल रोड शो किया। सुनीता ने इस दौरान कोंडली लोकसभा इलाके में पार्टी समर्थकों कार्यकर्ताओ के साथ बातचीत की और उनका हौंसला बडाया। रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल अपनी गाडी के छत के कटे रास्ते बाहर खडी होकर मतदाताओ का हाथ जोडकर अभिवादन स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाले ,मनी लॉन्डिरिंग मामले में दिल्ली सीएम तिहाड जेल में हिरासत में है। उनकी अनुपस्थित में सुनीता केजरीवाल ने राजनितिक गतिविधियों के तहत पार्टी का चेहरा बनकर उभरी है।यह रोड शो दिल्ली में सुनीता केजरीवाल की पहली आधिकारिक सभा है। सभा को संबोधित करते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा कि मेरे पति अरविंद केजरीवाल को पिछले एक महीने से जेल में बंद किया हुआ है। हालांकि अदालत ने उन्हें दोषी करार नहीं किया है। जांच जारी है।अगर जांच 10 साल तक चलेगी तो क्या उन्हें 10 साल तक जेल में रखा जाएगा। ये तानाशाही है। सीएम केजरीवाल 22 साल से शुगर पेशेंट है। 12 साल से इंसुलिन पर है।जेल में उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है।क्या वे अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते है। उनकी आखिर गलती क्या है? उनकी खता ये है कि उन्होने स्कूल बनवाए, मुफ्त बिजली, पानी के अलावा मौहल्ला क्लिनिक खोले। उन्होने जनता का अहवाहन किया कि 25 मई को तानाशाही हटाने और लोकतंत्र बचाने के लिए वोट करेगे।हम साथ मिलकर लगेंगे और जितेंगे।

गुजैनी पुलिस ने पांच किलो चरस सहित महिला को पकड़ा

● कानपुर शहर में महिलाओं के द्वारा बेचे जा रहे हैं नशीले पदार्थ कमिश्नरेट पुलिस ने छेड़ा है पूरे शहर में नशे के खिलाफ अभियान

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कमिश्नरेट पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान छेड़ते हुए थाना गुजैनी कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आज 5 किलो 154 ग्राम नाजायज चरस के साथ अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है।

ज्ञातव्य है कि कानपुर शहर में नशीले पदार्थों का एक बहुत बड़ा रैकेट काम कर रहा है और कमिश्नरेट पुलिस ने इसके सफाये के लिए कमर कस ली है। अभियुक्ता के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग दर्ज विधिक कार्यवाही की गई है पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान व आगामी लोकसभा चुनाव व आदर्श आचार संहिता व उच्चाधिकारी गणों के आदेशों निर्देशो के क्रम में पुलिस उपायुक्त साउथ महोदय व अपर पुलिस उपायुक्त साउथ के निर्देशन में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के निकट पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में दिनांक 28 अप्रैल को उपनिरीक्षक संदीप सिंह थाना गुजैनी मय हमराही पुलिस टीम द्वारा बर्रा 8 रोड पर बसंत पेट्रोल पंप से थोडा आगे चौकी क्षेत्र गुजैनी थाना गुजैनी कानपुर नगर से एक नफर अभियुक्ता बदन्नो उर्फ रचना पत्नी अमर गेहार निवासी सूर्य विहार केसा कॉलोनी थाना नवाब गंज कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष को मादक पदार्थ की बिक्री करते समय गिरफ्तार कर किया गया।व अभियुक्ता के कब्जे से कुल 5 किलो 154 ग्राम चरस नाजायज बरामद किया गया।

डंफर चालक ने दबंग युवक पर लगाया डंफर रोककर जबरन वसूली का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। पुलिस आयुक्त लखनऊ को शुभम कुमार रावत जो अनुसूचित जाति पासी है ने आरोप लगाया है कि संतोष यादव ग्राम कासिम खेड़ा थाना बंथरा लखनऊ जो पीड़ित को भली-भांति जानते व पहचानते हैं 30 मार्च 2024 को समय लगभग रात्रि 11:00 बजे पीड़ित द्वारा किराए पर लेकर चलवाया जा रहा डम्फर वाहन संख्या यूपी-78 एन 4818 को लेकर बिजनौर से वापस आ रहा था जैसे ही दुबई खेड़ा थाना बंथरा लखनऊ के पास पहुंचा तो वहां पर संतोष यादव ने अपनी स्कॉर्पियो को बीच रोड़ पर खड़ा करके, डंपर को जबरन रुकवा लिया तथा पीड़ित से कहा गया कि वह बिना संतोष यादव की अनुमति लिए, इस क्षेत्र में मिट्टी धुलाई का कार्य करने का टैक्स क्यों नहीं दे रहा है। पीड़ित ने संतोष यादव से कहा कि वह बंथरा से मिट्टी लेकर बिजनौर गया था वहीं से वापस आ रहा है, कोई भी खनन कार्य नहीं किया जा रहा है।

मात्र मिट्टी की धुलाई का कार्य किया जाता है, तो किस बात का हफ्ता दें । इतनी बात पर संतोष यादव एवं उसके 5-6 अज्ञात साथियों ने सार्वजनिक स्थान के मुख्य मार्ग पर लोगों के सामने पीड़ित को मां बहन की गाली देते हुए कहा कि साले पासी की जात तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई बिना हफ्ता दिए, हमारे इलाके में मिट्टी ढुलाई का काम कर रहे हो तो ?10000/-रुपये महीना हमारे पास जमा करना पड़ेगा नहीं तो जान से मरवा दूंगा। पीड़ित ने जब गाली गलौज का विरोध किया तो संतोष यादव सहित उसके साथ 5-6 अज्ञात लोगों द्वारा पीड़ित और उसके ड्राइवर को लातघूसों से मारना शुरू कर दिया था तथा कहा गया कि यदि उनके क्षेत्र में मिट्टी धुलाई का काम करना है तो मू0-10000/- रुपये प्रतिमाह हमारे पास जमा कर देना, उसके बाद ही अपना वाहन रोड पर चलाना नहीं तो हम तुम्हें जिंदा जलाकर, जान से मरवा देंगे यह की शोर शराबा सुनकर वहां पर कई लोग एकत्रित हो गए उन लोगों में से प्रसून शुक्ला, शिवम, मनोज व अन्य अज्ञात लोगों द्वारा बीच बचाव कर प्राणों की रक्षा की गई यह की संतोष यादव एवं उनके साथियों द्वारा मेरा पर्स छीन लिया, जिसमें प्रार्थी के ?-3000/- रुपये आधार कार्ड, पैन कार्ड, आदि कीमती दस्तावेज लूट लिये। जिसकी शिकायत दर्ज न करके थाना बन्थरा से भगा दिया गया।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी टॉपर प्राची निगम से की बात

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद, सीतापुर हाईस्कूल की यूपी टापर सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज महमूदाबाद की छात्रा प्राची निगम को बधाई देने का सिलसिला लगातार चल रहा है। शनिवार की शाम छह बजकर 39 मिनट पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने यूपी टापर प्राची निगम के पिता चंद्र प्रकाश निगम के मोबाइल नंबर पर काल की। प्रियंका गांधी ने प्राची निगम को यूपी टाप करने पर बधाई देते हुए साहस और धैर्य से काम लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तुम्हें घबराना नहीं है, जो लोग तुम्हारी आलोचना कर रहे हैं उन्हें आगे इससे अच्छा मुकाम हासिल कर मुंहतोड़ जवाब देना है। इसके अतिरिक्त दिल्ली के मशहूर शिक्षक, मोटीवेटर, काउंसलर, यूट्यूबर व एंटर प्रेन्योर अवध ओझा ने प्राची निगम के पिता चंद्र प्रकाश निगम के फोन पर काल करके प्राची से बात की और उन्हें दिल्ली आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने फ्लाइट का आने-जाने का टिकट अपनी ओर से भेजने की पेशकश भी की।

संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी आग

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। इलाके में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में पांच किसानों की करीब चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बथरा के सहिजनपुर निवासी किसान जयप्रकाश , पप्पू, प्रकाश,चरण,रामस्वरूप आदि ने अपने खेतों में गेहूं की फसल बो रखी थी। खेतोंमें फसल तैयार खड़ी थी। रविवार की दोपहर इनके खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई । कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो हू हल्ला मच गया। लोग खेतों की तरफ दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने खुद ही आग बुझानी शुरू कर दी और साथ ही सचना फायर स्टेशन पर भी थी। लेकिन आग बुझने के बजाय बढ़ती चली गई और उसने बगल में झाड़ जंगल को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना के बाद जब दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे जिन्होंने काफी मशक्कत की इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में जयप्रकाश की करीब दो बीघा पप्पू की एक बीघा , प्रकाश की पांच बिस्वा, चरण की सात बिस्वा और रामस्वरूप का दस विस्वा गेहूं की फसल का नुकसान बताया जा रहा है।

संक्षिप्त ख़बरें

ग्रह कलह से तंग युवक ने की आत्महत्या

शिकोहाबाद। नगर की गिहार कालोनी में शनिवार की रात एक युवक ने गृह कलह के चलते कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सुबह उसका शव कमरे में फंदे पर लटका देख परिवार में चीख पुकार मच गई। युवक द्वारा फंदा लगाने की जानकारी होते ही मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

गिहार कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवक विजय गिहार का परिवार में आये दिन कलह होती रहती थी। जिसकी बजह से वह काफी परेशान था। शनिवार की रात भी पत्नी से कुछ कहा सुनी हुई। जिसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। रात के समय जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे, तभी उसने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बना कर उस पर लटक गया। सुबह जब उसको फंदे पर लटका हुआ देखा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। स्वजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले की थाने पर कोई सूचना नहीं है।

अवैध तमंचा सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त को माल व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शातिर अभियुक्त पर जनपद के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक अभियोग हैं पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र सुभाष यादव निवासी नगला पचिया थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को वाजिदपुर की ठार के पास से माल याफ्ता 450 रूपये व एक तमन्चा मय 02 जिन्दा कारतूस नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त के विरूद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा है ।

नामांकन के पूर्व अमेठी सांसद ने अयोध्या धाम पहुंचकर किया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के दर्शन

आज अपना नामांकन करेंगी अमेठी सांसद स्मृति इरानी



गौरीगंज अमेठी। नामांकन के 1 दिन पूर्व अमेठी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी अयोध्या धाम पहुंचकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के दर्शन किए, इसके साथ-साथ अमेठी सांसद ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के आठ अन्य मंदिरों में भी पहुंचकर पूजन अर्चन करते हुए देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। बताते चले जहां अमेठी में अभी तक कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर सकी है वही स्मृति इरानी का चुनाव प्रचार जोरों पर है धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने वाली तथा धार्मिक प्रवृत्ति की अमेठी सांसद को धर्म में विशेष आस्था है, तथा भगवान राम पर अटूट विश्वास और इसी के चलते अमेठी सांसद ने पर्चा दाखिला के पहले रामलला सरकार के दर्शन किए ।आज अमेठी सांसद अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्चा दाखिला करेंगी जिसकी तैयारी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्ण कर ली है पर्चा दाखिला में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित अन्य कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। भाजपा नेताओं के अनुसार सांसद स्मृति ईरानी के पर्चा दाखिला में भारी भीड़ इकट्ठा होगी। कभी कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाला अमेठी अब स्मृति की अमेठी के नाम से जाना जाता है, 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति इरानी ने राहुल गांधी को करारी शिकायत दी थी।

अमिट स्याही है लगवानी, लोकतंत्र में भागीदारी है निभानी- अश्वनी जैन

स्वतंत्र प्रभात

सिरसागंज- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में आर डी पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में विद्यालय के निदेशक दिलीप जादौन व जिला समन्वयक एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान का संदेश प्रदान करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ ग्रहण कराई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान एवं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत है। यह लोकतंत्र का पर्व, देश का पर्व है, मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाताओं के लिए नारा प्रदान करते हुए कि अमिट स्याही है लगवानी, लोकतंत्र में भागीदारी है निभानी।

विद्यालय के निदेशक दिलीप जादौन ने सभी विद्यार्थियों को अपने जनपद फिरोजाबाद में 07 मई 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मत डालने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। शपथ में विद्यार्थियों के साथ प्रीती जादौन, विनीता सिंह, सपना, आरती राजपूत, कीर्ति, अनुराधा, खुशनुमा, पूनम, साधना, मोनिका, रीना, रोहित भदौरिया, आकाश सिंह, देवेश सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

चालक को नींद का झौंका आने से कार अनियंत्रित होकर पलटी, आठ घायल

स्वतंत्र प्रभात

शिकोहाबाद। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नसीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार दोपहर तीन बजे के करीब एक कार चालक को नींद आने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कार में सवार आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा है।

इलाहाबाद से नोएडा जा रही कार के चालक राकेश शर्मा पुत्र रामदेव शर्मा निवासी प्लॉट नंबर 6212 एटीएस ग्रेटर नोएडा थाना सूरजपुर को नींद आने से कार नसीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 56 माइल स्टोन पर अनियंत्रित हो कर डिबाइडर से टकराते हुए पलट गई। कार में सचिन शर्मा पुत्र राजेंद्र प्रसाद शर्मा,सपना पत्नी सचिन शर्मा,दीक्षा शर्मा,धुरबी शर्मा एवं निष्का शर्मा, उर्वी शर्मा,स्तुति शर्मा पत्नी प्रशांत शर्मा वैठे हुए थे। रविवार दोपहर तीन बजे के करीब चालक राकेश को नींद आ गई, जिसके कारण कार मध्य डिवाइडर की लगभग 50 मीटर जाली तोड़ती हुई 56.200 किलोमीटर पर आकर पलट गई। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार में बैठे सभी को हल्की चोट आई। सूचना पर थाना पुलिस और अन्य लोग पहुंच गये। पुलिस ने हाइड्रा मंगा कर क्षतिग्रस्त कार को हटा कर एक्सप्रेस वे को सुचारू कराया। वहीं सभी घायलों को एंबुलेंस से एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा है।

वहीं दूसरी घटना रविवार सुबह छह बजे 52 किलो मीटर पर हुई। यह घटना लखनऊ से आगरा जाने वाले मार्ग पर हुई। कंट्रोल रूम को सूचना मिली की हादसे में एक ट्रक चालक के फंसा है। सूचना पर तत्काल फोर्स के साथ पहुंच कर देखा। एक ट्रक आगे जा रहे ट्रक में घुस गया। जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को ट्रक से निकलवा कर एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। चालक के पास से पुष्पेंद्र पुत्र उदल सिंह निवासी नगला लाहोरी फर्रुखाबाद का आधार कार्ड मिला है। ट्रैकों को हटा कर रास्ता साफ करा दिया है।

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर विजयी बनायें: डिप्टी सीएम

●- बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले डिप्टी सीएम केशव मौर्य

- आदर्श इण्टर कालेज बिसण्डा में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। रविवार को सदर विधान सभा के अन्तर्गत आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान व सहयोग के लिए एक विशाल बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बिसण्डा मण्डल के स्थान आदर्श इण्टर कालेज, बिसण्डा नगर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार केशव मोर्या ने समस्त जनप्रतिनिधियों एंव बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद आर0के0सिंह पटेल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाकर रिकार्ड मतो से जितवाकर विश्व के सबसे प्रभावशाली नेता को मजबूत बनाने का काम करना है। आज जो भाजपा है विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है वह आप सभी की मेहनत का परिणाम है। मोदी जी ने पूर्व के भ्रष्टाचार की कड़ी तोड़कर विभिन्न योजनाओ के माध्यम से 34 हजार करोड सीधे लाभार्थी के खातों में पहुंचाया है। यदि कहीं विपक्षियों की सरकार होती तो 85 प्रतिशत लूट कर मात्र 15 प्रतिशत ही लाभार्थियों को मिलता। मोदी ने हर घर नल से जल, आयुष्मान कार्ड और गरीब परिवारों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिया। विपक्षियों के खोखले वादों का धरातल पर कोई आधार नहीं है इसलिए गुंडाराज, भ्रष्टाचार और जड़ से समाप्त कर गुंडों अपराधियों वाले दल सपा, बसपा गठबंधन को आपने पिछले चुनाव में जिस तरह पराजित किया इस चुनाव में दुबारा से आइसीयू में पड़े इन दलों को पराजित करना है। कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति के उदाहरण स्वरूप कर्नाटक में ओबीसी, एससी एसटी के आरक्षण को कांट छांट कर एक विशेष समाज को देने का षड़यंत्र किया है। इनके दुष्प्रभाव को समाप्त करना है। हमारे प्रधानमंत्री ने जो कहा वो किया धारा 370 को हटाया, भव्य श्री राम मंदिर निर्माण व अन्य सभी वादों को पूरा किया। इसलिए मोदी जी ने हम कार्यकर्ताओं से कहा है कि सबको मेरा प्रणाम कह देना तथा पिछली बार जितने हमे मत मिले थे उसमें 370 मत जोड़कर भाजपा को हर बूथ में जिताना है। सांसद प्रत्याशी आर0 के0 सिंह पटेल ने कार्याकर्ताओ, पदाधिकारियों व मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव मोर्या जी का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी जी के हांथो को मजबूत करने के लिए हमे अथक परिश्रम कर हर बूथ पर कमल खिलाना है और स्वयं आर0 के0 पटेल बनकर अधिक से अधिक मतदान कराना है। इस अवसर पर विधायक बांदा सदर श्री प्रकाश द्विवेदी ने कार्याकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में देश की आत्मा, किसान रहते है एवं मोदी सरकार में गॉव हो या शहर कुछ भी विकास से अछूता नहीं रहा और केन्द्र में जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कमान संभाली विकास की रफ्तार को गति मिली है और प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में डबल इंजनों की सरकार बनने से भ्रष्टाचार मुक्त सरपट दौड़ गई जिससे रोड, जल और आर्थिक विकास को गति प्रदान की, इसलिए इस विकास यात्रा को गतिशील रखने के लिए मोदी जी को मजबूत करें। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सरकारों के देश व प्रदेश में विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ कर कभी भी धरतल में नहीं होता था तथा विधायिका नरैनी श्रीमती ओमवती वर्मा ने मुख्य अतिथि व मंच का स्वागत अभिनन्दन कर राष्ट्र के विकास व सुरक्षा के लिए तीसरी बार मोदी जी को देश के केंद्र में पहुंचाने के सहयोगी बने। इस कार्यक्रम की अध्याक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्याक्ष संजय सिंह द्वारा की गयी तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित ने किया। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह सेंगर एमएलसी, जिला पंचायत अध्याक्ष सुनील पटेल, अनिल यादव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र, बृजकिशोर गुप्ता लोक सभा प्रभारी, मनोज शुक्ला लोकसभा सह प्रभारी, बालमुकुन्द शुक्ला लोकसभा संयोजक, अनिल गुप्ता चारली जी विधान सभा प्रभारी, राजकुमार राज विधानसभा संयोजक, राजकरण कबीर पूर्व विधायक नरैनी, चन्द्रपाल कुशवाहा पूर्व विधायक बबेरू, पुरषोत्तम पाण्डेय पूर्व जिलाध्यक्ष, अयोध्या सिंह पटेल पूर्व उपाध्यक्ष बुवि बोर्ड, जगराम सिंह पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष, संतोष गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष, आशोक त्रिपाठी जीतू पूर्व जिलाध्यक्ष, श्रीमती मालती बासू चेयर मैन नगरपालिका परिषद बाँदा, कन्हैयालाल कोटार्य चेयमैन नगर पंचायत बिसण्डा, स्वर्ण सिंह सोनू ब्लाक प्रमुख बड़ोखर, शम्भू कोटार्य ब्लाक प्रमुख बिसंडा सहित बांदा सदर विधानसभा के समस्त बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

गंगाघाटों पर लगे अवरोधकों का दुरुस्तीकरण - एडीएम

विन्ध्याचल , मीरजापुर । गंगाघाटों पर पानी में लगाए गए अवरोधकों का दुरुस्तीकरण किया जायेगा । नवरात्र आरंभ के पूर्व से विन्ध्यधाम में स्नानर्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पानी के भीतर लगाए गए अवरोधकों की सीमा में जलस्तर की कमी के चलते लोगों को स्नान करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । अवरोधकों के भीतर दो से तीन फीट ही जलस्तर होने के कारण काफी संख्या में स्नानार्थी बैरिकेटिंग के बाहर असुरक्षित स्नान करते दिखाई दे रहे हैं । जान जोखिम में डालकर स्नान करने की जानकारी चलभाष पर अपर जिलाधिकारी राजस्व शिवप्रताप शुक्ला को दी गई । एडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा की मैं इसको शीघ्र ही दुरुस्त कराता हूं ।

तीनों केन्द्रों पर तत्काल गेहूं खरीद प्रारंभ की जाए: नोडल अधिकारी

●- नोडल अधिकारी ने की गेहूं खरीद की समीक्षा

- क्रय केन्द्रों का निरंतर भ्रमण करें अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद बाँदा में गेहूँ खरीद के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी सुनील कुमार वर्मा आईएएस विशेष सचिव, रेशम एवं मत्स्य विभाग, उप्र शासन द्वारा मण्डलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस, बांदा में सम्पन हुई।

उन्होंने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि नेफेड संस्था के तीन केन्द्रों पर अभी तक खरीद प्रारंभ नहीं होने पर इन केन्द्रों पर तत्काल गेहूं खरीद प्रारंभ की जाए। उन्होंने गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए कृषकों से संपर्क कर मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से खरीद में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। जिन किसानों से गेहूं खरीद की गई है उन किसानों के गेहूं खरीद का भुगतान 48 घंटे के भीतर करना सुनिश्चित करें ।उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि गेहूं के अवैध संरक्षण पर अंकुश लगाने के लिए सतत निगरानी की जाए। क्रय केंद्र एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्रय केन्द्रों का निरंतर भ्रमण कर गेहूं की खरीद में तेजी लाएं। उन्होंने क्रय किए गेहूं को भारतीय खाद्य निगम के डिपो में रखे जाने की निर्देश दिए।बैठक में बताया गया कि गेहूं खरीद की समीक्षा में जनपद बांदा में खाद्य विभाग द्वारा 1275 मेट्रिकटन, पीसीएफ 3219 मेट्रिकटन, भारतीय खाद्य निगम 375 मेट्रिकटन, यूपीएसएस 507 मेट्रिकटन, नेफेड 102 मेट्रिकटन, कुल 5480.49 मेट्रिकटन गेहूं की खरीद की गई है। बैठक में सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी, चित्रकूटधाम सम्भाग, बाँदा, मंडल प्रबंधक भारती खाद्य निगम बांदा, संभागीय लेखा अधिकारी खाद्य चित्रकूट संभाग बांदा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी परमानंद जायसवाल बांदा सहित खाद्य विपणन अधिकारी चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

एआरओ की देखरेख में दिया जायेगा ईवीएम का प्रशिक्षण: डीएम

●

- डीएम ने कर्मचारी एवं अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य हेतु ईवीएम मशीन के कमीशनिंग के प्रशिक्षण में लगे कर्मचारी एवं अधिकारियों को पं0 जेएनपीजी कालेज बांदा में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में लगे लेखपाल ,कानूनगो ,नायब तहसीलदार एवं राजस्व से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इस प्रशिक्षण को गंभीरता से समझ ले और वीवीपैट, बैलट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट को जोड़ने से संबंधित कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण बताए गए सभी कार्यों को पूर्ण रूप से समझ कर संपन्न करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए की यह कार्य एआरओ की देखरेख में किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि प्रशिक्षण में यदि किसी प्रकार की, उन्हें पुनः जानकारी लेनी हो तो अपने प्रश्नों को लगातार पूछ कर और उनको गंभीरता से समझ कर इस महत्वपूर्ण कार्य को कुशलता पूर्वक संपादित करे लें, इस महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करने के समय /कमिश्निंग कार्य के समय कोई भी कर्मचारी मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएगा, अपना परिचय पत्र साथ रखेंगे तथा सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाएगी और वीडियोग्राफी भी इस कार्य की कराई जाएगीस प्रशिक्षण में कर्मचारियों को बैलट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट में एड्रेस टैग लगाए जाने, कैंडिडेट सेट करने, मशीन को सीलिंग किए जाने , वीवीपैट को ले जाते समय पेपर सेट करने, बैटरी लेवल का स्टेटस ध्यान रखने तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गयास प्रशिक्षण में प्रधानाचार्य आईटीआइ ने कर्मचारियों को कमिश्निंग कार्य के संबंध में बिंदुबार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उनसे संबंधित प्रश्नों को पूछ कर उनकी जिज्ञासाओं का निस्तारण भी किया। प्रशिक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर बबेरू सहित उपनिदेशक कृषि विजय कुमार, प्रधानाचार्य आईटीआइ सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सपा के स्टार प्रचारक बने विशम्भर यादव व मधुसूदन कुशवाहा

●

- मेघनाथ खंगार सहित अनिल प्रधान भी स्टार प्रचारकों में शामिल

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए बुंदेलखण्ड क्षेत्र से कई स्टार प्रचार बनाये हैं। जो कि चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष के जनसभा व जनसम्पर्क कर वोट मांगेगे। जिनमें सपा के बबेरू विधायक विशम्भर सिंह यादव, सपा के बांदा जिलाध्यक्ष मधूसूदन कुशवाहा, कर्वी सदर विधायक अनिल प्रधान व ललितपुर के प्रांतीय नेता मेघनाथ खंगार शामिल हैं।

जानकारी देते हुए बुंदेलखंड जन मोर्चा अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया की समाजवादी पार्टी द्वारा ललितपुर निवासी समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मेघनाद खंगार को पार्टी ने बनाया स्टार प्रचारक। युवा नेता यशवंत सिंह राणा ने कहा कि मेघनाद खंगार जी को पार्टी द्वारा स्टार प्रचारक उनकी ईमानदारी और कर्मठता को देखते हुए बनाया गया है। आज पूरे उत्तर प्रदेश के खंगार समाज के लोग अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। आजादी बाद आज पहली बार किसी राजनीतिक पार्टी ने खंगारो को सम्मान दिया है। 2024 लोकसभा चुनाव में खंगार समाज भाजपा को हराने में अहम योगदान देगा। भाजपा आज तक समाज को छलती आ रही है। समाज के जो लोग भाजपा से जुडे हैं वो पुतला बनकर रह गये हैं। खंगार समाज अब जाग गया है। पूरे उत्तर प्रदेश के खंगार की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आभार प्रकट करता है और साथ ही मेघनाद खंगार को बधाई दी है। विशंभर निषाद, विशंभर यादव अनिल प्रधान, डा. मधुसूदन कुशवाहा को भी राणा ने शुभकामनायें दी।

नगर पंचायत नरैनी में खुलेआम हो रहा भ्रष्टाचार

● स्टोर रूम बनकर रह गया सार्वजनिक शौचालय

स्वतंत्र प्रभात

नरैनी/बांदा। नगर पंचायत नरैनी के अध्यक्ष द्वारा खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है।अपने अधिनस्थ ठेकेदारों से मिलकर सरकार द्वारा साफ सफाई के आने वाले धन को लूटने का काम किया जा रहा है।

तहसील के दूसरे गेट के पास सार्वजनिक शौचालय जो की कई सालों से स्टोर रूम बन कर रह गया है जहां तमाम कबाड़ इकट्ठा है क्षेत्र के लोगों व राहगीर का कोई हित नहीं है देखकर ऐसा लगता है जबसे ठेका लिया गया है तबसे कभी सफाई हुई ही नहीं है। राहगीर या तहसील में आने वाले लोग तहसील खुले में शौच जाने व टॉयलेट जाने पर मजबूर हैं इसका एक गेट तहसील के अंदर की तरफ खुलता है जिसकी भी कभी सफाई नहीं हुई टॉयलेट के लिए लोग घोर बदबू के कारण बगल में जाना पसंद करते हैं मगर सार्वजानिक शौचालय में जाना पसंद नहीं करते हैं। और सफाई हो भी क्यों? क्योंकि इस शौचालय के ठेकेदार गुलशेर खान हैं जो की व्यापार का कारोबार देखते हैं। और सार्वजनिक शौचालय के बाहर दुकान लगाने वाले से हर महीने पैसा वसूलते हैं। उनका कहना है की सार्वजनिक शौचालय का ठेका उनका है तो उसके सामने दुकान लगाने वाले को किराया देना पड़ेगा। तहसील के अंदर खाद्य आपूर्ती विभाग के पास नरैनी नगर पंचायत द्वारा बनवाया हुआ एक और शौचालय है जहां साफ सफाई तो अच्छी है किन्तु वहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। ना तो टंकी में पानी भरा जाता है और ना ही किसी टैप से पानी आता है। और ना कोई बर्तन उपलब्ध है। अब जरा सोचिये तहसील में प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं अचानक किसी का पेट गड़बड़ हो गया और उसे शौच जाना पड़े तो कहाँ जाएगा इतनी बड़ी तहसील और यहां तक की नरैनी की चारो रोड में आसपास सार्वजनिक शौचालय नहीं है।अब कई किलोमीटर दूर गांव से आने वाले लोग कैसे मैनेज करते हैं भगवान जाने? ठेकेदारों को मात्र मोटी रकम आने से मतलब।समाजसेवी सोनू करवरिया और उमेश आदि ने भ्रटाचार की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

किशनगंज जिला अंतर्गत ठाकुरगंज प्रखंड में लगा आग

ठाकुरगंज- प्रखंड के कनकपुर पंचायत के तहत मालबस्ती गांव में जलावन के घर में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल, मौके पर पहुंचे कुर्लिकोर्ट पुलिस और स्थानीय लोगों की भारी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू। फिलहाल जान माल का नुकसान की कोई ख़बर नहीं जनप्रतिनिधि ने लोगों को सतर्क रहने को कहा ।

हाथों की मेहंदी छूटने से पहले उठी अर्थी

● शादी के आठ दिन बाद पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। कानपुर अंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड जाजमऊ निवासी एक युवती की शादी गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत रहने वाले युवक से 8 दिन पहले हुयी थी। अभी नव विवाहिता के हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी कि दहेज लोभियों ने उसकी निर्ममता के साथ गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। इसके बाद हत्यारोपी पति को हिरासत में लिया है। वहीं मृतक के भाई ने दहेज को लेकर हत्या किये जाने की तहरीर गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी है। बता दें जाजमऊ अंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की 21 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी 21 अप्रैल 2024 को अखलाक नगर 40 फीट रोड निवासी नदीम पुत्र रफीक के साथ हुयी थी। चांदनी के भाई मंसूर ने बताया कि उसने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान दहेज दिया। इसके बावजूद आरोप है कि ससुरालीजन उसकी बहन से बाइक और नगदी की मांग करने लगे न देने पर उसे प्रताड़ित किया। इसके बाद पति समेत ससुरालयों ने बहन चांदनी की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने बताया कि रविवार सुबह उसे फोन कर बताया कि उसकी बहन की मौत हो गयी है। सूचना पर वह परिवार के साथ मौके पर पहुंचा, जहां चांदनी के नाक और मुंह से खून निकल रहा था। यह देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुये हंगामा काटा। जिसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों को समझा बूझकर शांत कराया। शादी के 8 दिन बाद ही नव विवाहिता की मौत होने पर आलाधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर मजिस्ट्रेट यशवंत सिंह मौके पर पहुंचे। जहां उनकी देखरेख में शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वही मृतका के भाई मंसूर ने पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला व देवर नईम के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है।

रात में एक घण्टे बहनों से हुयी बात

मृतका की बहन साइना ने बताया कि शनिवार रात 9रू30 बजे उसकी चांदनी से फोन पर बात हुयी थी। वह काफी परेशान लग रही थी और रो भी रही थी। एक घंटे तक बात होने के बाद उसने फोन रख दिया। जिसके बाद सुबह फोन पर सूचना मिली कि उसकी मौत हो गयी।

रात में पुलिस के पास चली जाती तो बच जाती जान

फोन पर बात करने के दौरान चांदनी पुलिस से शिकायत करने की बात कह रही थी, लेकिन किसी कारण से उसने शिकायत नहीं कि यदि पुलिस से शिकायत कर देती तो चांदनी की जान बच जाती।

मेहंदी छूटने से पहले उठ गयी अर्थी

पिछले रविवार को चांदनी की शादी हुयी थी। वह अपने अरमानों की सेज सजाकर पति के घर आई थी। उसे क्या पता था कि हाथों की मेहंदी छूटने से पहले ही सात जन्म का साथ निभाने वाला पति और उसके ससुरालीजन ही उसे मौत के घाट उतार देगा।

सवारियों से भरी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, सात की मौके पर ही मौत

स्वतंत्र प्रभात

सफीपुर (उन्नाव)। सवारियों से भरी बस को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। बस की एक साइड को चीरते हुए ट्रक निकल गया। जिसमें सात लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत बताई जा रही। यह हादसा उन्नाव सफीपुर मार्ग पर जमलुद्दीनपुर के पास रविवार दोपहर को हुआ। हादसे में सात यात्रियों की मौके पर ही मौत बताई जा रही है जबकि 20 गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें तीन की हालत बेहद नाजुक है। मृतकों में पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। मृतकों में सुशीला 45 वर्ष पत्नी दीपक निवासी मंगल बाजार, इंतजार खान 70 पुत्र रजा खान निवासी सैयद बड़ा थाना सफीपुर और सुकैय्या बेगम 35 पत्नी नईम निवासी मछली टोला थाना नौबस्ता कानपुर नगर सहित अन्य है। वहीं घायलों में दीपक पुत्र बाबूलाल (50) निवासी मंगल बाजार थाना सफीपुर, नरेंद्र पल पुत्र बटेश्वर (35) नि0 सिकरावा थाना हरदोई, अन्नू पुत्र बृजभान सिंह (28), गाजाखेड़ा लहबडखेड़ा थाना माखी, रामकृष्ण शुक्ला पुत्र जगदीशप्रसाद (65) नि0 बांगरमऊ, नईम पुत्र मो0 शफीक (47) नि0 मछरिया कानपुर शामिल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। डॉक्टर के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसे के वक्त बस में कुल 27 लोग सवार थे। बस बांगरमऊ से उन्नाव की ओर जा रही थी। हादसा इतना भयानक था कि एक यात्री सड़क पर ही उछलकर गिर गया जिससे उसका सिर फट गया। यही नहीं दो यात्रियों के सिर कटकर अलग हो गए।

- जिला अस्पताल की इमरजेंसी में खाली कराए गए बेड

जिला अस्पताल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अस्पताल की इमरजेंसी में कुछ बेड खाली कराकर रिजर्व कर दिए जिससे घायलों को तत्काल बेहतर उपचार मिल सके। इमरजेंसी में डॉक्टर की टीम को भी अलर्ट कर दिया गया है। मृतकों के पोस्टमार्टम जल्द करवाएं जा सके इसके लिए मोर्चरी में ड्यूटी डॉक्टर को भी अलर्ट कर दिया गया है।

- सीओ बोले ट्रक चालक समेत पकड़ा जा चुका है

सीओ सफीपुर त्रिषिकांत शुक्ला के मुताबिक बस यूपी 35 टी 5700 को ट्रक ने टक्कर मारी है। जिससे बस में सवार सात लोगों की मौत हुई है। जबकि 20 लोग घायल हैं। घटना की सूचना पर थाना सफीपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। हादसे के बाद ट्रक लेकर भागे चालक को पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ लिया है। उसे हिरासत में ले लिया गया है।

- हादसे के बाद लगा भीषण जाम

हादसे के बाद हरदोई उन्नाव मार्ग पर दोनों ओर के वाहनों को राजगीरों ने रोक दिया और घायलों की मदद करने में जुट गए। जिससे सड़क पर बड़ा लंबा जाम लग गया। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजना शुरू किया। इस दौरान घंटे देरी तक जाम में वाहन सवार फंसे रहे घायल बोले घर वालों को सूचना दे दो। हादसे के बाद घायल बस यात्रियों में चीख पुकार मच गई जब राजगीर उनकी मदद कर रहे थे तो लोग चीखते चिल्लाते कहने लगे की घटना की जानकारी हमारे घर वालों को दे दो। इस दर्दनाक मंजर को देखकर हर कोई सहम गया। हादसा होने के बाद आसपास मौजूद लोगों ने डायल 112 और जिला कंट्रोल रूम डीसीआर को फोन करके जानकारी दी। शुरुआत में पुलिस को हादसे में 12 से अधिक लोगों के मरने की खबर मिली। सफीपुर कोतवाली प्रभारी की वीआईपी कार्यक्रम में ड्यूटी लगी थी सबसे पहले उन्हें वहां से हटाकर घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

- मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुःख

हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर जिला प्रशासन के अधिकारियों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं।

लोकसभा चुनाव 2024: प्रतिद्वंदी बने एक-दूसरे के 'सर्पोटर', असमंजस में है 'वोटर'

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। कहते हैं राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता है। यहां तो सभी थाली के बैंगन की तरह इधर-उधर होते रहते हैं। इसी क्रम में वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव में चार प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशी जो उस समय एक-दूसरे पर तीखे शब्दभेदी तीर छोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते थे।

वे आज एक-दूसरे के सपोर्टर बन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यही नहीं जो उस समय खुले मंच से प्रतिद्वंदी पर जमकर आरोपों-प्रत्यारोपों की झड़ी लगाते थे वे आज उनके पक्ष में वोट करने के लिये जिले की जनता से अपील करते नहीं थक रहे हैं। ऐसे में 10 साल पूर्व की स्थितियों को याद कर जिले का मतदाता असमंजस में है कि क्या करें, क्या ना करें??

जी हां हम बात कर रहे हैं वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव की। इस चुनाव में जहां भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज जिले की राजनीति में पदार्पण कर अपना पहला चुनाव लड़ रहे थे। वहीं अरुण शंकर शुक्ल 'अन्ना महाराज' सपा और बसपा से पूर्व सांसद ब्रजेश पाठक अपनी किस्मत आजमा रहे थे। जबकि उस समय की सांसद रहीं अन्नू टंडन कांग्रेस की प्रत्याशी के रूप में मतदाताओं से अपने लिए समर्थन मांग रहीं थीं। पीएम मोदी के नाम की आंधी के चलते संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने तब न सिर्फ अन्नू टंडन, बल्कि ब्रजेश पाठक व अन्ना महाराज को दरकिनार कर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाई थी। बीते 10 वर्षों में भाजपा प्रत्याशी ने भले ही अपनी राजनैतिक निष्ठा नहीं बदली, लेकिन उनके प्रतिद्वंदियों में शामिल रहे बसपा व कांग्रेस के प्रत्याशी इस चुनाव में अपने नए दलों के लिए वोट मांग रहे हैं। यानी कांग्रेस के बजाए अन्नू टंडन अब सपा से मैदान में हैं। जबकि बसपा के उम्मीदवार राजनीतिक सफलता की सीढ़ियां चढ़कर प्रदेश के डिप्टी सीएम के तौर पर भाजपा प्रत्याशी को चुनावी वैतरणी पार कराने की जद्दोजहद कर रहे हैं। राजनैतिक व्यस्तताओं के बावजूद वे मोहान व भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल होकर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा चुके हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर लोगों से पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की अपील कर चुके हैं। इसी तरह सपा प्रत्याशी के तौर पर साइकिल चुनाव निशान के लिए वोट मांगते रहे अरुण शंकर शुक्ला इसी पार्टी की प्रत्याशी बनीं अन्नू टंडन को सफलता दिलाने की कवायद में जुटे हैं। इस चुनाव में वह सपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में शामिल होकर केंद्र व प्रदेश सरकार को कोसते हुए पार्टी प्रत्याशी को बड़े अंतर से जीत दिलाने की अपील जनता से कर चुके हैं। साथ ही क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भी सपा की पैरोकारी भी करते दिख रहे हैं। बीते एक दशक में चाहे जितने राजनैतिक बदलाव आए हों लेकिन, बड़ी संख्या में मतदाताओं के जेहन में वर्ष-2014 का लोकसभा चुनाव की यादें जिंदा हैं। इसीलिए वे खुद को असमंजस में महसूस कर रहे हैं। यही कारण है कि मतदान तिथि करीब आने के बावजूद वोटरों का मिजाज अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। आमतौर पर मतदाता नेताओं को एक ही थाली का चट्टा-बट्टा बताते हुए चुप्पी साध ले रहे हैं।

- सपा व कांग्रेस के मत जोड़ने पर भी आगे थे साक्षी

भाजपा प्रत्याशी के पहले चुनाव में जिले के 5,18,834 मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान किया था। तब सपा व कांग्रेस प्रत्याशियों को मिले वोट जोड़ने पर भी भाजपा को मिले मत अधिक थे। उस चुनाव में उनके प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला को 2,08661 वोट मिले थे। जबकि, कांग्रेस की अन्नू टंडन 1,97,098 वोट ही पा सकी थीं। वहीं, बसपा के ब्रजेश पाठक को 2,00,176 मत मिले थे।

शराबियों ने भले लोगों का जीना किया दूभर

स्वतंत्र प्रभात

असोहा (उन्नाव)। असोहा पुलिस ने जैसे कच्ची शराब के कारोबारियों तथा पियक्कड़ों को खुली छूट दे दी है इसका असर यह हो रहा है कि इन अराजकतत्वो ने भले तबके के लोगों जिनमें पुरुष महिलाओं तथा बच्चे बूढ़े सब शराबियों से परेशान हैं।

गौर रहे कि असोहा थाना क्षेत्र का गांव समाधा अतिसंवेदनशील श्रेणी में आता है। इस गांव का इतिहास ही क्रेमिनल आज से नहीं अंग्रेजो के समय से रहा है तकरीबन दो हजार से भी ज्यादा वाला गांव लम्बे समय से कच्ची शराब के कारोबारियों की जकड़ में रहा है और अब तो यहां यह कारोबार और भी बढ़ गया है। यहां पर कच्ची शराब बड़े पैमाने में बनती भी है और बिकती भी है आस पास के गांवों से पियक्कड़ यहां पीने आते हैं। गांव कई संभ्रांत लोगों ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त बताया कि गांव के भले तबके के लोग इन शराबियों से बहुत परेशान हैं गांव के पियक्कड़ तो ऊधम मचाते ही है जो अन्य गांवों से यहां पीने आते है नशे में भद्दी गालियां तथा अश्लीलता करते हैं। गांव वालों ने यह भी बताया कि थाना पुलिस तथा 112 नम्बर की गाड़ी शिकायत करने पर आती भी है तो अपना सुविधा शुल्क लेकर चले जाते हैं और इन पर कोई फर्क नहीं पड़ता है गौर रहे कि इस समय लोक सभा चुनाव चल रहे हैं और तेरह मई को चुनाव होना है तब यह हालत समाधा गांव की है।

पति-पत्नी के विवाद ने फूंके 6 घर

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। कहते हैं राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता है। यहां तो सभी थाली के बैंगन की तरह इधर-उधर होते रहते हैं। इसी क्रम में वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव में चार प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशी जो उस समय एक-दूसरे पर तीखे शब्दभेदी तीर छोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते थे।

वे आज एक-दूसरे के सपोर्टर बन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यही नहीं जो उस समय खुले मंच से प्रतिद्वंदी पर जमकर आरोपों-प्रत्यारोपों की झड़ी लगाते थे वे आज उनके पक्ष में वोट करने के लिये जिले की जनता से अपील करते नहीं थक रहे हैं। ऐसे में 10 साल पूर्व की स्थितियों को याद कर जिले का मतदाता असमंजस में है कि क्या करें, क्या ना करें??

जी हां हम बात कर रहे हैं वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव की। इस चुनाव में जहां भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज जिले की राजनीति में पदार्पण कर अपना पहला चुनाव लड़ रहे थे। वहीं अरुण शंकर शुक्ल 'अन्ना महाराज' सपा और बसपा से पूर्व सांसद ब्रजेश पाठक अपनी किस्मत आजमा रहे थे। जबकि उस समय की सांसद रहीं अन्नू टंडन कांग्रेस की प्रत्याशी के रूप में मतदाताओं से अपने लिए समर्थन मांग रहीं थीं। पीएम मोदी के नाम की आंधी के चलते संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने तब न सिर्फ अन्नू टंडन, बल्कि ब्रजेश पाठक व अन्ना महाराज को दरकिनार कर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाई थी। बीते 10 वर्षों में भाजपा प्रत्याशी ने भले ही अपनी राजनैतिक निष्ठा नहीं बदली, लेकिन उनके प्रतिद्वंदियों में शामिल रहे बसपा व कांग्रेस के प्रत्याशी इस चुनाव में अपने नए दलों के लिए वोट मांग रहे हैं। यानी कांग्रेस के बजाए अन्नू टंडन अब सपा से मैदान में हैं। जबकि बसपा के उम्मीदवार राजनीतिक सफलता की सीढ़ियां चढ़कर प्रदेश के डिप्टी सीएम के तौर पर भाजपा प्रत्याशी को चुनावी वैतरणी पार कराने की जद्दोजहद कर रहे हैं। राजनैतिक व्यस्तताओं के बावजूद वे मोहान व भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल होकर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा चुके हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर लोगों से पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की अपील कर चुके हैं। इसी तरह सपा प्रत्याशी के तौर पर साइकिल चुनाव निशान के लिए वोट मांगते रहे अरुण शंकर शुक्ला इसी पार्टी की प्रत्याशी बनीं अन्नू टंडन को सफलता दिलाने की कवायद में जुटे हैं। इस चुनाव में वह सपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में शामिल होकर केंद्र व प्रदेश सरकार को कोसते हुए पार्टी प्रत्याशी को बड़े अंतर से जीत दिलाने की अपील जनता से कर चुके हैं। साथ ही क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भी सपा की पैरोकारी भी करते दिख रहे हैं। बीते एक दशक में चाहे जितने राजनैतिक बदलाव आए हों लेकिन, बड़ी संख्या में मतदाताओं के जेहन में वर्ष-2014 का लोकसभा चुनाव की यादें जिंदा हैं। इसीलिए वे खुद को असमंजस में महसूस कर रहे हैं। यही कारण है कि मतदान तिथि करीब आने के बावजूद वोटरों का मिजाज अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। आमतौर पर मतदाता नेताओं को एक ही थाली का चट्टा-बट्टा बताते हुए चुप्पी साध ले रहे हैं।

सपा व कांग्रेस के मत जोड़ने पर भी आगे थे साक्षी

भाजपा प्रत्याशी के पहले चुनाव में जिले के 5,18,834 मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान किया था। तब सपा व कांग्रेस प्रत्याशियों को मिले वोट जोड़ने पर भी भाजपा को मिले मत अधिक थे। उस चुनाव में उनके प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला को 2,08661 वोट मिले थे। जबकि, कांग्रेस की अन्नू टंडन 1,97,098 वोट ही पा सकी थीं। वहीं, बसपा के ब्रजेश पाठक को 2,00,176 मत मिले थे।

इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी विगत कई वर्षो से गरीबों को दे रही निःशुल्क पौष्टिक भोजन

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। आशियाना इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई में विगत कई वर्षो से पौष्टिक भोजन वितरण किया जा रहा है। यह भोजन वितरण गरीब, असहाय एवं मजबूर लोगो के लिए है। जो लोग रात को बिना भोजन के खाली पेट सोने को मजबूर है। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा का लक्ष्य भूख मिटाना है,

गरीब को दान करना व भूखे को खाना खिलाना ही भगवान की असली भक्ति है। भगवान की भक्ति करने का यह भी सही तरीका है।

क्योंकि भूख से मौत भारत की दुखद वास्तविकता है। इसी सर्वोपरि लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई परिवार द्वारा लखनऊ के आशियाना क्षेत्र के प्रसिद्ध मन्दिर और चिन्हित झोपडी पट्टीयां, अस्पताल इत्यादि स्थान शामिल है।

संस्था की सक्रिय सदस्य मिट्ठू राय चाहती है कि आप सब भी हमारे इस प्रयास को सही व्यक्ति तक पहुँचाने में मदद करे और आप भी सहयोग अवश्य करे ताकि आप सब के सहयोग से यह पुण्य और नेकी के कार्य को और अधिक लोगो तक तथा बड़े स्तर पर ले जाना संभव हो सके।

संस्था के एक और सदस्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया ऐसे तो शहर में कई संस्थाएं काम कर रही है लेकिन इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी सेवा के क्षेत्र में एक अलग ही पहचान बनी हुई है। विगत कई बर्ष पहले इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए समाज को प्रेरणा देने का काम किया है। अब यह संस्था अनाथ, निराश्रित, अकिंचन बच्चों व व्यक्तियों को खाना खिलाने के अलाबा कई और भी सेवा कार्य व समारोह की शुरुआत करना चाहती है।

इस पर संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा कहते है प्राणी सेवा धर्म एक व्यक्ति नहीं कर सकता उसके लिए समूह की आवश्यकता होती है। इसलिए परोपकारी दानवीरों से संस्था का विनम्र आग्रह है कि वह आगे आकर इस पुण्य कार्य में अपना अमूल्य योगदान दें संस्था ऐसे सभी जनमानस दानवीरों को आमंत्रित करती है।

इस कार्यक्रम में देवास रस्तोगी, धीरज गुप्ता,अविरल गुप्ता, आलोक पाठक, विशु, नवीन, सत्येंद्र शुक्ला, आशीम राय, अंजू गुप्ता, ज्योति गुप्ता, रंजीत कश्यप, मिठू रॉय,प्रेम आनंद श्रीवास्तव,आशीष श्रीवास्तव सहित सभी समाजसेवी सज्जनों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

किसान पर मधुमक्खियों ने किया हमला, भागते समय नहर में गिरकर मौत

उन्नाव। खेत में जा रहे किसान पर मधुमक्खी के झुंड हमला कर दिया। जिससे घबराकर वह भागने लगा और गांव के बगल से निकली नहर में गिर गया। यहां पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी बेटे ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मामला दही थाना क्षेत्र के रायपुर का है।

संक्षिप्त ख़बरें

मेधावी छात्र अलंकरण एवं आचार्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

शुक्लागंज (उन्नाव)। अपनी उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन के कारण नगर में ख्याति प्राप्त विद्यालय गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज गंगानगर शुक्लागंज में रविवार को छात्र अलंकरण एवं आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक राकेश कुमार कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रबन्ध समिति सदस्य श्री ओम प्रकाश निषाद के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में नगर व जिले में स्थान प्राप्त हाईस्कूल के छात्र अभय आनन्द 95.6 प्रतिशत व अपर्णा शुक्ला 95.5 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट में छात्रा काशिश मिश्रा 93.8 प्रतिशत के साथ 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं दिव्यांश गुप्ता, रोहित कनौजिया, सार्थक सिंह, एकाग्र पटेल, यशी गुप्ता, आर्यन गुप्ता, अद्या बाजपेई, अनिशा तिवारी, वैष्णवी तिवारी, अर्चना शर्मा, अन्वेषा शुक्ला, नैनसी सैनी, अभिषेक सिंह, सूर्यांश अवस्थी आदि को पट्टीका पहनाकर, स्मृति चिन्ह, नकद राशि व बैग देकर सम्मानित किया गया।

वॉल पेंटिंग कर मतदाताओं को किया जागरूक

नवाबगंज (उन्नाव)। जनपद में स्वीप आइकॉन बनाए गए खिलाड़ी संदीप गौतम एवं शिक्षिका स्नेहिल पांडे ने रविवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर दीवार पर वॉल पेंटिंग करके मतदाता जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया। राहगीरों ने भी पेंटिंग में हाथ आजमाया और बहुत सारे लोगों ने वहां पर आकर सेल्फी तथा फोटो क्लिक करवाई।

गुजरते हुए युवाओं ने वहां से कहा पेंटिंग का संदेश बहुत अच्छा संदेश है और इससे यहां से गुजरने वालों को रचनात्मक पेंटिंग देखकर मतदान की महत्ता समझ में आएगी। स्नेहिल पांडे ने कहा कि रोज कुछ नए प्रयासों द्वारा वह 18 वर्ष तथा उससे ऊपर के मतदाताओं को जागरूक करने का और प्रशासन द्वारा दी गई अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास कर रही हैं और इस बार उन्नाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु अपना योगदान कर रही हैं। संदीप गौतम द्वारा खिलाड़ियों को प्रमोट किया गया तथा इनोवेशन फॉर चेंज संस्था के सदस्यों द्वारा वॉल पेंटिंग में सहयोग किया गया।

किरन ने किया ए लाइसेंस इंटरनेशनल कोचिंग कोर्स के लिए क्वालीफाई

सहारनपुर। इंटरनेशनल कुराश एसोसिएशन द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स उज्बेकिस्तान के सहयोग से तीन माह के इंटरनेशनल कुराश कोचिंग सेमिनार का आयोजन किया गया।

इंटरनेशनल कोचिंग सेमिनार के समापन के बाद दिनांक 26 अप्रैल को यूनिवर्सिटी ऑफफिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स उज्बेकिस्तान में सभी प्रतिभागियों की प्रैक्टिकल व लिखित परीक्षा हुई जिसमे भारत की ओर से प्रतिभाग कर रही किरन ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम स्तर कुराश प्रशिक्षक का प्रमाण पत्र हासिल किया।

किरन ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर कुराश प्रशिक्षक की अंतरराष्ट्रीय स्तर की सबसे बड़ी डिग्री 1 वर्षीय ए लेवल लाइसेंस कोर्स में प्रतिभाग करने के लिए अपने आप को क्वालीफाई कर लिया।

किरन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय इंटरनेशनल कुराश एसोसिएशन के तकनीकी निदेशक श्री रवि कपूर को दिया ।

इस उपलब्धि पर राजन वर्गेश, विक्रान्त कुमार, सोमबीर सिंह, राहुल व्यास, राकेश कुमार, शिवाजी सालुंखे, अंकुश नागर, मोहित शर्मा, दिव्यांश कश्यप, मंजू नयाल, अजीत पाल, आकाश, शीतला आदि ने किरन को बधाई दी।

भारतीय मानव जागृति संगठन की कार्यकारिणी का गठन

सहारनपुर। भारतीय मानव जागृति संगठन के द्वारा आज देव गार्डन दाबकी रोड पर आवश्यक बैठक हुई। जिसमें संगठन को आगे बढ़ाने के लिए पदाधिकारियों ने योजनाएं बताई व नव नियुक्त पदाधिकारी को राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पुंडीर के द्वारा को आई कार्ड देकर सम्मानित किया गया। और संगठन को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपना विश्वास दिलाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उपमा सिंह महानगर अध्यक्ष रिशांत चौधरी, अश्विनी सिंह मंडल अध्यक्ष अनुज राणा संरक्षक विजय पाल रावत, कमल श्रीवास्तव, अनिल शर्मा जी, मांगेराम की वह नियुक्त पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

वैश्य अग्र महिला समिति का आयोजन

सहारनपुर। वैश्य अग्र महिला समिति द्वारा बालीवुड थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया। फिल्मी संवाद के बाद मनोरंजक गेम्स, तंबोला और प्रश्नोत्तरी में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। दमदार संवादों की प्रस्तुतियों पर महिलाओं ने खूब ठहाके लगाए। तालियों से पूरा सभागार गूंज उठा। रविवार को दिल्ली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। संयोजिका रिंपी, प्रियंका और पूजा मित्तल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने बालीवुड की थीम पर एक से बढ़कर एक संवादों की प्रस्तुति दी। दमदार संवादों से पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। गीतों पर महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। मनोरंजक गेम्स के साथ तंबोला में भी महिलाओं ने भागीदारी की। प्रश्नोत्तरी में महिलाओं ने सवालों के जवाब देकर पुरस्कार जीते। रैंप पर हीरोइन रूप में महिलाओं अपनी प्रस्तुतियों से सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। बाद में संस्था द्वारा जल्द लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्थापिका रंजना सिंघल, निशि, इंदु, रितु, शिखा, अनु, शालिनी, रूबी, मोनिका, श्रुति, मीनाक्षी, आरती आदि शामिल रही।

रक्तदान शिविर में 220 यूनिट रक्तदान एकत्रित

सहारनपुर। फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा क़स्बा नानौता के किसान सेवक इण्टर कॉलेज में 160वें रक्तदान शिविर का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया जिसमे 220 रक्तदाताओं ने अपने खून का दान किया। संस्था ब्लड कॉर्डिनेटर एवं रक्तदान शिविर के संयोजक राहुल सिंह ने बताया कि जनहित को समर्पित आज क़स्बे में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे युवाओ के साथ साथ महिलाओं ने भी रक्तदान किया। थैलासीमिया पीड़ित बच्चो, गर्भवती महिलाओं और आपातकाल में मरीजों को रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। जनपद में जरूरतमन्दों को समय पर रक्त मिल सके इसके लिए संस्था जनपद में समय समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करती रहती है। एफबी.डी. अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने बताया कि प्रत्येक स्वस्थ पुरुष को एक वर्ष में चार बार और महिला को साल में तीन बार रक्तदान करते रहना चाइए। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान शिविर में अश्वनी मित्तल, तरुण भोला, अभयराज, डा. आदित्य, अमित जैन, आशा कर्णवाल,विशाल, मोहित राणा ,सुबोध चौहान, आमिर रजा,अमरजीत, प्रिंस गौतम ,कुमारी अंशुल पुंडीर आदि ने भाग लिया।

संक्षिप्त ख़बरें

खेत में काम कर रहे ग्रामीण को तेंदुए ने हमला कर किया घायल

पूरनपुर। गांव के समीप खेत में काम कर रहे गांव बंजरिया निवासी देवेश मिश्रा (46) को तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया। देवेश ने बताया कि उसका गांव जंगल के समीप है। शनिवार को गांव के समीप खेत में काम कर रहा था। इस दौरान झाड़ियों से निकले तेंदुए ने उसके पर हमला कर दिया। हमलावर तेंदुए ने उसका हाथ मुंह में ले लिया। घायल को सीएचसी लाया गया। घायल का इलाज करने वाले सीएचसी के चिकित्सक डॉ. राशिद ने बताया कि देवेश एक हाथ में तेंदुए का नाखून लगा है। इलाज कर उसे घर भेज दिया गया है। वन एवं वन्य जीव प्रभाग के डिप्टी रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि स्टाफ को सीएचसी भेजा गया। जांच कराई जा रही है

गोमती में पानी पहुंचाने को तेज हुए प्रयास

कलीनगर। गोमती उद्गम स्थल समेत नदी में पानी पहुंचाने के लिए गोमती भक्तों के रोष के बाद प्रयास तेज हो गए हैं। शनिवार को तहसीलदार पूरनपुर वीरेंद्र सिंह ने माइनर में पानी की क्षमता बढ़ाने के लिए रजवाहा नहर पर पहुंचकर फाटकों को खुलवाया। फाटक खोले जाने से माइनर के जरिये गोमती नदी तक डाले गए नाले में पानी का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद जगी है

दबंग का तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल नहीं हुई कार्य वाही

बरेली । थाना भमोरा में हनक दिखाने के चक्कर में एक युवक ने सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियों वायरल करते हुए हनक जाहिर की। मगर पुलिस ऐसे लोगों पर कार्यवाही भी नहीं करती है । लेकिन मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं । ऐसा ही एक तीन दिन से एक वीडियों दबंग निखिल का काफी समय से वायरल होता नजर आ रहा है । जिसमें युवक फिल्मी गाने पर डांस करते तमंचे को तहरा रहा है । वीडियों करीब 11 सेकेंड का है । जिसमें तमंचा हाथ में लेकर बीडियों बनाता दिख रहा है । जानकारी के अनुसार थाना भमोरा क्षेत्र के सिंघा गाँव निवासी निखिल का बताया जा रहा है ।

थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है । जाँच कराकर युवक के खिलाफ कार्यवाई करने की वात कहीं है ।

लोगों के साथ खड़े होकर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारा लक्ष्य --अंशय कालरा बसपा प्रत्याशी

लखीमपुर खीरी, 28 अप्रैल, 2024 ¬ खीरी लोकसभा सीट से बसपा के उम्मीदवार अंशय कलरा का नियमित जनसंपर्क जारी है। आज वह बरोला क्षेत्र में बाघ के हमले में घायल लोगों से मिलने के लिए अस्पताल गए। उन्होंने इन घायलों को मदद के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।अंशय कलरा ने बताया कि उनका लक्ष्य लोगों के साथ खड़ा होकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। वे समाज के निर्विघ्न विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और सभी लोगों को समान अधिकार और सुविधाएं दिलाने का आश्वासन देते हैं। क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता के मिल रहे अपार समर्थन से विपक्षियों के हौसले फर्स्ट दिखाई पड़ रहे हैं और खीरी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के गणितीय समीकरण उल्टा होते दिखाई पड़ रहे हैं।

नाजायज गांजा के साथ एक गिरफ्तार

अदलहाट, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के रसूलागंज मोड़ के पास से रविवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को 450 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसआई जयदीप सिंह संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग कर रहे थे कि सूचना मिली की एक व्यक्ति प्लास्टिक के झोले में नाजायज गांजा लेकर पुड़िया बनाकर इधर उधर घूम कर बेच रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही वह तेजी से भागने लगा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तलाशी लिया तो प्लास्टिक के झोले में नाजायज 450 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपित प्रिन्स पटेल पुत्र विनोद पटेल ग्राम हिनौती थाना चकिया जनपद चन्दौली का निवासी है।

गेहूं खरीद 10 केंद्र प्रभारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। 10 मीट्रिक टन से कम गेहूं खरीद करने वाले सहकारिता विभाग के 10 केंद्र प्रभारियों को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। इसके साथ ही एआर कोऑपरेटिव को तीन दिन में सुधार न होने पर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

लक्ष्य के सापेक्ष खरीद पूरा करने के लिए प्रशासन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बाद भी कुछ केंद्र प्रभारी इसमें लापरवाही दिखा रहे हैं। 11 एवं 12 अप्रैल को प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद ने जिले में गेहूं खरीद को लेकर निरीक्षण किया था। उन्होंने भी खरीद संतोषजनक न होने की बात कही थी।

इसके बाद 22 अप्रैल को विशेष सचिव खाद्य एवं रसद ने भी यहां पहुंचकर खरीद का जायजा लिया। कम खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। शासन स्तर से मिले निर्देश के बाद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सहकारिता विभाग के 10 क्रय केंद्र प्रभारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार सिंह को निर्देश दिए हैं। इसमें पीसीयू का बीसलपुर मंडी स्थित नवम केंद्र, बी पैक्स का बरातभोज और निरसा, सरदार नगर, परेवा वैश्य, बीसलपुर मंडी का आठवां, पीसीएफ का पूरनपुर और अमरिया तथा यूपीएसएस का न्यूरिया केंद्र शामिल हैं। इन सभी केंद्र प्रभारी को चेतावनी दी गई है कि तीन दिन में सुधार न होने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी आरएमओ विजय कुमार ने बताया दसों केंद्र प्रभारियों ने 56 दिनों में 10-10 मीट्रिक टन से भी कम खरीद की है। इससे खरीद के प्रति उनकी लापरवाही उजागर हो रही है।

पति ने पत्नि को तीन बच्चो सहित मार पीट कर घर से निकाल दिया है

स्वतंत्र प्रभात

बरेली । पति ने मारपीट का घर से निकाला पांच बच्चों की मां को तीन बच्चों के साथ दो दिन से दर-दर भटक रही मांग-मांग कर भर रही पेट थाना विशारतगंज पहुंची तो पुलिस ने कह दिया लिखवा कर लाओ तहरीर। किसी तरह पीड़िता तहरीर भी लिखवा लेकर आई तो कह दिया तुम घर जाओ।

हम वही पहुंच जाएंगे। घर पहुंची तो फिर पति ने मारपीट कर निकला घर से जगह-जगह बैठकर महिलाओं को दिखा रही अपने शरीर के ज़ख्म। थाना क्षेत्र के नंदगांव गांव निवासी प्रेमराज लोधी की पत्नी ललिता देवी ने शनिवार को थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया है, कि वह बिहार के झारखंड की रहने वाली है । और नंदगांव के गिरधारी लाल के पुत्र हीरालाल के साथ उसकी 10 वर्ष पूर्व शादी हुई थी ।हीरालाल से उसके दो पुत्रों व एक पुत्री का जन्म हुआ कुछ दिनों बाद हीरालाल की मृत्यु हो गई । जिसके बाद परिवार के लोगों ने परिवार के ही दामोदर के पुत्र प्रेमराज के साथ उसकी शादी करा दी। प्रेमराज द्वारा उसके दो पुत्रों का जन्म हुआ कुछ दिनों बाद से ही प्रेम राज उसके साथ मारपीट करने लगा ।

आए दिन मारपीट कर घर से निकाल देता है । शुक्रवार को प्रेमराज ने ललिता देवी को तीन बच्चों के साथ मारपीट का घर से निकाल दिया । और अपने दो बच्चों को रोक लिया । किसी तरह ललिता देवी थाना बिशारतगंज पहुंच गई । रात्रि हो गई तो वह कस्बे में ही किसी के घर रुक गई । और सुबह होते ही थाना पहुंची तो पुलिस ने तहरीर लिखवा कर लाने को कह दिया ।

रोती-बिलखती ललिता किसी तरह तहरीर भी लिखाकर ले आई ।और पुलिस को आप बीती बताई व पति द्वारा की हुई पिटाई से शरीर पर बने जख्मों के बारे में भी अपना दर्द बयां किया।पुलिस ने तहरीर ले ली । और ललिता देवी से कह दिया कि तुम घर जाओ और हम वहीं आ जाएंगे। आरोप है कि शनिवार की दोपहर जब ललिता देवी घर पहुंची तो पति ने फिर मारपीट कर घर से निकाल दिया । और वह रोती बिलखती अपने तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ दर-दर भटक रही है ।और मांग-मांग कर अपना व बच्चों का पेट भर रही है। हल्का इंचार्ज एस आई महेंद्र प्रताप सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया ।किंतु संपर्क नहीं हो सका।

पूर्व में भी दे चुकी है प्रार्थना पत्र लेकिन नहीं हुई कार्रवाई ।

ललिता देवी ने बताया कि वह इससे पूर्व में भी कई बार थाना पुलिस को शिकायती पत्र दे चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

राम कल्याण समिति सभी की आस्थाओं के साथ साथ रोजगार के लिए हर पल अग्रसर

● समिति की ग्रामसभा वासियों को रोजगार दिलाने के लिए उचित पहल

स्वतंत्र प्रभात

धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा रामलोक में आए दिन ग्राम सभा वासियों को स्वास्थ्य से लेकर रोजगार तक के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था ,ऐसे मुस्किल समय में ग्राम सभा वासियों की मुसीबतों को देखते हुए , युवाओं ने मिलकर एक एनजीओ का शुभारंभ किया जिसका नाम ग्रामसभा के नाम पर रख कर ग्राम सभा वासियों की दिक्कतों को अपनी दिक्कत समझ कर उनके लिए कदम से कदम मिला कर खड़े हो गए ,समिति ने ग्राम सभा वासियों को जोड़कर ग्राम सभा वासियों की हर जरूरत को पूरा करने के लिए अपने कदम बढ़ा दिए,समिति ने कई महिला कल्याण योजना निर्धारित की जिसमे समिति ने गरीब कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करना प्रारंभ किया।,अभी बीते कुछ दिनों में ही समिति ने लगभग 13 कन्याओं की शादी में आर्थिक सहायता प्रदान की,साथ ही समिति ने कुछ ग्राम सभा वासियों के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को देखते हुए उन्हें सहयोग राशि प्रदान की,एवम समिति ने जो बेहद ही गरीब समाज से आए हुए 3 व्यक्तियों की बहुत ही बड़े स्तर पर उनकी मदद की ।

इसके उपरांत समिति ने ग्राम सभा वासियों को रोजगार दिलाने के लिए कई उधमियों से बात की ,समिति की पहल रंग लाई ।बंसल ग्रुप्स ने जो की दिल्ली एनसीआर के बहुत बड़े उद्योगपति हैं विजय मलयार जिनकी दुबई एवं कई देशों में फैक्टर लगी हुई है, जिन्होंने टोल प्लाजा के पास विनेगर फैक्ट्री खोलने का निर्णय लिया,इन्होंने यह बताया कि इस क्षेत्र में गन्ना उत्पादन से लेकर गन्ने के मूल्य तक कई विवाद होते रहते हैं ,जिससे कि किसान परेशान होते हैं ,युवाओं को रोजगार दिलाने की मंशा से उन्होंने यह कहा की गन्ने से सिरका बनता है जिसकी मार्केट अच्छी होती है,जिससे हमारे किसान भाइयों की इनकम में बहुत ही ज्यादा फायदा होगा, इसको देखते हुए हमने जमीन खरीदी है जिस पर मैं फैक्ट्री का निर्माण करने जा रहा हूं जिसकी प्रक्रिया हमने शुरू कर दी है,इस प्लांट में पढ़े लिखे स्थानीय जागरूक युवाओं की जरूरत थी जिसको देखते हुए हमने रामलोक कल्याण समिति से बात करके समिति के माध्यम से हमने प्रथम चरण में 30 युवाओं का चयन किया है,जिनका नाम 1 मई को बता कर उन सभी को उनके संबंधित पत्र दे दिए जाएंगे,जिससे की ग्राम सभी वासी खुस रहे,

इसके साथ ही साथ ग्रामसभा वासियों की आस्था को देखते हुए समिति ने पिछली बीती हुई 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को भी धूम धाम से मनाया ,एवम नव दुर्गा जागरण का भी समिति के द्वारा आयोजन किया गया था।आने वाली 10 मई को भगवान परशुराम जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,जयंती को धूमधाम से मनाया जायेगा। उस दिन भजन संध्या का आयोजन कर सभी समिति के लोगों को बुलाकर इस दिन हम सभी लोग सौगंध खाएंगे कि अगले वर्ष लखनऊ मंडल का सबसे बड़ा ऐतिहासिक भगवान परशुराम का मंदिर निर्माण समिति एवं आम जनमानस के सहयोग एवं आशीर्वाद से बनाया जाएगा जिससे कि अगले वर्ष भगवान परशुराम की जयंती उनके मंदिर प्रांगण में मनाई जाएगी।साथ ही साथ दुर्गा माता मंदिर एवम रामलोक गांव में शिव मंदिर एवम जो भी मंदिर ग्राम सभा में हैं उनका कायाकल्प किया जायेगा।सर्वेश दीक्षित ने बताया की हम सर्व समाज के साथ में खड़े हैं।समिति के द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार ग्राम सभा के सभी ग्रामों में एक एक कार्यालय खोला जाएगा जिससे की पीड़ित ग्राम सभा वासियों को उनका हक एवम सम्मान मिल सके ।समिति के संरक्षक प्रत्येक रविवार को अपनी ग्राम सभा में उपस्थित होकर सभी ग्रामसभा वासियों की दिक्कतों को सुनेंगे एवं उसका निस्तारण करने की कोशिश करेंगे। एवम समिति के संरक्षक हमेशा अपनी ग्राम सभा वासियों के लिए हमेशा तत्पर खड़े रहेंगे ,जब भी वह चाहे संरक्षक के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं एवं संरक्षक किसी भी समय किसी भी दिन ग्राम सभा में उपस्थित होकर ग्राम सभा वासियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करेंगे।

रेलवेस्टेशन मार्ग चौड़ीकरण में अब तक 18 भूस्वामियों का सत्यापन

स्वतंत्र प्रभात

विन्ध्याचल , मीरजापुर । रेलवे स्टेशन से पुरानी विशिष्ठ मार्ग को जोड़ने वाली योजना के अंतर्गत दो दिनों में अट्ठारह संपत्ति स्वामियों का सत्यापन किया गया । विन्ध्य कोरिडोर योजना के अंतर्गत तमाम गलियों सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है । इसमें रेलवे स्टेशन से स्टेटबैंक चौराहा होते हुए पुरानी विशिष्ठ मार्ग को जोड़ने वाला पारित प्रस्ताव वाले मार्ग के दायरे में आने वाले संपत्ति स्वामियों का सत्यापन आरंभ हो चुका है । इस योजना के अंतर्गत प्रभावित होने वाले लगभग पचहत्तर संपत्ति स्वामी है । मुवावजे की रकम सही व्यक्ति को पहुंचे इसके लिए जिलाप्रशासन द्वारा राजस्व विभाग तथा लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम निर्धारित की गई है । दो दिनों में संपत्ति स्वामियों द्वारा प्रस्तुत किए

गए कागजातों में से अट्ठारह लोगो का सत्यापन मौके पर जाकर टीम द्वारा किया गया । इसकी जानकारी अवरअभियंता लोक निर्माणविभाग प्रवीण चौहान ने दी । सम्पूर्ण सत्यापन के पश्चात पर्यटन विभाग द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया आरंभ हो जायेगी ।

सरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका के गाल पर गर्म सरिया से गोदकर लिखा अपना नाम।

● पीड़िता ने मामले की एसपी कार्यालय में की शिकायत

शादी से इनकार करने पर प्रेमी ने रस्सी से बांधकर किया रेप....लोहे की गर्म राड से दोनो गालों पर लिखा अपना नाम अमन

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर-खीरी ।जनपद मे एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश मे आया है, जहां प्रेमिका के शादी से इंकार करने पर सरफिरे प्रेमी ने बर्बरता के साथ खौफनाक वारदात को अंजाम दे डाला। सिरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका के हाथ पैर बांधकर रेप किया और इसके बाद गुस्से में प्रेमिका के गाल पर लोहे की गर्म रॉड से जबरन अपना नाम अमन लिख डाला।

धौरहरा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अमन नाम के लड़के का अपने ही गांव की एक लड़की से पिछले कई सालों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लेकिन अभी हाल में जब अमन ने अपनी प्रेमिका से शादी करने की इच्छा जताई तो युवती ने मना कर दिया इससे अमन भड़क उठा और गुस्से में उसने लोहे की गर्म रॉड से युवती के दोनों गालों पर अपना नाम, लिख दिया।पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी युवक अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है। मगर वह अभी फरार है।

द्दगर्म रॉड से प्रेमिका के चेहरे पर लिखा अपना नाम, लव मैरिज से इनकार पर दी सजा

किशोरी की मां ने बताया कि घटना 19 अप्रैल की सुबह करीब 11¬30 बजे की है। उसकी बेटी परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। जब वह वापस आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के ही एक युवक ने उसको उठा लिया और अपने घर में तीन दिन बंद करके बेटी को शारीरिक यातनाएं दीं। बेटी जब घर नहीं पहुंची तो वह उसकी तलाश कर रहीं थी।

पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

तीसरे दिन शाम को किसी तरह से चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची। उसकी मां का कहना है कि जब उन्होंने बेटी से पूछताछ की तो उसने घटना की जानकारी दी और बताया कि उसके चेहरे पर लाइटर से लोहे की पतली छड़ गर्म कर आरोपी ने अपना नाम लिख दिया है। इस पर परिजन पीड़ित किशोरी को लेकर थाना धौरहरा पहुंचे और आरापियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को पीड़िता परिवार वालों के साथ एएसपी से मिली और पूरी बात बताई एएसपी पूर्वी पवन कुमार गौतम के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

लड़की ने लगाया आरोप

आरोप है कि इसके बाद अमन ने गुस्से में लड़की के दोनों गालों पर गरम रॉड से अपना नाम लिख दिया. पुलिस के पास शिकायत करने पहुंची लड़की ने अमन पर यौन उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है. उसने आजतक को बताया, हम दुकान पर सामान लेने गए थे. 19 तारीख को हमारा मुंह दबाकर वह लड़का हमें अपने घर उठा ले गया. फिर हमारे साथ गलत काम किया. फिर उसने रॉड से हमारा चेहरा जला दिया. अपना नाम लिख दिया. उसकी बहन और उसकी मां ने हमको पकड़ रखा था. हम चिल्लाते रहे कोई हमें बचाने नहीं आया. हमें इंसाफ चाहिए. हम उस लड़के को सजा दिलाना चाहते हैं. वो बोल रहा था कि हमसे शादी करो. हमने मना कर दिया तो उसने हमारा चेहरा खराब कर दिया।

लखीमपुर खीरी के सीओ के नाम पर मांगा 45 लीटर डीजल

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी हापुड़ आरपीएफ मुरादाबाद में तैनात एक मुख्य आरक्षी चालक ने पुलिस लाइन परिवहन शाखा से सीओ की सरकारी कार बताकर 45 लीटर डीजल भरवाने का प्रयास किया। लेकिन जांच के बाद मामला खुल गया, जिसके बाद शाखा में तैनात उपनिरीक्षक ने आरोपी आरक्षी चालक के खिलाफ कोतवाली हापुड़ नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस लाइन परिवहन शाखा में तैनात उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया है कि बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन लखीमपुर खीरी में तैनात मुख्य आरक्षी चालक संतोष कुमार अपने आपको लखीमपुर खीरी सीओ का चालक बताते हुए उपनिरीक्षक परिवहन शाखा जिला गौतमबुद्धनगर के नाम एक प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचा। उसने सीओ की सरकारी कार में सरकारी कार्य के लिए 45 लीटर डीजल भरवाने के लिए कहा।उपनिरीक्षक के जिला लखीमपुर खीरी में दो माह की तैनाती और प्रेषित प्रार्थना पत्र के संदर्भ में पूछताछ करने पर उन्हें चालक पर शक हुआ। इस पर उन्होंने लखीमपुर खीरी की परिवहन शाखा में संपर्क कर चालक के संबंध में जानकारी प्राप्त की तो इस कार का नंबर व चालक दोनों को संदिग्ध बताया गया।

उन्होंने आरोपी चालक से पुलिस परिचय पत्र एवं अन्य कोई पहचान पत्र उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस पर आरोपी चालक ने अपने आप को एसपी राजकीय रेलवे पुलिस अनुभाग मुरादाबाद का चालक बताया और राजकीय रेलवे पुलिस अनुभाग मुरादाबाद का पुलिस परिचय पत्र दिखाया। परिचय पत्र में कर्मी का नाम सुभाष चंद्र तिवारी पुत्र कमलाकांत तिवारी निवासी गांव सिकंदरा थाना रहरिया जिला इलाहाबाद अंकित था। वहीं, प्रतिसार निरीक्षक महेश चंद ने एसपी जीआरपी अनुभाग मुरादाबाद से फोन पर जानकारी प्राप्त की। जानकारी करने पर एसपी ने बताया कि यह कर्मी मेरी सरकारी गाड़ी का चालक तो नहीं है, लेकिन वर्तमान समय में जीआरपी लाइन में नियुक्त है। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि पूर्व में भी आरोपी चालक द्वारा फर्जी तरीके से वाहन में 30 लीटर डीजल भरवा चुका है। इस वाहन का कागजात की जांच की गई तो सभी गलत पाई गई। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आयुर्वेदिक अस्पताल के फार्मासिस्ट की भूसी के ट्रक से टकराने से हुआ गंभीर घायल, लखीमपुर रेफर

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र के अंतर्गत गोला सिकंदराबाद हाइवे के निकट बसे गांव बेलाबोझी मे लगी ऐक धान चक्की पर सडक पर खडी कर भूसी भर रही ट्रक संख्या द्म06/ छ्क्क 8521मे सामने से आ रही मोटर साईकिल संख्याक्क31/ड्ड,0121 स्पेलंडर सवार जा टकराया जिससे व गम्भीर रूप से घायल हो गया,घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुचे परिजनो व चौकी सिकंदराबाद पुलिस ने निजी वाहन से गम्भीरा अवस्था के चलते लखीमपुर भेजा दिया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव निवासी अनंगपाल वर्मा पुत्र पुनई जो कि निकटवर्ती गांव जडौरा मे ऐक आयुर्वेद अस्पताल मे फार्मासिस्ट है। जो कि गोला मे अस्पताल के किसी कार्य हेतु गोला आयुर्वेद अस्पताल गोला गये हुये थे ,और वह लगभग तीन बजे के समय वापस आ रहे थे जैसे ही वह बेलाबोझी गांव के निकट पहुचे बैसे ही सडक के किनारे आधी सडक पर भर रहे भूसी के ट्रक मे जा टकराई और वह गम्भीर रूप से घायल हो गये ,राहगीरो की सूचना पर मौके पर पहुचे परिजनो ने सिकन्दरवाद पुलिस को सूचित किया जिसके चलते अपने दलबल के साथ चौकी इंचार्ज सिकंदराबाद आशीष सहरावत ने घायल को अति गंभीरता अवस्था के चलते लखीमपुर भेज दिया है।सिकंदराबाद पुलिस ने ओवरलोड भूसी भरे ट्रक को अपने कब्जे मे ले लिया है।

लखीमपुर वासियों ने उठाई हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जनपद में हृदयरोग विशेषज्ञ आ जाये। राष्ट्रवाद के नाम पर वोट लेंगे, हिंदुत्ववाद के नाम पर वोट लेंगे लेकिन जब राष्ट्रवादी ही नही बचेंगे फिर वोट कौन करेगा।

बड़े बड़े पदाधिकारी है हमारे लखीमपुर खीरी में लेकिन सब स्वयं का विकास करने से फुर्सत नही पा रहे। ऐसा नही है एक दिन इनका भी नम्बर आएगा जब ये वीरगति को प्राप्त होंगे लेकिन जब तक पद, प्रतिष्ठा है तब तक खुद को अमर मान ले, मन ही मन संतुष्ट हो ले। भगवान खैर खबर इनकी भी लेगा।

दुर्भाग्य है हम लखीमपुर खीरी वालों का की यहाँ की धरती से निकले आज बड़े पदों पर आसीन है लेकिन मजाल है आवाज उठाई हो कार्डियोलोजिस्ट के लिए। क्योंकि उनके पास अथाह धन है वह सीधे लखनऊ, दिल्ली चले जाते हैं। आम आदमी कहाँ जाए?बहुत क्रोध आता है वर्तमान की स्थिति देखकर परन्तु सब जिंदाबाद करने के चक्कर मे मुहँ पर टेप लगाए बैठे हैं। और इंतजार कर रहे अपनी बारी का।चुनाव का समय है

बढ़िया मौका है दोस्तों आप भी आवाज उठाये, हम भी उठा रहे हैं। होगा कुछ नही ये हमे भी पता है परंतु प्रयास करने में क्या जाता हैं।

संक्षिप्त ख़बरें

भू माफिया द्वारा गांव के खलिहान की जमीन पर 22 वर्षों से कब्जा

सुरियावा स्थानीय विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा पुर मनोहर में खलिहान की जमीन आराजी नंबर 00197 मैं रकबा 0-0760 वह आराजी नंबर 00197 रकबा 0250 आराजी नंबर 00197 रकबा 0-750 संख्या खलिहान को गांव के ही भू माफिया द्वारा 22 वर्षों से कब्जा कर लिया गया है उक्त खलियान को ग्राम सभा के सभी लोग पहले उपयोग करते थे लेकिन उक्त भूमाफिया द्वारा जब से कब्जा कर लिया गया है गांव वालों के लिए भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है गांव के ही एक किसान द्वारा उक्त खलियान को खाली करने के लिए राजस्व विभाग को प्रार्थना पत्र देकर खाली करने के लिए दिया गया है प्रार्थना पत्र पाकर हल्का लेखपाल द्वारा उक्त जमीन को चिन्हित कर दिया गया है लेकिन भू माफिया द्वारा लगातार जमीन पर पिलर गडकर कब्जा किया जा रहा है सभी ग्राम वासियों द्वारा जिलाधिकारी महोदय से उक्त खलिहान को खाली करने की मांग की है ताकि किसानों द्वारा कल्याण का उपयोग किया जा सके और और भू माफिया के चंगुल से खलिहान आजाद हो

चार बिछड़े दंपतियों को मिलाया गया

मीरजापुर। रविवार को प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता, काउंसिलिंग के माध्यम से 04 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷अभिनन्दन÷ के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है । रविवार को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 04 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थें ।परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक-सीमा सिंह, महिला मुख्य आरक्षी सावित्री यादव, महिला आरक्षी पिंकी जायसवाल तथा परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य डा.कृष्णा सिंह, निर्मला राय व पार्वती पाण्डेय मौजूद रहीं ।

नेक और सराहनीय कार्य शिव प्रताप शुक्ल ए डी एम रा/वि द्वारा

विंध्याचल। मां विंध्यवासिनी धाम में दूर दराज से आए मां के भक्तों को हर प्रकार से राहत देने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास करने के लिए सदैव तत्पर दिखाई दे रही है। इसी कड़ी में ए डी एम शिव प्रताप शुक्ल जी सदैव सक्रियता के साथ जनपद में अपने कर्त्तव्यों का निर्वाहन करते हुए दिखते है। इसी प्रकार से जैसे ही उन्हें पता चला कि भक्तों को धूप के कारण उनके पैर जल रहें है वैसे ही उन्होंने मैट बिछा कर राहत कार्य कराया गया। ए डी एम शिव प्रताप शुक्ल जी ने सभी गलियों में जहां जहां श्रद्धालुओं की पंक्ति लगती है वहां वहां मैट बिछवाया गया। इससे दर्शनार्थियों को काफी राहत मिल रहा है। वहीं जिला प्रशासन के इस कार्य को भूरि भूरि प्रशंसा किया जा रहा था।

फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा किया गया

मीरजापुर, चुनार। फरार अभियुक्त जुम्मन पुत्र स्व हैदर निवासी ग्राम सत्तनपुर थाना जंसा जिला वाराणसी जो कि मुश्अश्रसंख्या 133/23 धारा 3/5 गोवध निवारण अधिनियम 11पशु क्रूरता अधि. थाना चुनार जिला मिर्जापुर में वांछित है । अभियुक्त के घर पर दिनांक 26-03-2024 को उपनिरीक्षक नागेंद्र सिंह व नरेंद्र यादव थाना चुनार जिला मिर्जापुर द्वारा नोटिस चस्पा किया गया।

बिमारियों से छुटकारा के लिए व्यायाम जरुरी- नौशाद अहमद - सभासद पति गोपीगंज वार्ड नंबर 12

●साइकिल चलाने से पुरे शरीर का व्यायाम होता है -अताउल अंसारी - अध्यक्ष भदोही साइकिलिंग क्लब

स्वतंत्र प्रभात

भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक सप्ताह की तरह इस रविवार भी सुबह भोर में गोपीगंज बड़ा चौराहा से साइकिल यात्रा निकाली गयी । लोगों को जागरूक करते हुए सभी लोग गोपीगंज चौराहा, सरकारी अस्पताल गली, सोनिया तालाब होते हुए मुजाहिद नगर नई बस्ती पहुंचे । वहां पहुँचने पर गोपीगंज वार्ड नंबर 12 के सभासद पति नौशाद अहमद भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे और सभी साइकिल चालकों का माला पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया और कहा कि बिमारियों से छुटकारा पाने के लिए सुबह का उठना और व्यायाम करना बहुत जरुरी है । जो सुबह उठेंगे वो थकावट और सुस्ती से दूर रहेंगे । सभी को सूर्योदय से पहले उठना चाहिए जिससे सभी स्वस्थ रहें । सभासद पति ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए ।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर मुजाहिद नगर नई बस्ती, मेवड़ापुर बगीचा, लालापुर का भ्रमण करते हुए हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को सुबह उठने, योग, व्यायाम करने, साइकिल चलाने के फ़ायदे के बारे में जागरूक करते हुए मेवड़ापुर चौक मोहल्ला में इसका समापन हुआ ।

बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को 2021 से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा कई प्रदेश में पहुचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे है। वही अताउल अंसारी के इस पहल की लोगों मे खूब सराहना हो रही है।

साइकिल यात्रा में अताउल अंसारी, नौशाद अहमद, मुश्ताक अंसारी, प्रवीण सिंह टंडन, राजीव जायसवाल, अनिल बिन्द, महेंद्र यादव, अबरार हाश्मी, ,मंजूर आलम, कमलेश कश्यप, इम्तियाज़ अहमद, राजकुमार कन्नौजिया, अबू हुरैरा अंसारी, शेर मोहम्मद समेत आदि रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024,लोकतंत्र के महापर्व में 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु समस्त उम्मीदवारों का कलेक्ट्रेट नामांकन स्थल पर स्वागत है

●जिला निर्वाचन अधिकारी ने 78-भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में छठे चरण में मतदान कराए जाने हेतु कार्यक्रम किया घोषित

आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कक्ष में उम्मीदवार सहित कुल पांच व्यक्ति ही करेंगे प्रवेश

नामांकन तिथि व समय 29 अप्रैल से 6 मई तक 11से 3 बजे तक कलेक्ट्रेट सील,निर्वाचन पास रहने पर ही होगा प्रवेश

स्वतंत्र प्रभात

भदोही – जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 लोकतंत्र के महापर्व में 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु समस्त उम्मीदवारों का कलेक्ट्रेट नामांकन स्थल पर स्वागत है। नामांकन व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से संचालन के दृष्टिगत पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को बैरिकेडिंग करते हुए आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने जनपद भदोही के समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को सूचित करते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही लोकसभा क्षेत्र में छठें चरण में मतदान कराए जाने हेतु कार्यक्रम घोषित किया जा रहा है, जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना व नामांकन प्रारंभ की तिथि 29.04.2024, नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 06.05.2024, नाम निर्देशन की जांच हेतु दिनांक 07.05.2024, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 09.05.2024 को अपराह्न 3ः00 से पूर्व तक, मतदान का दिनांक 25.05.2024, मंगलवार ,मतगणना का दिनांक 04.06.2024 है। उन्होंने बताया कि 78, भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन न्यायालय कक्ष कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट भदोही कलेक्ट्रेट परिसर सरपतहां में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पूर्वाह्न 11ः00 से अपराह्न 3ः00 तक रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्राप्त किए जाएंगे, दिनांक 07.05.2024 को नाम निर्देशन पत्रों की सवींक्षा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाएगी, दिनांक 09.05.2024 को नाम वापसी के पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आवंटित किए जाएंगे। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहन एवं काफिले को नामांकन कक्ष से 100 मीटर के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन कक्ष में आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के साथ चार अन्य व्यक्ति उम्मीदवार सहित कुल पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। नामांकन कक्ष से 300 मीटर पहले ही अर्थात कलेक्ट्रेट के बाहर जिला न्यायालय के पहले एवंआरटीओ ऑफिस के पास नामांकन वाहनो को रोक दिया जाएगा।

जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा जारी।

8 किलोमीटर की सड़क में 100 से ज्यादा गड्ढे , आवागमन में दिक्कतें

●सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क , दो जिलों को जोड़ती है सड़क

स्वतंत्र प्रभात

अभोली/भदोही। अभोली ब्लाक इलाके के ज्ञानपुर-दुर्गागंज रोड से सटे बसवापुर-बिठौली सड़क की हालत नाजुक बन गई है। मरम्मत के अभाव में 8 किलोमीटर की इस सड़क में 100 से ज्यादा जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। सड़क के गढ्ढों से आए-दिन हादसे हो रहे हैं और आवागमन करने वाले यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे , ट्रक , बस , आटो , जीप , बाइक समेत तमाम वाहन से लोग गुजरते हैं जिससे राहगीरों को दिक्कतें होती है।

बसवापुर चौराहे पर स्थित स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक छह साल से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है। राहगीरों को परेशानी होती है। राहगीर इस सड़क पर दस मिनट का सफर एक घंटे में तय करते हैं। सड़कों की मरम्मत को लेकर शासन गंभीर है। जिले में कई बार गड्ढामुक्ति अभियान भी चलाया गया। इसके बाद भी जिले के कई सड़कों की सूरत नहीं बदती। प्रयागराज की सीमा को जोड़ने वाली बसवापुर से बिठौली मार्ग करीब दो दशक पहले इस सड़क का निर्माण कराया गया था। लोगों का कहना है कि छह साल पहले सड़क की मरम्मत हुई थी। मरम्मत के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। कुछ ही महीनों में सड़क जर्जर हो गई। इस मार्ग से हर दिन 500 से 600 लोगों का आना-जाना होता है। वे दस मिनट का रास्ता एक घंटे में तय करते हैं। एक तरफ जहां प्रदेश की भाजपा सरकार सड़कों के गड्ढा मुक्त होने का दावा करती है तो वही दूसरी तरफ बसवापुर-बिठौली सड़क की दुर्दशा सरकार के दावों को मुंह चिढ़ा रही है।

मतदान महादान,पौध दान महाकल्यान

●सी.डी.ओ.विशाल कुमार को ग्रीन गुरु जी ने भेंट किया इन्सुलिन का पौध

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के सौजन्य से मैत्री क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन पुलिश परेड ग्राउंड मीरजापुर में प्रिंट मीडिया इलेवन एवं जिला प्रशासन इलेवन के बीच कैनवस क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें प्रशासन की टीम विजेता रही,जिसके कप्तान मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर, विशाल कुमार जी थे,जिनको संचालन करने गए ग्रीन गुरु जी ने इन्सुलिन का पौध सप्रेम भेंट किया।

साथ ही 28 अप्रैल 2024 को 3226 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक,सचिव , अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, मा. मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, तदर्थ प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज,पचोखरा, मीरजापुर , हिमालय उड बैज, स्काउट, नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य, मीरजापुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन, बुलंदशहर एवं संयोजक, विंध्याचल मंडल(मीरजापुर), लोक भारती हरियाली अभियान,लखनऊ, सदस्य,जिला ओलम्पिक संघ,मीरजापुर द्वारा 01जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3226 वें दिन के क्रम में प्रतियोगिता स्थल पुलिश परेड ग्राउंड मीरजापुर के परिसर में गुलाब के पौध का रोपण अनवर हुसैन जिला सचिव,हॉकी, राजन कुमार मौर्या,उपज मोर्या, आदित्य यादव के साथ ग्रीन गुरु जी ने किया। साथ ही राजन मौर्या को एक कामिनी का पौध भी दिया। डु इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने बतलाया कि लगातार प्रति दिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा - भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

मतदाताओं को बूथ तक सहजता से पहुंचने की जानकारी हेतु भदोही बूथ सारथी ऐप को आज डीएम दयावंती पुंज कॉलेज में करेंगे लॉन्च

●स्वीप नवाचार पहलों में आज -''भदोही बूथ सारथी'',चुनाव पाठशाला का आयोजन

आज दयावंती पूंज कालेज में ''भदोही बूथ सारथी'' एप का हजारों युवाओं के साथ डीएम करेंगे शुभारम्भ

ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र डाउनलोड कर 25 मई को वोट करने की, जायेगी प्रतिबद्धता-डीईओ

आज एक साथ जनपद के सभी मतदान केदो पर आयोजित होगा चुनावी पाठशाला

स्वतंत्र प्रभात

भदोही :- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के क्रम में स्वीप के अन्तर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिला निर्वाचन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में नवाचार पहल करते हुए आज 29 अप्रैल को समस्त ग्राम पंचायतों में चुनावी पाठशाला एवं जनपद स्तर पर दयावंती पूंज कालेज में 12 बजे प्रदेश में अपने तरह का विशेष ऐप मतदाताओं को बूथ तक सहजता से पहुंचने की जानकारी देने हेतु मतदाता सुविधा एप ''भदोही बूथ सारथी'' लॉन्च किया जायेगा। इसके पूर्व रास्ते में जिलाधिकारी द्वारा जंगीगंज-सीतामढ़ी मार्ग के मोड पर एवं कोईरौना बाजार में मतदाता सुविधा एप के बारे में मतदाताओं से चर्चा पर चर्चा किया जाएगा

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश स्तर पर जनपद भदोही द्वारा मतदाता सुविधा एप्प-''भदोही बूथ सारथी'' एप्प बनाया गया है। मतदाताओं को बूथ तक साझाता से पहुंचने की जानकारी हेतु इस ऐप के डाउनलोड के बाद जनपद का कोई भी मतदाता एप्प में पूछे गये आब्जेक्टिव विकल्प के साथ जैसे नाम, पिता का नाम, विधानसभा का नाम, गॉव का नाम आदि के क्रम भरने के बाद आपको अपने बूथ सहित बीएलओ का नाम व मोबाइल नम्बर तक उपलब्ध करा देगा। ताकि आप सुविधा व सुगमता के साथ मतदाता सूची में अपने मतदान केन्द्र/बूथ की भौगोलिक स्थिति की भी जानकारी घर बैठे प्राप्त हो सके। इस ''भदोही बूथ सारथी'' का जनपद स्तर पर लोकार्पण/शुभारम्भ 29 अप्रैल को दयावंती पूंज कालेज में हजारों लोगों द्वारा डाउनलोड कर इसका व्यापक शुभारम्भ किया जायेगा। इसी मौके पर डिजिटल मतदाता शपथ प्रमाण पत्र भी हजारों लोगों द्वारा डाउनलोड कर 25 मई को मतदान करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता की जायेगी।

स्वीप नवाचार जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत ÷चुनावी पाठशाला÷ की रूपरेखा पर व्यापक प्रकाश डालते हुए बताया कि 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से पूरे जनपद में सभी मतदान केन्द्रो पर एक साथ चुनावी पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समस्त मतदाता उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम में पंचायत सहायक, रोजगार सहायक, सचिव, बीएलओ, लेखपाल, आगनबाड़ी कार्यक्रत्री, एनएएम, युवक मंगल दल, महिला समूहो के पदाधिकारी, एवं विद्यालय के अध्यापक अनिवार्य रूप से उपस्थित होगे तथा सभी मतदाताओं को कार्यक्रम स्थल तक लाने के लिए जिम्मेदार भी होगे। ग्राम पंचायतों में स्थित बूथों पर कार्यक्रम के पर्यवेक्षण हेतु सभी अधिकारियों को ग्राम पंचायत कलस्टर वार नामित किया गया है। इस पाठशाला में समस्त मतदाताओं का नाम उपस्थित लोंगों के सामने पढ़कर सुनाया जायेगा। ऐसे मतदाता जो जनपद के बाहर है उन्हें पाठशाला से ही फोन कर 25 मई को मतदान करने हेतु आमंत्रित किया जायेगा, तथा ऐसे लोग शादी विवाह में प्रतिभाग करने हेतु गॉव में आये हुए है उन्हें चुनाव तक रूकने हेतु अनुरोध भी किया जायेगा। गॉव में अनुरोध भ्रमण यात्रा भी निकाली जायेगी।

जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

सपा इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

●10 मई को होगा प्रत्याशी का नामांकन

लोकसभा चुनाव संविधान बचाने का: राजेन्द्र एस बिन्द

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। सपा इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द का केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कान्हा एण्ड ब्रदर्स मैरेज लान बरौधा कचार में किया गया। इस मौके पर सपा, कांग्रेस, आप के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सपा इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार भ्रष्टाचार उद्योगपतियों को देश के संसाधन लूटने की छूट तथा बढ़ती महंगाई बेरोजगारी, शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है। भाजपा जनता के अधिकार छीन रही है। संविधान बदलने की कोशिश कर रही है। यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। यह लोकसभा चुनाव संविधान, लोकतंत्र और किसानों, नौजवानों के अधिकार को बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को खत्म करना चाहती है। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है।

कहा कि भाजपा बहुत पीछे चली गई है। भाजपा का सत्ता से जाना तय है। जनता संविधान बचाने के लिए वोट देगी। यह लोकतंत्र बचाने का भी चुनाव है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि सपा इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। सभी लोग प्रत्याशी के प्रचार प्रसार के लिए डोर-टू-डोर सम्पर्क करे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 10 मई को सपा इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरेगे। कार्यकर्ता और पदाधिकारी से अनुरोध है कि भारी से भारी संख्या में पहुॅचकर नामांकन में शामिल हो।

संयुक्त सम्मेलन में पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, जगतम्बा सिंह पटेल, परवेज खान, आशीष यादव, अशोक यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल, सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, रोहित शुक्ला, राजेश भारती, आदर्श यादव, कीर्ति कोल, सतीश मिश्रा, आप जिलाध्यक्ष प्रो0 बी0 सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकुमार पटेल, परवीन बानो, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, सत्यप्रकाश यादव, राणा प्रताप सिंह, शैलेष पटेल, छोटे खान, राजन पाठक, आरिफ खान, रविप्रकाश त्रिपाठी, रामगोपाल बिन्द, चन्दन यादव, भोला यादव, मुकुन्द यादव, कन्हैया यादव, हरिशंकर यादव, जमुना यादव, सूर्यकान्त सिंह, अतीक खान, मेवालाल प्रजापति, श्याम अचल यादव, विशाल यादव, जमाल अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

मेले मे सेवा कार्य हेतु किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर को एडीएम ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर । विन्ध्याचल चैत्र नवरात्रि मेले में अन्नपुर्णा एग्रो एलएलपी एवं विंध्याचल किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवम एचपीएसएल फूड की ओर से पेयजल प्याऊ और फलहार पानी शरबत आदि की व्यवस्था कर नौ दिन तक लगातार भक्तो की सेवा की गयी। इस सेवा को दृष्टिगत जिला प्रशासन की ओर से एडीएम वित्त राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने डायरेक्टर केशव नाथ तिवारी को अपने कार्यालय मे प्रशस्ति पत्र सौपकर सम्मानित किया। अन्नपुर्णा एग्रो एलएलपी एवं विंध्याचल किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि नवरात्र मेले के दौरान नौ दिन लगातार अष्टभुजा एवं कालीखोह आदि स्थानों पर दर्शनार्थियों की सेवा कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। माता रानी की कृपा बनी रहे ताकि इसी तरह प्रति वर्ष विन्ध्य धाम मे देश के कोने कोने से आने वाले भक्तो की सेवा निरंतर होती रहे। इस सेवा के फल स्वरूप अपने कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ धनंजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

नगर पालिका ने तिवारीपुर बस्ती की पानी की समस्या को खत्म करने के लिए मिनी ट्यूबल को सप्लाई कनेक्शन से कराया गया कनेक्ट

●ए डी एम शिव प्रताप शुक्ल जी, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी जी, ई ओ गोवा लाल जी,सभासद पंडित अवनीश मिश्र जी, फोरमेन जल कल विभाग नगर पालिका के देवेंद्र बहादुर सिंह जी का बस्ती के लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा किया

स्वतंत्र प्रभात

विंध्याचल। तिवारीपुर बस्ती में इधर महीनों से पानी की समस्या को देखते हुए ए डी एम शिव प्रताप शुक्ल जी के निर्देश पर फोरमेन जल कल विभाग नगर पालिका के देवेंद्र बहादुर सिंह और विंध्याचल सभासद पंडित अवनीश मिश्र के अथक प्रयास और कड़ी मेहनत की वजह से मिनी ट्यूबल लगाया गया और इसी दौरान मिनी ट्यूबल को मेन सप्लाई से कनेक्ट कराया जा रहा है। इस दौरान बस्ती के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी जी, ई ओ नगर पालिका गोवा लाल जी, नगर पालिका के सुधीर वर्मा जी का भी आभार प्रकट किया। जिन्होंने इस समस्या को प्रमुखता से लेते हुए बस्ती के लोगों को आश्वासन देते रहें कि तत्काल आपकी समस्या की निदान किया जा रहा है।

बस्ती के लोगों ने खुशी जाहिर की और विंध्याचल सभासद पंडित अवनीश मिश्र जी का भी आभार प्रकट किया जिन्होंने बस्ती की समस्या को समझा और नगर पालिका के अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल पानी की समस्या का निदान कराया जा रहा है। वही फोरमेन जल कल विभाग नगर पालिका के देवेंद्र बहादुर सिंह जी पूरे समय से लगकर बस्ती की मुख्य समस्या को अपनी समस्या समझते हुए नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मौके पहुंच कर मिनी ट्यूबल में मोटर लगवाएं और उसे मेन सप्लाई से कनेक्ट भी कराए। तिवारीपुर बस्ती के लोगों ने हृदय से आभार व्यक्त किया। सभी सहयोगियों का जिन्होंने इस तपती गर्मी में भी मेहनत करने के लिए पहुंचे थे और बस्ती की समस्या को खत्म कर सभी लोगों को पानी उपलब्ध कराया।

संक्षिप्त ख़बरें

मस्तान बाबा में कौवालो ने बांधा समा

फूलपुर। थाना अंतर्गत मैलहन रोड पर कुतुबपुर गांव में लबे सड़क स्थित हजरत मस्तान शाह बाबा की मजार पर सालाना उर्फ पर बीती रात जहां अकीदत मन्दों ने बाबा की मजार पर सिन्नी व चादरपोशी करके दुआये मागी। वही कमेटी के पूर्व अध्यक्ष महमूद अहमद ने बाबा के दरबार में हाजिरी देकर मुल्क और कौम की खुशहाली तरक्की व तहफ्फुज की दुआ मांगी। मौके पर प्रबंधक राजू दरगाही व डॉ अब्दुल हई अंसारी, प्रधान भंभई, प्रधान कुतुबपुर, प्रधान अतरौरा, मैलहन के अलावा असगर अली, अब्दुल हकीम, भाया, इरफान, एजाज खान, आफताब आलम आदि तमाम सदस्य कमेटी के उपस्थित रहे।

गंगा में स्नान करते दो लोगों की डूब जाने से हुई मौत

बीघापुर (उन्नाव)। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर के सामने बनी सीढ़ियों पर स्नान कर रहे युवक और युवती डूब गए। साथ आए युवक द्वारा घटना देख पुलिस को सूचना देने की बात बता मौके से भाग निकला। युवक और युवती की पहचान नही हो सकी।

बक्सर घाट पर दो युवक और एक युवती रविवार चार बजे गंगा स्नान करने आए हुए

थे। इसमें एक युवक घाट पर खड़ा रहा और एक युवक और युवती गंगा में घाट पर स्नान करने लगे। घाट पर खड़ा युवक नहा रहे दोनो लोगो की फोटो बना रहा था। अचानक दोनों डूबने लगे। घाट पर सन्नाटा होने के चलते घाट पर खड़े युवक ने आवाज देकर लोगो को दोनो के डूबने की बात बताई। जब तक मंदिर में रहने वाले लोग इकट्ठा होते तब तक दोनों डूब चुके थे। युवक और युवती को डूबता देख साथ आया युवक पुलिस को सूचना देने की बात बता कर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंचे बक्सर चौकी इंचार्ज प्रेम नारायण सरोज, थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी मौके पर पहुंच गोताखोरों को लगाकर शव ढूंढने का प्रयास किया। लगभग 2 घंटे बाद 20 वर्षीय युवती का शव मिल गया वहीं युवक के शव की तलाश जारी है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि युवक और युवती के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है सोशल मीडिया पर मृतक घटना की जानकारी देकर पहचान कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रैनों में चोर सक्रिय, दो ट्रेनों में हुई चोरी

मथुरा। ट्रेन के एसी कोच में लगातार चोरी की वारदात सामने आ रही हैं। नंदा देवी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच से यात्री का बैग चोरी हो गया। दूसरी घटना में ट्रेन के स्लीपर कोच से महिला यात्री का पर्स पार कर दिया गया। जीआरपी ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

ताजा मामला नंदा देवी एक्सप्रेस ट्रेन का है। विकास कॉलोनी डडवाडा कोटा जंक्शन निवासी रेलयात्री अंकित मेंदीरत्ता ने जीआरपी थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अंकित के मुताबिक वह 15 मार्च को रुड़की से कोटा जाने के लिए एसी कोच संख्या ए 2 की सीट नंबर 1, 2, 3 व 4 पर परिवार के सदस्यों के साथ सफर कर रहे थे। ट्रेन मथुरा जंक्शन पहुंची तो बैग चोरी हो गया था। बैग में मोबाइल फोन, 2 हजार की नकदी और कपड़े रखे थे। इधर, चोरी की दूसरी वारदात ट्रेन संख्या 12415 न्यू दिल्ली इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन में घटित हुई। सिंगाडा चौक नई दिल्ली निवासी कमल किशोर ने जीआरपी थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कमल किशोर के मुताबिक वह 9 अप्रैल को उज्जैन से नई दिल्ली जाने के लिए ट्रेन के एस 1 कोच की सीट नंबर 25, 26, 27, 28, 29, 30 पर बेटी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सफर कर रहे थे। ट्रेन जंक्शन स्टेशन पर पहुंची तो किसी ने उनकी बेटी का पर्स चोरी कर लिया। पर्स में नकदी, दवाएं और मोबाइल फोन रखा था।

इंडिया गठबंधन पूरे देश में बीजेपी से ज्यादा सीट जीतेगी- ललितेश पति त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात

फूलपुर प्रयागराज। हंडिया कस्बा में इंडिया गठबंधन से प्रत्यासी ललितेश पति त्रिपाठी ने कहा कि हम लोगो का चुनाव चिन्ह नया है इसलिए हम सबको थोड़ी मेहनत करनी पड़ रही है द्य हम लोगो ने रणनीति बना कर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को लगभग हंडिया विधान सभा के 275 बूथों को चुनाव निशान और सामग्री देने का काम कर लिया है।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कड़ा मुकाबला दे रहा है पिछले दो चरण के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ते हुए दिख रही है द्य इंडिया गठबंधन की एक जुटता का भरोसा बीजेपी को नही था की हम लोग एक जुट होकर एक दूसरे प्रत्यासी का सहयोग करके जिताने का काम करेंगे द्य ये बीजेपी के लिए चिंता का विषय है और ये परिणाम में भी दिखेगा इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश ही नही बल्कि पूरे देश में बीजेपी से ज्यादा सीट जीतेगी द्य उन्होंने कहा बीजेपी के पास विकास और बेरोजगारी के मुद्दे नहीं है इन्होंने देश के हर एक परिवार को मंहगाई के जाल में धकेल दिया है,इसलिए ये अपने घिसे पीटे पुराने मुद्दे की तरफ जा रहे है द्य जनता जागरूक और समझदार हो चुकी है जनता मतदान केंद्र पर जाकर एक-एक वोट इंडिया गठबंधन को देकर इनको मुहतोड़ जवाब देगी।

परिवार वाद पर उन्होंने कहा कि इस देश एक व्यवस्था है हर एक पार्टी में लोग परिवार से जुड़े लोग राजनीत में आते है हमारी जो परीक्षा होती है वो जनता के बीच में होती है। उन्होंने कहा बीजेपी में भी परिवार बाद है किस तरह से बीसीसीआई का अध्यक्ष बनाया गया,आईसीसी का अध्यक्ष बनाया गया मुझे नहीं समझ में आता कि वह परिवार वाद के दायरे में क्यू नही आता हम लोग पर परिवार वाद पर आरोप लगता है।

युवक को लटकाकर कार दौड़ाने, बाइक फूंकने वाला यू-ट्यूबर गिरतार

● आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुआ था केस!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। हंडिया में रील बनाने के लिए जानलेवा स्टंट करना यू-ट्यूबर सुमित कुमार दुबे को महंगापड़ा दौड़ते हुए रील बनाने पर एक दिन पहले दर्ज मुकदमे में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, बाद में उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया। वहीं, घटना में प्रयुक्त की गई उसकी महिंद्रा एसयूवी कार भी सीज कर दी गई।

इस मामले में तब हड़कंप मचा था, जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह रील वायरल हुई। पुलिस ने शुक्रवार को सुमित पुत्र दिनेश दुबे निवासी बढ़ौली दुमदुमा, सैदाबाद थाना हंडिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी और शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

साथ ही उसकी महिंद्रा कार भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज कर दी गई। एसीपी हंडिया पंकज लवानिया ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जमानती धाराएं होने के कारण उसका शांतिभंग में चालान किया गया है। मामले में पुलिस खुद वादी बनी है। हंडिया थाने के कांस्टेबल शिवम यादव की तहरीर पर रील बनाने वाले सुमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

दुष्कर्म में भी आया था नाम

यू-ट्यूबर सुमित दुबे का नाम पिछले साल दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने के मामले में भी सामने आया था। उसके साथ रील बनाने वाली अल्लापुर निवासी बीएड की छात्रा ने ही आरोप लगाया था कि उसे वाराणसी में एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। इससे पहले कार में पिस्टल सटाकर धमकाया गया। छात्रा की तहरीर पर जार्जटाउन थाने में केस दर्ज हुआ। हालांकि, बाद में पीड़िता बयान से मुकर गई, जिस पर मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी... !!

बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी की मुय शतिः कु.रेवती रमण सिंह

● कोराव के भागीरथी गार्डेन में कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में जुटे जमीनी नेता।

स्वतंत्र प्रभात

कोराव, प्रयागराज। किसी भी दल या पार्टी की जीत तभी संभव है जब उनके जमीनी स्तर के कार्यकर्ता और नेता मन लगाकर काम करें और यह तभी संभव है जब वह अपनी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में सफल हो जाएं उक्त बातें संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन इंडिया गठबंधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद गंगा पुत्र कु. रेवती रमन सिंह द्वारा कही गई । इस भीषण गर्मी में भी भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के हुजूम को देखकर मंचासिन सांसद प्रत्याशी कु.उज्वल रमण सिंह,अनुग्रह नारायण, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल,विजय बहुगुणा,मेजा विधायक संदीप पटेल,अरुण तिवारी सहित दर्जनों नेता गदगद हो उठे और संवाद के दौरान यह सुनिश्चित किया की आने वाले मतदान के दिन गठबंधन प्रत्याशी के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाकर जिताने का कार्य किया जाएगा कु. उज्जवल रमण सिंह द्वारा कोराव भागीरथी गार्डेन में उपस्थित भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं से निवेदन करते हुए कहा गया कि आज से और अभी से आप सभी लोग अपने-अपने बूथ और गांव स्तर पर मजबूती से लग जाए क्योंकि यह लड़ाई पूंजीपतियों, भ्रष्टाचारी, और झूठे वादा करने वाली से है यह यमुनापार की धरती सदैव से उपेक्षा का शिकार रही है कुंवर साहब के द्वारा लगवाए गए एनटीपीसी के बाद आज तक कोई फैक्ट्री जमुनापार में नहीं लगवाई गई इसी क्रम में मंचासीन दर्जनों जमीनी नेताओं द्वारा अपने ओजस्वी भाषण से कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से लल्लन पटेल,उमा शंकर पटेल,गायत्री प्रसाद,पप्पू यादव,विनय कुशवाहा,बब्बू गौतम,जोगिंद्र सिंह,देवेंद्र सिंह डील,धनुष सिंह,अनुज कुशवाहा,आनंद पटेल,रविसिंह,रविंद्र जैसल,पुष्पराज सिंह,दीपक पटेल,सोमदत्त पटेल, माशूक अहमद,किताब अली,विजय केसरी,तेज बहादुर सिंह, बीके यादव,बृजेश शुक्ला,नसीम अहमद,हरी शंकर पाल,प्रमोद पयासी, दाले खा, सरवर अली,गीता पासी,बबलू गुप्ता,चौधरी गुप्ता सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जंगली भालू ने ग्रामीण पर किया हमला

● महुआ बीनकर लौट रहा था बापिस,कड़ी संघर्ष कर बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात

ललितपुर मड़ावरा। जनपद ललितपुर के वन क्षेत्र मड़ावरा व थाना गिरार अंतर्गत धौरी सागर गाँव में जंगली भालू ने रविवार को एक ब्यक्ति के उपर अचानक हमला कर उसे ज़ख्मी कर दिया है, हमला के बाद ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया और किसी तरह उसने लहूलुहान अवस्था में मौके से भागकर अपनी जान बचाई व ग्रामीणों ने उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया।

घटना के विवरण में ज्ञात हुआ कि धौरी सागर गांव के मजरा सकरा निवासी रघुवीर पुत्र गज्जू यादव अपने पुत्र के साथ अले भोर महुआ बीनकर बापिस लौट रहा था, तभी पीछे से जंगली भालू में हमला कर दिया। घटना के बाद रघुवीर बुरी तरह घायल हो गया व पुत्र के साथ मौके से भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में इलाज के लिए प्राथमिक उपचार कराया। उसे पैर में गम्भीर घाव बताए गए जो भालू के काटने से आये व खून का भी काफी रिसाव हो गया।

वन क्षेत्रीय अधिकारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि एक ग्रामीण महुआ के फूल बीनने के लिए जंगल की ओर गया था इसी दरमियान उसके ऊपर पीछे से भालू ने हमला कर दिया। हालांकि गनीमत रही कि ग्रामीण को ज्यादा चोटें नहीं आई। फिलहाल बो ठीक है। लेकिन एहतियात के तौर पर जंगल में या तो प्रयास भर जाना नहीं चाहिए और अगर जाते भी हैं तो अकेले न जाये। कोई जानवर हमला करे तो शोर-गुल करके उसे भगाया जा सकता है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक हुई सपन्न कई मुद्दों पर हुई चर्चा

●30 मई को होने वाले पत्रकारिता दिवस पर की गई चर्चा तथा तथा संगठन के सदस्यों में वितरित किया गया कार्ड

जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा सभी सदस्यों का कराया जाएगा बीमा

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा। रविवार को गोण्डा जनपद के सिचाई विभाग स्थित मीटिंग हॉल मे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न की गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे, संरक्षक अम्बिकेश्वर प्रताप पाण्डेय, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी उपस्थित रहे मीटिंग मे जिलाध्यक्ष ने सभी सदस्यों की उपस्थिति मे बताया कि आने वाले 30 मई को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर धूमधाम से संगठन के सभी सदस्यों की उपस्थिति मे उनके सम्मान मे कार्यक्रम भी रखा जाएगा कोश के विषय मे बातें की गई खबर बड़ी होती है पत्रकार बड़ा नहीं होता- वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हमारे साथी प्रवीण श्रीवास्तव के पिता जी के देहांत होने पर पत्रकारों द्वारा शोक सभा व्यक्त किया गया संगठन के सदस्यों का कार्ड वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। वही तारापगंज तहसील पदों का मनोनीत किया गया ।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील तरबगंज इकाई का गठन

तहसील अध्यक्ष के रूप मे शिव कुमार पाण्डेय गुरूजी, संघ के महामंत्री के रूप मे दीपक कुमार कौशल, सयुंक्त मंत्री- मोहम्मद जियउद्दीन, मोहन लाल चौहान - कोषाध्यक्ष,सूरज शुक्ला को मनोनीत किया गया। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष द्वारा सभी प्रकार साथियों का बीमा के बारे में भी चर्चा की गई बहुत जल्द सभी प्रकार साथियों का बीमा एक साथ कराया जाएगा यह बात जिला अध्यक्ष बैठक में सभी प्रकार साथियों से कहीं इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी, मुन्ना लाल पांडे पं. बागीश तिवारी जिला संगठन मंत्री दिनेश चंद्र तिवारी विजय कुमार सोनी शिव कुमार पाण्डेय दीपक कुमार कौशल दुर्गेशजायसवाल मोहन लाल चौहान पंकज पाण्डेयआनंद पाण्डेय रामकुमार बृजभूषण तिवारी सुशील कुमार द्विवेदी,आकाश श्रीवास्तव गुरु वचन शर्मा गौरी शंकर चतुर्वेदी खुशबू कनौजिया राहुल तिवारी रंजीत तिवारी अर्जुन प्रसाद मिश्र काशी राम मौर्य कुलदीप शुक्ला अनुज कुमार सुधीर पाण्डेय सूर्य मणि द्विवेदी आनंद पांडे

मुकेश कुमार मिश्र, मोहम्मद रियाजुद्दीन, विनोद तिवारीअमित पाण्डेय शिवा नंद मिश्र सूरज शुक्ला रण विजय सिँह वैजनाथ अवस्थी विपिन सिँह महेश गोस्वामी मुकेश मिश्रा सहित पत्रकार मौजूद रहे।

महाकुंभ की सड़कों पर बिछाने के लिए चकर्ड प्लेट की खरीद में नया खेल!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। संगम की रेती पर चार हजार हेक्टेयर में बसने वाले महाकुंभ की तैयारियों में भ्रष्टाचार के धुन लगते जा रहे हैं। साल स्लीपर के खरीद आर्डर में वित्तीय अनियमितता उजागर होने के बाद तंबुओं की नगरी में घूमने के लिए बनने वाली सड़कों की चकर्ड प्लेट की खरीद में भी खेल शुरू हो गया है। अब तक की आपूर्ति की गई चकर्ड प्लेटेंसाइज और वजन दोनों में अंतर पाया गया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद अभियंताओं के होश उड़ गए हैं।अरैल से फाफामऊ के बीच चार हजार हेक्टेयर में बसने वाली कुंभनगरी में चकर्ड प्लेट सड़कों का जाल बिछाया जाना है। देवी- देवताओं और ऋषि-मुनियों के नाम पर बनने वाली इन सड़कों को बनाने के लिए 1,16052 चकर्ड प्लेट की खरीद की जानी है। हाल में स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया से चकर्ड प्लेट की खरीद शुरू कर दी गई। नैनी स्थित स्टील अथारिटी के प्लांट से पीडब्ल्यूडी के कनिहार स्टोर के लिए चकर्ड प्लेट की आपूर्ति की जा रही है। अब तक एक चौथाई चकर्ड प्लेटों की आपूर्ति स्टोर को की जा चुकी है।

सेल कंपनी से कराई गई चकर्ड प्लेटों की जांच

इस बीच स्टोर में लाई जा रही चकर्ड प्लेटों की साइज और वजन दोनों में अंतर होने की जानकारी ने पीडब्ल्यूडी के बड़े अफसरों की नींद उड़ा दी है। करीब 222 करोड़ रुपये की चकर्ड प्लेट खरीदी जानी है।

चकर्ड प्लेट की साइज और वजन में अंतर पाए जाने के बाद कुंभ मेला डिवीजन के प्रभारी एक्सईएन पीके राय ने स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक को पत्र लिखा है। शनिवार की शाम तक स्टील अथॉरिटी के नैनी प्लांट से कनिहार स्टोर को 28 हजार से अधिक चकर्ड प्लेटों की आपूर्ति की जा चुकी थी। इसमें चकर्ड प्लेटें ओवर साइज आने की बात कही कई है। जबकि कई चकर्ड प्लेटें टेढ़ी भी पाई गई हैं। एक्सईएन ने स्टील अथारिटी के प्रबंधक को लिखे पत्र में कहा है कि यही हाल रहा तो चकर्ड प्लेटों की कमी हो जाएगी। और महाकुंभ में बिछाने के लिए जितनी संख्या में चकर्ड प्लेटों की जरूरत है, वह संख्या पूरी नहीं हो पाएंगी। इसके लिए वजन और साइज में सुधार करने के लिए कहा गया है। साथ ही एक्सईएन ने प्रति माह वजन का सत्यापन कर प्रमाण पत्र भी पीडब्ल्यूडी को उपलब्ध कराने के लिए कहा है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

कार्डेट में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण दिया गया

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 को ग्राम नरी, बहरिया, प्रयागराज मे कारडेट इफको फूलपुर द्वारा समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कारडेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने सभा को संबोधित करते हुए कृषि में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तनों के विषय में चर्चा की तथा इफको नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग के विषय में जानकारी दी साथ ही अपील की की संतुलित उर्वरक प्रयोग के लिए किसान भाई अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कर लें ताकि वे रासायनिक उर्वरकों पर किए जा रहे अतिरिक्त व्यय से बच सकें और खेत की मिट्टी को स्वस्थ रख सकें ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ उत्पादन प्राप्त कर सकें ।

किसान भाई इस समय अपने खाली खेतों में उर्द ,मूंग की बुवाई करें और हरी खाद के लिए ढैचा या सनई जैसी फसलों की बुवाई करें। ऐसा करने से आने वाली खरीफ फसलों के लिए आपका खेत मजबूती हो सके । इसी क्रम में कारडेट के मुकेश तिवारी ने खेती में जैव उर्वरकों के प्रयोग के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि संदीप मिश्रा , सदाशिव शर्मा , संदीप शुक्ला, सुधीर तिवारी, देवी शंकर मिश्रा , राजेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा सिहत ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने दिया इस्तीफा, आप से गठबंधन और कन्हैया कुमार वजह

स्वतंत्र प्रभात

लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कांग्रेस की भारत जोडों और न्याय यात्रा की हवा निकालते हुए,पार्टी को तोडने और अन्याय पूर्ण निर्णय लेने के खिलाफ , दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर अपना विरोध जता दिया ।उन्होने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को सौंपा दिया है। पार्टी की कारयशैली से शुब्द लवली ने लिखा है कि दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी,जो कांग्रेस के खिलाफ झूठे,मनघढंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार बनी थी। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने का निर्णय लिया। जबकि केजरीवाल ने पानी पी पी कर कांग्रेस को कोसा और कई तरह के अनर्गल आरोप लगाए। कांग्रेस पार्टी आज फिर से उसी आम आदमी पार्टी की पैरवी कर रही है। लवली ने कहा कि हमें पब्लिक के आगे अपना मुंह छिपाना पड रहा है।

लोग सबसे पहले इसी सवाल का जवाब.मांग रहे है। ऐसे में अपने को बे-जवाबी और कई कारणों से खुद को अपंग ,असहज महसूस कर रहे थे। लवली ने पत्र में खुलासा किया कि 31 अगस्त, 2023 को मुझे दिल्ली प्रदेश नियुक्त किया गया।मैने पिछले 7-8 महीनों में पार्टी को फिर से स्थापित करने का भरपूर प्रयास किया है। ताकि पार्टी अपनी खोई साख को फिर से स्थापित कर सके। लेकिन कांग्रेस पार्टी फिर से उसी धरातल में पहुंच गई। लवली ने लिखा कि मैने पार्टी को दिल्ली में फिर जिंदा किया। टूटे और छूटे कार्यकर्ताओ को फिर जोडा। पार्टी में दूसरे दलों के नेताओ को पार्टी में शामिल किया। इसके अलावा मेरे द्वारा डीपीसीसी में कोई वरिष्ठ नियुक्ती करने की अनुमति नहीं दी गई। मीडिया के रूप में एक अनुभवी नेता की नियुक्ती के लिए मेरे अनुरोध को सिरे से खारिज कर दिया। इसके अलावा लवली उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कन्हैया कुमार को उम्मीदवार बनाना भी खासा खटक गया। उन्होने कहा कि कन्हैया कुमार पार्टी लाइन और मान्यताओ का खंडन करते हुए दिल्ली सीएम केजरीवाल की झूठी प्रशंसा कर रहे हैंऔर मीडिया में बयान देकर दिल्ली के नागरिकों की पीडा की जगह आप की शिक्षा,स्वास्थ्य, सडक और फ्री बिजली, क्षेत्र में किए गए कथित कार्यो का झूठा बखान कर रहे है।

लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल राख, फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां बुझाने में जुटीं!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। मुट्ठीगंज इलाके के सत्तीचौरा में रविवार भोर में लकड़ी के गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इससे मुहल्ले में अफरा तफरी मची रही। फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रविवार को भोर में भरत टिंबर स्टोर बासमंडी मुट्ठीगंज में आग लग गई। मौके पर दो गाड़ियां आग बूझाने के लिए पहुंची थीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए सिविल लाइंस, मुंडेरा, नैनी और सोरांव फायर स्टेशन भी दमकल की गाड़ियां मंगा ली गईं। आग टिंबर स्टोर के दोनों फ्लोर में लगी थी जो पीछे काफी गहरा बी था। दमकल की आठ गाड़ियों ने मिलकर सुबह करीब नौ बजे तक आग बुझाया।

भोर में करीब चार बजे आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल कर्मी जब तक मौके पर पहुंचे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुका था। दो मंजिले गोदाम में भारी मात्रा में प्लाई और बोर्ड भरे हुए थे। देखते ही देखते सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया... !!

हरीश द्विवेदी के नामांकन की तैयारियों में जुटे भाजपा कार्यकर्ता, 1 मई को करेंगे पर्चा दाखिला

बस्ती। बस्ती जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सातवें चरण में 25 मई को होना है। लगभग सभी पार्टियों के प्रत्याशी घोषित हो चुके है। भाजपा के टिकट पर सांसद हरीश द्विवेदी एक बार फिर बस्ती से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे है। उनके नामांकन की तैयारियों में भाजपा जुट गई है। भाजपा कार्यालय पर डंडा झन्डा सहित अन्य प्रचार सामग्री की व्यवस्थाओ में भाजपा कार्यकर्ता लगे हुए है। भाजपा नेता अमृत कुमार वर्मा ने बताया की 1 मई को भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी अपना नामांकन करेंगे। हर बार के नामांकन से इस बार एतिहासिक पर्चा दाखिला होने जा रहा है। कई बड़े चेहरे भी इस नामांकन में शामिल हो रहे है जिसमे केन्द्रीय मन्त्री अनुराग ठाकुर, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सहित अन्य प्रदेशो से भाजपा के बड़े नेता सम्मलित होने आ रहे है।सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा पुरे लोकसभा क्षेत्र के हर बूथ से कार्यकर्ता इस नामांकन में सम्मलित होने आ रहे है।

संक्षिप्त ख़बरें

विधायक के प्रयास व सहयोग से गोवा से घर पहुंचा मृतक साइमन का शव

पाकुडिया- प्रखंड के बड़ासिंहपुर पंचायत के बाबूझुटी गाँव के रहने वाले वाले साइमन हेम्ब्रम का पिछले दिनों गोवा के बर्देज जिला में सड़क दुर्घटना से मौत हो गया था। वह मजदूरी करने के लिए गोवा गया हुआ था। जिसकी खबर गाँव के ग्रामीण द्वारा विधायक आवास पाकुडिया पहुंच कर महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी को दिया। विधायक ने बिना देर किए जिला प्रशासन पाकुड़ एवं गोवा के ऐजेंट के साथ मोबाइल से सफल वार्ता कर लाश को हवाई जहाज से कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचाने की बात की जिसें ऐजेंट ने मान लिया तथा जिला प्रशासन ने लाश को कोलकाता से मृतक के घर एंबुलेन्स द्वारा पहुंचाने का कार्य किया। उनका अंतिम संस्कार के लिए झा.यु.मो. के प्रखंड अध्यक्ष मरांडी ने भी महत्वपूर्ण भुमिका अदा की। इस प्रयास एंव सहयोग के लिए ग्रामिणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

रोटी बैंक सोसाइटी ने ग्रामीणों को कपड़े बांटकर दी मतदान की जानकारी

बांदा। रविवार को बांदा रोटी बैंक सोसाइटी द्वारा शेख़ सादी जमा के संरक्षण में, रिज़वान अली की अध्यक्षता में इरफ़ान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईंपा बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में श्रीमती रेणुका गुप्ता स0अ0 प्रा0वि0 ग्राम कुँअरपुर महिला सदस्य बाँदा रोटी बैंक के विशेष सहयोग से ग्राम प्रधान कुँअरपुर संजय त्रिपाठी की उपस्थिति में ग्राम कुँअरपुर के ग्रामीणों को कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें आदि का वितरण किया गया।साथ ही श्रीमती तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के द्वारा ग्राम कुँअरपुर के ग्रामीणों को अधिक मतदान के बारे में तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी।ग्रामीणों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया।उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारी, सदस्य एवं शहर के ज़िम्मेदार लोगों ने सहयोग किया।मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,तबस्सुम फ़ात्मा महिला अध्यक्ष, प्रीती शिवहरे महिला संगठन मंत्री,रेशमा अंजुम,शाहान अली, अलीमुददीन, महेंद्र पाल सदस्य आदि मौजूद रहे।

बिसंडा पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

बबेरू/बांदा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हेलीकाप्टर के द्वारा बिसंडा इंटर कालेज पर पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष पर मतदान करने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील किया है। वहीं इंडिया गठबंधन के सपा, कांग्रेस पार्टी और बसपा पर निशान साधा है।

मामला बांदा जनपद के आदर्श इंटर कॉलेज बिसंडा का है। जहां आज उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हेलीकॉप्टर के द्वारा पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया है। वही भाजपा से बांदा चित्रकूट लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के पक्ष पर लोगों से मतदान करने की अपील किया है। वहीं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सरकार की उपलब्धियां बताई है। वहीं विपक्ष के इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी सहित बसपा पर भी जमकर निशाना साधा है, उसके बाद भाजपा कार्यकर्ता वा बूथ अध्यक्ष व सेक्टर अध्यक्ष के साथ बैठक किया है। इस मौके पर बांदा चित्रकूट क्षेत्र से अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

गौरीगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गौरीगंज अमेठी । जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक बी0 एल0 रावत थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न गंभीर धाराओं में थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त मो0 अफजल पुत्र मो0 मसूले निवासी ग्राम पूरे वादेराय मजरे सैंठा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को ऐंठा के पास से गिरफ्तार किया । थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

44 डिग्री भीषण गर्मी में घाटो क्षेत्र के दो दर्जन इलाकों में पहुंचे एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल, हुआ अभूतपूर्व स्वागत, समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में गर्मी इनदिनों उफान पर है, लू के थपेड़े लोगों को झूलसा रहें हैं। मौसम की बढ़ती तापमान के बीच लोकसभा चुनाव प्रचार में भी तेजी आने लगी है। रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो कोलियरी क्षेत्र का 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में सघन तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया। मनीष जायसवाल के तुफानी दौरे के क्रम में इस इलाके के लोगों का उन्हें भरपूर स्नेह, आशिर्वाद और समर्थन मिला। हर जगह पर तादाद में लोगों का सैलाब उमड़ा और गाजे-बाजे ढोल- तासे के साथ आरती उतारकर और तिलक चंदन लगाकर एवं नारा जयकारा बुलंद करते हुए उनका क्षेत्र में हार्दिक अभिनंदन किया और आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए एवं उनके समर्थन में मतदान करने का भरोसा जताया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा, आजसू और जदयू पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा गया उन्होंने अपने- अपने पार्टी के झंडों के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर मनीष जायसवाल का इस क्षेत्र में गर्मजोशी से स्वागत किया। एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने घाटो भाजपा मंडल क्षेत्र के तापीन 23 नंबर कॉलोनी, पिंडरा 42 नंबर चौक, प्रेम नगर कॉलोनी, परेज़ चौक, गंझु टोला, रांग टोला, बसंतपुर अटल चौक, चोपड़ा मोड़, मैलगढ़ा, केदला कॉलोनी मोड़, इचाडीह बस्ती, 3 नंबर चौक, 15 नंबर चौक, लाइयो, दूधिबांध, लाइयो बस्ती उपरटोला, महावीर चौक, ढोडा टांड़, तितर मरवा, केदला 9 नंबर टेकर स्टैंड, मुकुंदा बेड़ा और दुनी बस्ती का तुफानी दौरा कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और हजारीबाग से प्रचंड मतों से कमल खिलाने का आग्रह किया ।

जातिवाद और भ्रष्टाचार का पर्याय है कांग्रेस, 62 सालों तक ठगा, देश को बनाएं कांग्रेस मुक्त, भाजपा को दें बहुमत-मनीष जायसवाल

घाटो क्षेत्र के दौरे के क्रम में एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की संप्रदायवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी है। इन्हें अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो की नीति विरासत में मिली और उन्होंने इसी नीति के जरिए हिंदुस्तान की जनता को बरगलाकर करीब 62 सालों तक राज किया लेकिन आपके वोट की ताकत ने साल 2014 में भाजपा की बहुमत की सरकार बनाई और नरेंद्र मोदी से देश की कमान संभाली तो देश के विकास के साथ समाज के निचले तबके के गरीबों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठा। मनीष जायसवाल ने कहा की मतदान से पूर्व कांग्रेस के 62 साल के राज और नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल का फ़र्क को एहसास करके ही मतदान करें। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की मांडू विधानसभा क्षेत्र में वर्षों तक जिस परिवार ने राज किया उसके बाद भी इस क्षेत्र को विकास से दूर रखा उसका भी हिसाब करने ही यही सही वक्त है। देश को कांग्रेस मुक्त बनाए, तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं ।

जनसेवा का मिसाल है मनीष जायसवाल, रिकॉर्ड मतों से बनाएं सांसद- तिवारी महतो

आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी तिवारी महतो ने कहा की जनसेवा का जीवंत मिसाल है मनीष जायसवाल, इन्हें रिकॉर्ड मतों से जीताकर सांसद बनाएं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर करें ।

मौके पर ये गणमान्य रहे मौजूद

मौके पर भाजपा के लोकसभा संयोजक रंजित सिन्हा, जिला महामंत्री रंजन फ़ौजी,जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, आजसू नेता विजय साहू, तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, घाटो भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, भाजपा नेता खुशीलाल महतो, शंकर करमाली, पंकज साहा, शिव साहू, मुकेश साहू, संजय कुमार, आजसू नेता लालचंद महतो, गुड्डू सिंह, मदन मेहता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की हुई अहम बैठक, जुटे हजारीबाग के कई कलाकार

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- हजारीबाग भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की बैठक झंडा चौक स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश संस्कृत प्रदेश सहसंयोजक अमित गुप्ता सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक यादव, अनिल मिश्रा, सुदेश चंद्रवंशी , केपी ओझा के उपस्थिति में दीपक प्रकाश के द्वारा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा बनाया गया चुनावी प्रचार गाना का लोकार्पण किया गया। बैठक में उपस्थित अतिथियों का स्वागत माला अर्पण एवं भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि कलाकारों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों को एवं हजारीबाग के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के कामों को जन-जन तक पहुंचाना एवं अपने कला से भारतीय जनता पार्टी का प्रचार प्रसार करने का दायित्व कलाकारों को दी गई है। श्री जायसवाल ने कहा प्रदेश के द्वारा हजारीबाग के लिए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ गठन कर हजारीबाग के अच्छे-अच्छे कलाकारों को जोड़ने का बहुत ही सराहनीय कार्य प्रदेश के द्वारा किया गया है। बैठक में उपस्थित कलाकारों को जिला संयोजक सुबोध आकाश सिन्हा के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कामों को जन-जन तक पहुचाने एवं कलाकारों को संस्कृत प्रकोष्ठ से जुड़ने की बात कही गई। इस अवसर पर हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत ने कहा कि कमल का फूल हजारीबाग में पहले भी खीलते आया है। इस बार भी खीलेगा हम सभी कलाकार एक जुट होकर मनीष जायसवाल को सांसद भवन भेजने का काम करेंगे एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे।

मंच संचालन ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक के द्वारा किया गया। मौके पर हजारीबाग जिला के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक बबलू सिन्हा, नगर संयोजक शशिकांत उर्फ चुन्नू सह संयोजक मनोज कुमार पुरी, प्रवीण राठौर, बद्री राम, राजपाल नारायण, राजू वर्मा, अशोक कुमार, अखिलेश वर्मा, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद नियाज, सीमा गुप्ता, पंकज सिन्हा, पिंकी सिन्हा, ज्योतिष्ण देवी, अनिता कुमारी, सानिया कुमारी, रोहित कुमार, सुभाष सेनगुप्ता, सोनू अभिजीत सहित कई कलाकार उपस्थित थे।

लोकसभा क्षेत्र से सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है - मनीष जायसवाल

● हज़ारीबाग की जनता के दिल में बैठे हैं मनीष जायसवाल - विकास राणा

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के बंशीलाल चौक स्थित आवास में मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की। सभी ने कहा कि आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार मनीष जायसवाल इस बार रेकार्ड वोट से चुनाव जीतेंगे। राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि पुरे लोकसभा क्षेत्र में आजसू कार्यकर्ताओं का भरपूर साथ मिल रहा है हज़ारीबाग लोकसभा को जीतकर केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री बनाना है। मुझे अपने लोकसभा क्षेत्र से सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछले सभी रेकॉर्ड टूटेंगे, पाँच लाख से ज्यादा वोट से मनीष जायसवाल चुनाव जीतेंगे। पिछले 55 दिनों में राजग उम्मीदवार मनीष जायसवाल जितने गाँव का भ्रमण कर जन सम्पर्क किये हैं उतने गाँव का भ्रमण चुनाव जीतकर किसी भी प्रत्याशी ने आज तक नहीं किया ! हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के दिल में बैठे हैं मनीष जायसवाल जिनकी जीत सुनिश्चित है। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के आवास में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, केन्द्रीय सचिव सह लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, मनीष जायसवाल के मिडिया प्रभारी रंजन चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, महिला मोर्चा की संगीता बारला, सुहानी एक्का, विवेक कुमार राणा, आफताब आलम, राजू प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र सिंह, मो यूनुस हुसैन गुड्डू सहित अन्य लोग शामिल थे।

ग्रेड वन पथ हुई क्षति ग्रस्त, ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण की मांग

● ग्रामीण महिलाओं ने बताया वर्षा के दिनों में कीचड़ भरी राह में काफी मुश्किल भरा होता है आवागमन

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड- जन जातिय प्रखण्ड पाकुड़िया अन्तर्गत बड़ी पंचायत पलियादह के सोगले टोला आरइओ सड़क से मधुपुर गांव की ग्रेड1 सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। रोड पर बिखर रहे स्टोन मेटल पर आवागमन बड़ी कठिनाई भरा होने की बात ग्रामीण जन करते रहे हैं।ग्राम के प्रबुद्ध लोगों का मानना है,इस प्रतिस्पर्द्धात्मक समय में ग्रामीण जन जीवन को गतिशील बनाने में,ग्रामीण सड़कों की महत्ता पहले के बनिस्पत कहीं अधिक जान पड़ता है।वहीं सरकार की नीति निर्देश के आलोक में,ग्रामीण जन को सीधे प्रखण्ड मुख्यालय व जिला मुख्यालयों से जोड़ने हेतु,ग्रामीण सड़क योजना के तहत पथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है ताकि,ग्रामीणों के आवागमन में कठिनाई न हो और वे प्रखण्ड व जिला से जुड़ कर,सरकारी योजनाओं से अवगत हो लाभान्वित हो सकने के अलावे,कहीं दुसरे नगरों में आसानी से आना जाना कर सकें।रविवार को सोगले टोला की खेत में स्थित एक कूएं से जल भर रही महिलाओं से उक्त,जर्जर सड़क के संदर्भ में पूछने पर उन्होंने बताया कि यह मेटल रोड बहुत पहले बना है लेकिन,वर्षों से क्षतिग्रस्त दशा में रहने पर भी अब तक पुनर्निमाण नहीं किये जाने से हम लोगों को,मधुपुर तथा दुसरी जगह इस रास्ते से जाने आने में बहुत विशेष कर वर्षात के मौसम मे,कीचड़ भरी सड़क पर आना जाना पूरा कठिनाई भरी है। महिलाओं ने विधायक स्टेफन मरांडी से उक्त सोगले-मधुपुर जीर्ण रोड निर्माण कराने की मांग की है ताकि लोगों को आवा गमन में सुविधा हो।

अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक संपन्न, धूमधाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य महंत विजयानंद दास की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय रहे। सर्वप्रथम स्वस्तिवाचन व शांति पाठ के साथ सभा को प्रारंभ किया गया। बैठक में आगामी 10 मई को बड़ा अखाड़ा परिसर में धूम धाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें पूजा अर्चना के बाद महत्वपूर्ण विषयों पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के सभी प्रखण्ड से संगठन के विप्र बन्धु भाग लेंगे। साथ ही प्रदेश के भी कई पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के द्वारा हजारीबाग निवासी अनुज तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष का दाईत्व सौंपा गया। जिला अध्यक्ष प्रवेश पाण्डेय ने भी अपनी कमिटी का विस्तार किया जिस में सिधेश्वर पाण्डेय व नीरज त्रिपाठी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर प्रेमचंद पाण्डेय, आशीष कुमार ओझा, शिवदत्त पाण्डेय, शैलेश पाण्डेय ,रौशन पाण्डेय, नीलकमल पाण्डेय, कन्हैया पाण्डेय , आनंद पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय, पवन जिगर पाण्डेय आदि विप्र बंधु उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ भगवान परशुराम के जयकारे के साथ सभा का समापन किया गया।

सेवा सहयोग समिति के द्वारा शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया गया प्याऊ

●शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूर सहित आम जनता के लिए की गई है पहल

सेवा सहयोग समिति शहर तथा ग्रामीण वासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है : हर्ष अजमेरा

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- शहर में बढ़ते गर्मी को देखते हुए हर तरफ गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार की इंतजाम किए जा रहे हैं स्कूल के बच्चों का टाइमिंग में बदलाव किया गया है। गर्मी आते ही लोगों को ठंडी पानी की ललक लगने लगती है। और ऐसी स्थिति में शहर तथा ग्रामीण इलाकों में लोगों को उनकी प्यास बुझाने के लिए सेवा सहयोग समिति सहारा बन रहा है। शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड चौक स्थित आरोग्यम अस्पताल के समीप सेवा सहयोग समिति के द्वारा रविवार को सुबह प्याऊ की व्यवस्था की गई। जिसका शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सहित शहर के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। वही ग्रामीण इलाकों में भी प्याऊ लगाया गया। ग्रामीण वासियों ने इसका शुभारंभ किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्याऊ सेवा से राहगीरों एवं आम लोगों को गर्मी में पीने के लिए शुद्ध पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है. जहां पानी होता है वही जीवन होता है जल बिना मनुष्य का जीवन असंभव है, पानी का एक-एक बूंद बहुत कीमती होता है पानी का सम्मान करना चाहिए ना कि इसका व्यर्थ करना चाहिए। तथा जरूरत के अनुसार पानी का उपयोग करना चाहिए। साथ ही कहा की सेवा सहयोग समिति शहर तथा ग्रामीण वासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। मौके पर पहुंचे लोगो ने कहा कि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को बधाई देते है इस नेक कार्य के लिए, साथ ही खा की आपके नेतृत्व में शहर तथा ग्रामीण वासियों के लिए किए जा रहे अनेकों सामाजिक और धार्मिक कार्य प्रशंसा के काबिल है। प्याऊ के माध्यम से भीषण गर्मी में राहगीरों, रिक्शा चालकों तथा आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा और वो इस भीषण गर्मी से राहत की साँस ले सकेंगे।

राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हजारीबाग लोस चुनाव कार्यालय, कई बैठकों में हुए शामिल

● कहा मनीष जायसवाल प्रचंड मतों से जीतेंगे, तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीतेंगे । जीतने के बाद नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हजारीबाग का यह सांसद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उक्त बातें रविवार को हजारीबाग के झंडा चौक स्थित भाजपा के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रधान चुना कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बदौलत पार्टी सदैव चलायमान है। सच कहा जाय तो पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हमारे बूथ के निष्ठावान कार्यकर्ता ही होते हैं। नीव हमारी कार्यकर्ताओं के बदौलत ही खड़ी है जो विशाल बटवृक्ष का रूप ले लिया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि एक मई को प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के सुअवसर पर ऐतिहासिक भीड़ होगी। इस मौके पर पार्टी के पार्टी के कई बड़े चहरे उपस्थित होकर आयोजित संकल्प सभा मे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व कार्यप्रणाली को जनता के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के शासनकाल की प्रसंशा चारो दिशा में हो रही है। देश की जनता ने ठान लिया है कि इसबार भी मोदी को ही बागडोर सौपना है। अतः मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि दीपक और मनीष दो तन एक जान हैं। कोडरमा जाने के क्रम में यहां पहुंचे दीपक प्रकाश का भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने स्वागत किया। तत्पश्चात वे कई महत्वपूर्ण बैठकों में भी शामिल हुए ।

पंचफेड़ी गांव में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक, मतदान में भाग लेने का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात

बरकट्ठा- झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को पंचफेड़ी चौक में बैठक हुई। अध्यक्षता संयोजक श्याम सुंदर साव ने किया।बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई एवं लोकसभा चुनाव के मतदान में सभी झारखंड आंदोलनकारियों से भाग लेने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सह प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि जाति, धर्म व पार्टी की भावना से ऊपर उठकर काम करने वाले व्यक्ति के पक्ष में चुनाव करें। काम करने वाला ही आपकी आवाज बनेगा और आपकी समस्याओं का समाधान भी करेगा. हमारे बुजुर्ग कह गए हैं चाम नून वाले को नहीं काम नुनु वाले का चुनाव करें ताकि अपने क्षेत्र को बेहतर बना सकें। बरकट्ठा में रोजी-रोजगार एवं पलायन बड़ी समस्या है। इस समस्या का समाधान के लिए हमारे जनप्रतिनिधि व मंत्री कोई ठोस पहल नहीं करते है। आए दिन हमारे प्रवासी मजदूरों का शव वापस आता है तो हम लोग शर्मसार हो जाते है। इसलिए काम करने वाले व्यक्ति के लिए चुनाव करें। केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि रोजी रोजगार एवं नियोजन दिलाने वाले, मेहनतकश मजदूरों का भविष्य संवारने वालों को ही चयन करें। इस अवसर पर बैठक मैं भोला प्रसाद, ध्रुव नारायण पासवान, निरंजन पासवान, चिंतामणि पासवान, जोगेश्वर साहू, विष्णु यादव रघु भुइयां, भुनेश्वर रविदास, मोहन चौधरी, लखन मंडल, द्वारिक महतो, उत्तम प्रसाद, गिरधारी महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

नाबालिक को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। संबंधित घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित भाई का आरोप था उसकी बहन काल्पनिक नाम पूजा उम्र लगभग 14 वर्ष बीते 11 अप्रैल की सुबह लगभग पाँच बजे शौच के लिए बाहर गई थी। जनपद जौनपुर के सरपतहा थानाक्षेत्र अंतर्गत चिलबिली गाँव निवासी सूरज वर्मा पुत्र त्रिवेणी वर्मा बहला फुसलाकर अगवा कर लिया था। भुक्तभोगी की तहरीर पर मालीपुर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया था। तभी से अरोपी युवक फरार चल रहा था। पुलिस में तत्सम लड़की को बरामद कर मेडिकल प्रशिक्षण करने के बाद संबंधित मुकदमे में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोत्तरी की थी। शनिवार सुबह मालीपुर पुलिस ने मुखविर की सूचना पर आरोपी युवक को सुरहुरपुर तिराहे से करीब आठ बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बड़े मियां तो बड़े मियां,छोटे मियां सुभानअल्लाह

आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने में बड़े मिया तो बड़े मिया,छोटे मियां सुभानअल्लाह' की कहावत चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। चुनावों में मतदाताओं को आतंकित करने के आरोपी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बारे में उनकी पार्टी अध्यक्ष को जबाब देना है लेकिन इसके पहले उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री जी से भी आगे निकल गये । वे भाषण दे रहे हैं कि कांग्रेस मुसलमानों को गौमांस खाने का अधिकार देना चाहती है।

दरअसल हमारे यहां कौन ,किसको क्या आजादी देना चाहता है या दे चुका है ये किसी को पता नहीं है। केंद्रीय चुनाव दंतहीन,नखहीन ही नहीं अब श्रवणहीन भी हो चुका है। उसे केवल गैर भाजपाई दलों के नेताओं के भाषण सुनाई देते हैं। भाजपा नेताओं खासतौर पर प्रधानमंत्री जी के भाषणों को तो केंचुआ अपने श्रवण -रंध्रों में प्रविष्ट ही नहीं होना चाहता। प्रधानमंत्री जी ने कहा की कांग्रेस आई तो महिलाओं का मंगलसूत्र छीन कर मुसलमानों को दे देगी। वे बोले कांग्रेस आई तो आपकी विरासत पर टैक्स लगा देगी ? तो क्या सचमुच प्रधानमंत्री जी को कांग्रेस सत्ता में आती हुई दिख रही है ? वो भी भाजपा और खुद प्रधानमंत्री जी की दस साल की दिन -रात की मेहनत के बाद आती दिख रही है।

मुझे कभी-कभी लगता है कि कांग्रेस सत्ता में आये या न आये लेकिन भाजपा ने मान लिया है कि कांग्रेस आ रही है। इसीलिए अब प्रधानमंत्री जी के प्रधान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सन्निपात की स्थिति में आकर आय-बांय बोलने लगे हैं। सन्निपात में आदमी कुछ का कुछ बोल जाता है। उसे जो बोलना चाहिए वो बोल नहीं पाता और जो नहीं बोलना चाहिए उसे जोर देकर बोलता है। योगी जी उत्तर प्रदेश के उत्तरदायी मुख्यमंत्री है लेकिन गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे है। जनता को बरगला रहे हैं की कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गौमांस खाने का अधिकार देना चाहती है।

योगी जी को कौन बताये की दाने -दाने पर ,रेशे-रेशे पर खाने वाले का नाम लिखने वाला कोई और है। कौन क्या खायेगा और क्या पहनेगा इसका फैसला कम से कम लोकतंत्र में सरकारें तो नहीं करतीं। पहले भी नहीं करतीं थीं आज भी नहीं करतीं। लेकिन योगी जी और मोदी जी मिलकर बहुसंख्यकों के सामने अल्पसंख्यक मुसलमानों का भय पैदा कर रहे हैं। इसके लिए भारत के नागरिक मुसलमानों को ही हौआ बनाया जा रहा है। हौआ बच्चों को भयभीत कर सुलाने के लिए अक्सर माताएं बनाती रहतीं हैं ,किन्तु अब सरकारें अपनी कुरसी बचाये रखने के लिए हौआ बनाने पर उतर आयीं हैं। जबकि हौआ का कोई वजूद होता ही नहीं है। भारतीय मतदाता इतना बुद्धू भी नहीं है कि हौआ के वजूद पर आसानी से यकीन कर ले।

कायदे से भाजपा के प्रबुद्ध नेताओं को बयानबाजी करने से पहले स्वाध्याय कर लेना चाहिये । गौमांस को लेकर भी योगी जी या उनकी पार्टी का ज्ञान अपूर्ण है । शायद वे नहीं जानते कि मांस निर्यात पर सरकारी रिपोर्ट क्या कहती है ? ओएसडीए की सरकारी रिपोर्ट उठाकर देख लीजिये जिसमें कहा गया है कि 2014 में भाजपा की सरकार केंद्र में आने के बाद के बाद भारत का मांस का निर्यात बढ़ा है। सन् 2017 में मांस निर्यात को लेकर लोकसभा में सरकार की ओर से कहा गया था कि मांस निर्यात में 17,000 टन की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। यही नहीं, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014-2017 के बीच तीन सालों में बूचड़खानों के लिए लगभग 68 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी ।

देश में मांस का निर्यात [जिसमें गौमांस भी शामिल है]आज से नहीं बहुत पहले से हो रहा है। मांस कि निर्यात से भारत 4 अरब डालर कमाता है। ये हकीकत है कि वर्ष 2006 में मनमोहन सरकार के समय से भारत से मांस के निर्यात में बढ़ोत्तरी आने का जो सिलसिला आरंभ हुआ, वह आज 2024 में नंबर 1 बीफ निर्यातक तक भारत को पहुंचा चुका है। 'वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाईजेशन' की फरवरी, 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार बीफ निर्यात के क्षेत्र में वर्ष 2006 से 2016 के बीच भारत में जबरदस्त बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वर्ष 2006 में बीफ के विश्व व्यापार में भारत का योगदान महज 2 प्रतिशत था, जबकि 2016 में भारत 20 प्रतिशत से अधिक का भागीदार हो गया! 2022-23 में तो यह और भी बढ़ गया है।ये कांग्रेस ने नहीं भाजपा ने किया है। कोई योगी जी को बता दे कि वर्तमान में भारत मांस निर्यात में जहां पांचवें नंबर पर है, वहीं बीफ निर्यात में वह ब्राजील से होड़ करते हुए कभी पहले नंबर पर तो कभी दूसरे नंबर पर होता है।

बहरहाल अभी देश में अठारहवीं लोकसभा कि लिए मतदान कि केवल दो चरण समाप्त हुए हैं। पांच चरण अभी शेष है। इनमें यदि आदर्श आचरण चुनाव संहिता का सख्ती से पालन न किया गया तो ये चुनाव इस सदी के सबसे दूषित चुनाव होंगे। मुझे 1971 से लेकर 2019 तक के तमाम चुनावों का स्मरण है। मुझे लगता है कि ये पहला और शायद अंतिम चुनाव होगा जिसमें किसी दल की कोई आदर्श आचार संहिता नहीं है। हर दल कहीं न कहीं ,कम या ज्यादा इस संहिता की धज्जियां उड़ा रहा है । कांग्रेस भी इस दोष से मुक्त नहीं है। बाकी के दलों के बारे में तो कहा ही क्या जाये ? लेकिन केंचुआ ले-देकर कांग्रेस और दूसरे दलों के ऊपर कार्रवाई की चड्डी गांठता है। सत्तारूढ़ दल के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर उसकी रूह कांपती है [वैसे केंचुआ की कोई रूह बची नहीं है] ।

राजधर्म तो कहता है कि केंचुआ मोदी जी और योगी जी को कम से कम एक चरण के लिए चुनाव प्रचार करने से रोके,प्रतिबंधित करे । इस समय में नेतागण आत्मचिंतन करें,स्वाध्याय करें ताकि आने वाले चुनाव प्रचार के समय किसी से कोई गलती न हो। लेकिन ऐसा हो नहीं सकता । केंचुआ राजधर्म से अनभिज्ञ है। केंचुआ के प्रधान कोई शेषन नहीं है। जो है उसे भी सेवानिवृति के बाद दोबारा से रोजगार हासिल करना है। ये कामना ही सभी को शेषन नहीं बनने देता। इस समय तमाम जिम्मेदारी मतदाताओं के ऊपर ह। उन्हें जागरूक रहना है । अनर्गल भाषणों से प्रभावित नहीं होना है । चाहे वे भाषण कांग्रेसियों के हों या सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के। लोकतंत्र को बचने का यही पहला और आखरी उपाय है । जागरूकता का कोई विकल्प है ही नहीं।

लोकतंत्र में कोई बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक कोई किसी से कुछ छीन नहीं सकत। छीनने का अधिकार और शक्ति केवल सत्ता में होती है। सत्ता ही मंगलसूत्र छिनती है,सत्ता ही मंगलसूत्र बांटती है। सत्ता ही आपके नोट रद्दी कर देती है और सरकार ही उनमें प्राण फूंकती है। आज दुनिया में अमरीकी डालर के मुकाबले भारतीय रूपये की जो दुर्दशा है उसके लिए कोई अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक जिम्मेदार नहीं ह। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। देश का सोना कोई अल्पसंख्यक या बाहुसंख्यक नहीं बेचता सरकार बेचती है। इसलिए डरना है तो अपने पड़ौसी से मत डरिये । डरिये तो केवल उस सरकार से डरिये जो आततायी है। पक्षपाती है। समदर्शी नहीं है। बात सबको साथ लेकर चलने की कहती है लेकिन चलती नहीं ह। सबका विकास करने कीबात करती है किन्तु करती नहीं है। इसलिए जागो!

पुर्जे-पुर्जे शिकायत

धर्मपुर बस डिपो की चलती बस के टायर ही नहीं खुले, बल्कि पथ परिवहन निगम प्रबंधन की ढीली चूलें भी सामने आ गई हैं। लापरवाही का नजराना किसे मिला, यात्रियों को जो-बाल-बाल बच गए या चालक को- जो सारी नालायकी का जिम्मेदार बना दिया गया। अब अपनी जांच के ढीले पुर्जों को दुरुस्त करने की दृष्टि से एचआरटीसी प्रबंधन ने धर्मपुर बस डिपो के मुख्य व कार्यकारी मुख्य मैकेनिक निलंबित कर दिए, तो चालक संघ ने आंदोलन का शंखनाद करते हुए यह मांग कर डाली कि जांच के फंदे में आरएम और डीएम को भी निलंबन की सूची में डालें। आश्चर्य यह कि जिस बस को जोगिंद्रनगर से अमृतसर जाना था, उसकी चालन क्षमता व पुर्जों की उपयोगिता इतनी थी ही नहीं कि इसे डिपो से बाहर निकलने की अनुमति मिलती। वैसे जो सरकारी बसें सडक़ों पर तथाकथित रूप से चल रही हैं, उनमें कइयों की स्थिति धर्मपुर बस सरीखी ही है। आश्चर्य यह कि लंबे और अंतरराज्यीय बस रूटों पर भी सुरक्षित आवागमन की गारंटी नहीं। बेशक एचआरटीसी पर आज भी यात्रियों का भरोसा है और वे इसे ब्रांड हिमाचल की दृष्टि से अहमियत देते हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति में सरकारी बसों की छवि जगह-जगह ब्रेकडाउन के कारण खराब हो रही है। यही वजह है कि प्रदेश के स्थानीय रूटों पर निजी बसों को यात्रियों की प्राथमिकता मिल रही है। वोल्वो बसों के संचालन में भी एचआरटीसी पिछड़ चुकी है, जबकि निजी क्षेत्र के कारण हिमाचल पर्यटकों को सुविधाजनक यात्रा के माध्यम से आकर्षित कर पा रहा है। जाहिर है हिमाचल परिवहन निगम की बसें फिसड्डी साबित हो रही हैं, तो इसके अनेक कारण हैं और जिनके लिए काफी हद तक चालक, मैकेनिक, क्षेत्रीय एवं डिवीजनल मैनेजर ही दोषी नहीं ठहराए जा सकते। जब से सरकारी बसें राजनीतिक फैसलों का बोझ उठाने लगी हैं, इनकी प्रबंधकीय क्षमता के टायर पंक्चर होने लगे हैं। इसलिए धर्मपुर डिपो की बस के टायरों का किस्सा बता रहा है कि भीतर कंगाली का आलम है क्या। हिमाचल के 14 सार्वजनिक उपक्रमों के कुल 5143.46 करोड़ के घाटे में परिवहन निगम ने ही 1966.13 करोड़ गंवाए हैं। यह अजीब सी स्थिति है, जहां घाटा निरंतर बढ़ रहा है, लेकिन सियासी प्राथमिकताएं बेशर्मी से अपना रुतबा आजमा रही हैं। जो रूट होने नहीं चाहिएं, वहां खाली बसें दौड़ रही हैं। जहां बस डिपो होने नहीं चाहिएं, वहां लाभकारी डिपो से छीन कर राजनीतिक आत्म संतुष्टि की जा रही है। कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, मंडी व कुल्लू के निजी बस आपरेटरों से ही एचआरटीसी प्रबंधन की कला सीख ले, तो पता चल जाएगा कि एक बस चलाने के लिए कितना अर्थशास्त्र व अर्थगणित चाहिए।

न्यू प्रेम बस सर्विस दर्जनों बसें चलाने के लिए डिपो जैसे नखरे तो नहीं उठाता। दूसरी ओर निजी वोल्वो बसों की बुकिंग व यात्री संबंध इस तरीके से बुने गए हैं कि राज्य के बाहर के आपरेटर लाखों कमा रहे हैं। आश्चर्य यह कि एचआरटीसी बस की सीट भले ही फटी हो, प्रबंधन के तौर तरीकों में साहबों के दफ्तर आलीशान व शानोशौकत को तसदीक करते अपना रुतबा बताते हैं। हैरत है कि प्रबंधन उस चालक को कठघरे में खड़ा कर रहा है, जिसने न बस खरीदी और न ही पुर्जे। उसका दायित्व साफ-सुथरी व अनुशासित ड्राइविंग से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाना है। यह पुर्जे का घालमेल है और जहां जुगाड़ से गाडियां चल रही हैं। बस के टायर इसलिए खुले कि एचआरटीसी अब या तो जुगाड़ है या कबाड़ बन चुकी है। बेहतर है सरकारी उपक्रम अपने घाटे और संस्थागत बोझ घटाएं।

संपादकीय

जातियों की ओर बढ़ता चुनावी चरण

लोकसभा चुनाव के दो चरण सम्पन्न हो चुके हैं, उत्तर प्रदेश में इसकी पश्चिम से हुई थी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण तक चुनाव पूरी तरह से सम्पन्न हो जाएंगे। इसके बाद जैसे ही चुनावी चरण मध्य उत्तर प्रदेश से शुरू होकर पूर्वी उत्तरप्रदेश में प्रस्थान करेगा। जातियों का बोलबाला शुरू हो जाएगा। कभी मध्य उत्तर प्रदेश को समाजवादी पार्टी का गढ़ कहा जाता था लेकिन आज वहां वह स्थित नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के गढ़ में काफी डेमेज किया है। और समाजवादी पार्टी के पास अपने गढ़ को बचाने की चुनौती होगी। फिरोजाबाद, एटा, मैनपुरी, इटावा, बदायूं, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात यादव बाहुल्य क्षेत्र हैं। और इन क्षेत्रों के लोगों को मुलायम सिंह यादव नाम से जानते थे। लेकिन जैसे ही वह अस्वस्थ हुए सपा की पकड़ भी इन क्षेत्रों में ढीली हो गई।

मुलायम सिंह यादव के बाद जब अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी की कमान सम्हाली थी तब शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी का इन क्षेत्रों में बहुत नुक्सान किया था। लेकिन अब शिवपाल सिंह यादव फिर से समाजवादी पार्टी के साथ हैं और अब उनके ऊपर यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी कि वह इस गढ़ को बचाने के लिए प्रयास करें। इन क्षेत्रों की स्थिति यह है कि यदि यादव और मुस्लिम मत एक हो जाए तो समाजवादी पार्टी को हराना काफी मुश्किल है। हालांकि काफी संख्या में यहां पर ब्राह्मण और क्षत्रिय वोट भी है, तथा अन्य पिछड़ी जातियों को मिलाकर भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के इस भ्रम को पिछले कई चुनावों में तोड़ा है। फिर भी आज इन क्षेत्रों में तीसरी किसी पार्टी के लिए कुछ भी नहीं है और मुकाबला सीधे भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच ही है।

भारतीय जनता पार्टी के इन क्षेत्रों में मजबूत होने से सपा को एक जो सबसे बड़ा नुक्सान हुआ है वह है उनके कार्यकर्ताओं द्वारा सपा का साथ छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लेना। कभी समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हुआ करता था। और मुलायम सिंह यादव अपने कार्यकर्ताओं का बहुत ही सम्मान किया करते थे। इस चुनाव में फिरोजाबाद, मैनपुरी बदायूं, कन्नौज से सपा मुखिया अखिलेश यादव समेत यादव परिवार के ही सदस्य चुनाव मैदान में हैं। यह समाजवादी पार्टी के लिए सबसे सुरक्षित गढ़ भी माना जाता है। यहां से चुनावी चरण जो शुरू होगा उत्तर प्रदेश का चुनाव जाति और धर्म की ओर चलता चला जाएगा। इस यादव बैल्ट के बाद जैसे ही चुनावी पूर्वांचल की तरफ रुख करेगा। जातियों का बोलबाला और अधिक शुरू हो जाएगा। जिस विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री चुने गए थे उसमें पूर्वांचल का बहुत बड़ा हाथ था। पूर्वांचल ने समाजवादी पार्टी को बंपर वोट दिया था। क्यों कि वहां के सभी बड़े नेता समाजवादी पार्टी के ही साथ थे। लेकिन धीरे-धीरे समय का चक्र चला और वहां तमाम जातियों के छोटे-छोटे नेता तैयार हो गये। हालांकि यह नेता अकेले कुछ भी करने में असक्षम थे तो उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का सुरक्षित साथ पकड़ा और यहां भी समाजवादी पार्टी की पकड़ ढीली हो गई। ऐसा नहीं है कि वहां भारतीय जनता पार्टी को हराया नहीं जा सकता, लेकिन मेहनत करनी होगी। घोसी विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव यह बात स्पष्ट करते हैं कि यदि मेहनत की जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है। एक समय था कि उत्तर प्रदेश की खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की विभिन्न जातियों पर समाजवादी पार्टी की अच्छी पकड़ थी। भारतीय जनता पार्टी ने स्वयं तो जातियों पर पकड़ नहीं बना पाई लेकिन विभिन्न छोटे छोटे जातिगत राजनीति करने वाले दलों को अपने साथ मिलाकर जातिगत समीकरण जरुर साध लिया है। और अब वह पूर्वांचल में भी मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है। यदि उत्तर प्रदेश में मुकाबले की बात करें तो यहां अब भारतीय जनता पार्टी का सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी से ही है। बहुजन समाज पार्टी पहले ही हथियार डाल चुकी है। लेकिन हां उसने तमाम सीटों पर ऐसे प्रत्याशी उतार दिए हैं जो कहीं समाजवादी पार्टी के लिए तो कहीं भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें पैदा कर रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी इस चुनाव में बिल्कुल नतमस्तक नजर आ रही है। उसकी रणनीति केवल प्रत्याशियों के दम पर ही जीवित है।

बहुत समाज पार्टी ने जिस तरह से पिछले चुनावों में आक्रामकता दिखाई थी आज वह कहीं नहीं दिखाई दे रही है। बात तो यहां तक पहुंच गई है कि उनके भतीजे आकाश आनंद ने यह तक कह दिया है कि समाज का हित करने के लिए सत्ता की भागीदारी बहुत आवश्यक है। जिसका लोगों ने यह तक निष्कर्ष निकाल लिया है कि क्या चुनाव बाद बहुजन समाज पार्टी भारतीय जनता पार्टी के साथ जा सकती है। हालांकि अभी इस तरह की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस बार के चुनाव में मुस्लिम समुदाय पूरी तरह से समाजवादी पार्टी की तरफ़ दिखाई दे रहा है। वह जनता है कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला समाजवादी पार्टी ही कर सकती है। और करती दिखाई भी दे रही है। कांग्रेस के साथ गठबंधन ने भी समाजवादी पार्टी को मजबूत किया है इसको हम नकार नहीं सकते हैं।

दो चरणों के चुनाव के बाद तीसरे चरण से दबदबा पूरी तरह से जातियों का ही होना तय है और उसी का फायदा, अनुप्रिया पटेल, पल्लवी पटेल, ओमप्रकाश राजभर, संजय निषाद जैसे नेता उठा रहे हैं। पूर्वांचल में इन नेताओं का राजनीति में एक अहम स्थान है। इनको सत्ता में रहना भाता है और सत्ता भारतीय जनता पार्टी के पास है। लेकिन फिर भी मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। निश्चित ही हर सी पर फाइट होना तय है। पूर्वांचल का नाम आते ही इन जातिगत पार्टियों के नेताओं का रोल अहम हो जाता है। ये जिस पार्टी के साथ होते हैं उनको अच्छा खासा जनाधार मिल जाता है। और इन पार्टियों का भी भला हो जाता है क्यों कि ये ज्यादा समय तक सत्ता से दूर नहीं रह सकतीं।

दैनिक राशिफल 28/04/2024

1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यों में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यों में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करे। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

संक्षिप्त ख़बरें

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के असुरैना टोला कुकेसर स्थित सेंट पाल स्कूल में प्रधानाचार्या प्रीति चन्द्रा के नेतृत्व में कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र व शील्ड वितरण किया गया।

जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के सेंट पाल स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा आए हुए सभी अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों की देखरेख व शिक्षा के प्रति विशेष निगरानी करने की नसीहत दी गई। प्रधानाचार्या प्रीति चन्द्रा ने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने पाल्यों को शिक्षा देने में विशेष योगदान रहता है। बच्चों में शिक्षा के प्रति माता-पिता ही सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता पिता के रहन सहन पर ही बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में विकास करते हैं। इस मौके पर प्रबन्धक प्रिया लूईस, लोरेन जोसूआ, दिलीप झां, राहुल कुमार पाण्डेय, प्रियंका जायसवाल, विजय लक्ष्मी जायसवाल, हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी युवक गिरफ्तार

महराजगंज। बरगदवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की को एक सप्ताह पूर्व क्षेत्र के मंगलापुर टोला मोहनापुर निवासी सुनील चौधरी पुत्र राजकुमार चौधरी (19) बहला-फुसला कर भगा ले गया था। परिजनों के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 363,506,376 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक के खोजबीन में जुटी हुई थी। वहीं रविवार को मुखबिर के सूचना पर पुलिस ने स्थानीय बरगदवा से उक्त धाराओं में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

शाहिद मुनीर सिद्दीकी ने मुख्य सचिव को दिया शपथ पत्र

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर।सिद्दीकी ने मुख्य सचिव को दिया शपथ पत्र सप्ताह पूर्व क्षेत्र के मंगलापुर टोला मोहनापुर निवासी सुनील चौधरी पुत्र राजकुमार चौधरी (19) बहला-फुसला कर भगा ले गया था। परिजनों के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 363,506,376 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक के खोजबीन में जुटी हुई थी। वहीं रविवार को मुखबिर के सूचना पर पुलिस ने स्थानीय बरगदवा से उक्त धाराओं में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

होने वाली महिला सम्मेलन की बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुई।

हरदोई 4 मई को नगर के बाल विद्या भवन स्कूल में होने वाले संसदीय क्षेत्र के महिला सम्मेलन की तैयारी बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रभारी राजेश अग्निहोत्री के अनुसार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य मौजूद रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता बाल विद्या भवन की प्रमुख कीर्ति सिंह महिला मोर्चा जिला महामंत्री रीना गुप्ता सहित महिला मोर्चा की पूरी टीम मौजूद रही।

पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने किया पैदल मार्च

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नौतनवां जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार की देर रात परसामलिक पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने भारत नेपाल सीमा के पगडंडी रास्ते पर पैदल गस्त कर सीमावर्ती लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी में जुटा है। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के साथ ही सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है तथा हर अवैध गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर है। शनिवार की देर रात नौतनवां क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में एसएसबी व पुलिस फोर्स के जवानों ने बार्डर व बार्डर से सटे गांवों में पैदल मार्च निकालकर आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया साथ ही मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील सभी से की गई। इस मौके पर सेवतरी चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह, एसएसबी एएसआई तपन घोष, कांस्टेबल विकास यादव, अरून भारती, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, अनिल कुमार राठौर, सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है तथा हर अवैध गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर है।

मनबढ़ जालसाजों ने फर्जी तरीके से बेच दी एक बड़े अधिकारी की जमीन

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में मुख्य प्रबंधक संजय कुमार सिंह की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के आरोपी को एम्स पुलिस ने चार माह बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने ही फर्जी कागजात तैयार कराकर संजय सिंह की जगह पर दूसरे शख्स को संजय बनाकर लाया था। आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान कुशीनगर जिले के तमकुहीराज के बसडीला निवासी हरिहर यादव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को दी तहरीर में संजय ने लिखा है कि महादेव झारखंडी की भूमि के वह मालिक व काबिज दाखिल हैं। 15 फरवरी 1992 को जमीन को क्रय किया, जिसपर उनका नाम बतौर स्वामी एवं काबिज दाखिल के रूप में दर्ज है। बताया कि तैनाती गोरखपुर से बाहर होने के कारण दिल्ली या लखनऊ में रुकना पड़ता है। गोरखपुर में लगातार उपस्थित न रहने के कारण कुछ लोग ने आपस में साजिश करके जमीन को बेच दिया। जानकारी मिली तो जाली एवं फर्जी बैनामे कि प्रति हासिल की गई। इस आधार पर 11 नवंबर 2023 को एम्स थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की। जांच के आधार पर आरोपी हरिहर को गिरफ्तार कर लिया।

भगवान बुद्ध एवं भीमराव आंबेडकर की मूर्ति का अनावरण

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुनपुरा में रविवार को भगवान बुद्ध एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिशरण गौतम तथा विशिष्ट अतिथि रामनरेश चौधरी व अलख निरंजन रहे। मुर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि पूर्व अपर आयुक्त वाणिज्य कर अधिकारी हरिशरण गौतम ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों और संकल्पों पर चलने का आह्वान किया। सभा को संबोधित करते हुए भंते शील प्रकाश ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने लिखित संविधान के जरिए जिस तरह दलित गरीबों को समाज के मुख्य धारा में लाने का काम किया वह अद्वितीय है। आज देश को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपने को आगे बढ़ाने और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर अमल करने की जरूरत है। इस मौके पर थारू जनजाति के अध्यक्ष राकेश चौधरी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी, महामंत्री राम भरत चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि सत्य विजय यादव, अगस्तमुनि चौधरी, शैलेश भारती, प्रताप गौतम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

घायल कन्हैया यादव के मौत के चार दिन बाद भी शेष नामजदअपराधी पुलिस पकड़ से है काफी दूर

● मृतक के परिजनों में दहशत

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपर। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाण्डेयपार उर्फ डड़वा में परीक्षा परिणाम पास और फेल को लेकर हुए विवाद में कन्हैया यादव उम्र 70 वर्ष की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसमे गोला पुलिस एक नामजद अभियुक्त को पकड़ कर जेल भेज दिया है शेष नामजद अभियुक्त मौत के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जिससे मृतक पक्ष के लोग डरे सहमें व दहशत में पड़े हुए है।परिजनों का कहना है कि लोग कहीं दुसरी घटना को अंजाम न दे दें।

प्राप्त बिबरण के अनुसार बीते 20 अप्रैल को हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट का रिजल्ट निकला। जिसमें एक ही घर के दो छात्र परीक्षा दिए थे। परीक्षा में स्व कन्हैया यादव का नाती सुरज पास हो गया और तारकेश्वर यादव का नाती चांस फेल हो गया। सुरज पास होने की खुशी में अपने श्रेष्ठजनों का आशिर्वाद व मिष्ठान वितरण करने लगा इसी बीच चांस और सुरज में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मार पीट में तब्दील हो गया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को गोला पुलिस सीएचसी इलाज के लिए ले गई और वहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां से कन्हैया यादव को सीधे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। गोला पुलिस ने उसी दिन चांस को हिरासत में ले लिया। और विवाद के चौथे दिन भोर में घायल कन्हैया यादव की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृत्यु के चार दिन बीत जाने के बाद भी गोला पुलिस शेष नामजदआरोपितों को पकड़ पाने में काफी दूर पड़ी है। मृतक कन्हैया यादव का परिवार नामजद शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी नही होने के कारण अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर काफी भयभीत है। इस प्रकरण पर कोतवाल गोला मधुपनाथ मिश्रा का कहना है कि एक अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है शेष नामजद अभियुक्तों के गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

पैसे छापने की मशीनें बन गये प्राइवेट स्कूल,अभिभावकों की जेबों पर डाला जा रहा डाका

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। शिक्षा को पूरी दुनिया में बेहतर और सम्मानित जीवन जीने के लिए बेहद बुनियादी और आवश्यक चीज़ समझा जाता है। इसीलिए, देश अपने यहां विकास के लिए शिक्षा पर ध्यान देना अपनी पहली प्राथमिकता मानते हैं। बचपन से ही हमें सिखाया जाता है कि स्कूल विद्या के मंदिर होते हैं। चूंकि स्कूलों का नैतिक महत्व इतना ज्यादा है, इसलिए सरकारों का भी ज़ोर रहता है कि जो कोई स्कूल या शिक्षण संस्थान खोलना चाहता है, वह नॉट फॉर प्रॉफिट या गैर-लाभकारी (मुनाफा कमाना जिसका मकसद न हो) संस्थान के तौर पर इन्हें पंजीकृत करवाए न कि कमर्शल इंडस्ट्री के तौर पर।

अधिकतर निजी स्कूलों को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन ऐक्ट या फिर ट्रस्ट ऐक्ट के तहत पंजीकृत किया जाता है। मगर गैर-लाभकारी संस्थान होने के बावजूद इस बात में कोई शक नहीं कि ये स्कूल पैसे छापने की मशीनें बन गई हैं जहां पर बच्चों को शिक्षा पाने के लिए भारी-भरकम फीस देनी पड़ती है। हालांकि इस बात की कोई गारंटी नहीं कि इस शिक्षा में गुणवत्ता भी होती है या नहीं। वैसे यह अलग से चर्चा का विषय है।

शिक्षा के मंदिरों में व्यवसाय हावी, लूट के निकाले कई तरीके

अलीगढ़,। शिक्षा सत्र शुरू होते ही मुनाफे की इस दौड़ में शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले अधिकांश निजी स्कूल भी शामिल हो चुके हैं। जहां अभिभावकों की जेब तराशने के लिए नित नए तरीके इजाद किए जा रहे हैं। एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव में भाग लेने वाले बच्चों से पूछा गया कि आप का स्कूल आप को कैसी जगह लगता है। एक बच्चे का जवाब था कि, हमारा स्कूल ऐसी जगह है, जहां हमारे बाप को लूटा जाता है और हमें कूटा जाता है। दाखिलों के इस मौसम में यह जोक काफी पापुलर हो चुका है और हो भी क्यों ना, क्योंकि किसी भी जानेमाने स्कूल में अपने बच्चों को दाखिला दिलाना अधिकांश अभिभावकों के लिए दिवास्वप्न बनकर रह गया है।

अधिकांश निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को ठगने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं। दाखिले के समय एडमीशन फीस व रजिस्ट्रेशन के नाम पर मोटा शुल्क वसूला जाता है। पहले से ही स्कूल में पढ़ रहे बच्चों से भी हर वर्ष प्रवेश शुल्क वसूलना स्कूल संचालकों की आय का मुख्य स्त्रोत बना हुआ है। इसके अलावा पुस्तकों व अन्य पाठ्य सामग्री के लिए भी मोटे टेंडर छोड़े जाते हैं। संबंधित पार्टी से पुस्तकें बेचने के लिए एकमुश्त मोटा कमीशन लेकर उसे स्कूल में ही अपनी दुकान लगाने के लिए स्थान उपलब्ध कराकर अभिभावकों को लूटने की खुली छूट प्रदान कर दी जाती है। इस धंधे में मोटी कमाई होने की वजह से अधिक स्कूल ज्यादातर कक्षाओं में एनसीईआरटी की पुस्तकों की बजाय निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगाते हैं। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त इन स्कूलों में एक ही कक्षा में अलग-अगल प्रकाशकों की पुस्तकें देखने को मिल जाती हैं। मोटा कमीशन देने वाली पार्टी मिलते ही कुछ कक्षाओं की पुस्तकें तो हर साल बदल दी जाती हैं। पुस्तकों व शिक्षण सामग्री की ही तरह मोटे कमीशन के चक्कर में स्कूल ड्रेस भी जब तब बदल दी जाती है।

स्कूलों पर नहीं होती कोई कार्रवाई:

राज्य सरकार व शिक्षा विभाग इन स्कूलों को फीस बढ़ाने व 134 ए के तहत गरीब बच्चों को दाखिला न देने के लिए जब तब इन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी तो देते रहते हैं, मगर किसी भी स्कूल के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसकी खास वजह यह है कि अधिकांश निजी स्कूल या तो राजनेताओं के अपने हैं या फिर ऐसे स्कूलों में उनकी हिस्सेदारी होती है।

भाग्यशाली गरीब बच्चों को ही मिल पाता है दाखिला:

शिक्षा अधिनियम के प्रावधान 134 ए के तहत किसी भी नामीगिरामी स्कूल में किसी भाग्यशाली गरीब बच्चे का ही दाखिला हो पाता है। अधिकांश स्कूल इस प्रावधान को मानने को ही तैयार नहीं होते, या फिर सरकार पर ऐसे बच्चों की पूरी फीस चुकाने को दबाव बनाते हैं। इस सब के चलते गरीब बच्चों के दाखिलों की प्रक्रिया को जानबूझकर लटकाया जाता है, जो साल के अंतिम माह तक भी लटकी रह जाती है। इसी वजह से अब अधिकांश गरीब अभिभावकों ने तो इस प्रावधान के तहत आवेदन करना ही छोड़ दिया है।

इनका कहना है..

इस सबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द से पूछा गया तो उनका कहना था कि इस तरह की शिकायतें काफी मिल रही हैं। कमीशन का खेल करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ जांच कर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

खजनी में भीषण चोरी घर मे बन्द कर चोरों ने उड़ाया नगदी समेत गहने,स्थानीय पुलिस ने लिया डॉग स्ववायड टीम का सहयोग

● एक माह में पांच घरों में हुई चोरियां खजनी क्षेत्र सतुआभार में मचा हड़कम्प

पुलिस सुस्त चोर फूर्त, चोरों का आतंक भयभीत हुए ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र सतुआभार में चोरों के तांडव से गाँव मे हड़कम्प मच गया । एक माह में चोरों ने पांच घरों को निशाना बना चुके है ,स्थानीय पुलिस के निस्क्रियत से आज चोरों ने भीषण चोरी कर क्षेत्र में हड़कम्प मचा दिया ,लाखों के गहने सहित कपड़े नगद उड़ा ले गए ,वही दूसरे घर मे 3 हजार नगद उठा ले गए , चोरों ने सभी सन्दूख को चार स्थलो पर तोड़ कर महंगे समान निकाल कर अन्य कपड़े फेंक दिया है , गोरखपुर जनपद के खजनी थानां क्षेत्र ग्राम सभा सतुआभार चौहाहै के समीप शनिवार की रात पंकज दुबे उर्फ पप्पू पुत्र ,स्वर्गीय रीषिदेव दुबे के घर चोर घर को बाहर से बंद कर महंगे पुस्तैनी जेवर सहित नगद 20 हजार उड़ा ले गए ,चोर चार संदुखों को अलग अलग स्थानों पर तोड़ कर समान बिखेरा है ,महंगे कपड़े भी फेंक दिए है , रविवार को सुबह परिजन घर का हल देखा तो ह हतप्रद रह गए ,चोरी की सूचना गाँव मे जंगल के आग की तरह फैल गई, गाँव मे हड़कम्प मच गया है , पीड़ित पंजज दुबे ने बताया घर मे मां के पुराने पुस्तैनी जेवरात चोर उठा ले गए है ,नगद लगभग 20 हजार चुरा ले गए है । चोर बाहर से दरवाजा को बांध दिए थे ,जिससे कोई बाहर न निकल सके ,सुबह जब दरवाजा नही खुला तो सबके होस उड़ गए । सूचना पर पहुंची घटना स्थल का निरीक्षण में जुट गई । बताया जा रहा है ,चोर बिगत एक माह से गाँव मे छोटे बड़े चोरी जैसे घटनाओं को अंजाम देते आ रहे है ,आज भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस के पहरा को ठेंगा दिखाया है ।

कब और किसके घर हुई चोरी

खजनी क्षेत्र सतुआभार चौराहे के इर्द गिर्द में लगभग चार घरों में चोरियां हो होना बताया जा रहा है , जिसमे मुहम्मद यूनिष के घर बीते दो सप्ताह पूर्व नगदी समेत महंगे मोबाइल की चोरी हुई , रामबचन दुबे के घर 15 दिनों पूर्व रामनवमी के बीच चोरी हुई जिसमें नगद सहित अन्य सामान चोरों ने उड़ाया था ,आज पंकज दुबे के घर भीषण चोरी हुए ,उसी क्रम में एक छोटे ब्यापारी के घर चोरी हुई , कन्हैया के घर चारों ने बीती रात चोरों में निशाना बनाया ,जिसमे कुछ नगदी उठा ले गए ,इसी प्रकार सात छोटे बड़े सात चोरियां ग्रामीणों ने मीडिया से बताया , फिरहाल मीडिया के सर्वे में पांच मामले चोरी के सामने आए है.

डॉग स्वबायड टीम कर रही जांच

घटना के बाद खजनी पुलिस सकते में आ गई , डॉग स्ववायड के टीम के सहयोग से खोजी कुत्ताघूमता रहा ,फिरहाल अभी कोई मजबूत कड़ी तक पुलिस नही पहुंची है ,उम्मीद है घटना का खुलासा जल्द हो जाय।

मुठभेड़ के दौरान 25 हजार का शातिर इनामियां घायल

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये का शातिर ईनामियां घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलाह, कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर की बरामद की है। थाना सिविल लाइन व स्वाट/सर्विलांस टीमों द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान वांछित इनामी राशिद अली उर्फ राशिद जख्मी पुत्र असरफ अली उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नं0-9 मिडिल स्कूल के सामने, पूर्वी चंपारण बिहार हालपता-छात्र एएमयू थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार किया गया है। वांछित राशिद जख्मी के ऊपर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था ।

रात्रि चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस पार्टी द्वारा राशिद को रोके जाने पर पुलिस पार्टी के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में फायरिंग की गई, जिसमें राशिद जख्मी को पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। राशिद जख्मी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

उसके के कब्जे से एक तमंचा ,एक जिंदा कारतूस व दो खोखा बरामद हुए तथा एक मोटरसाइकिल होण्डा ड्रीम युगा बिना नम्बर प्लेट घटना में प्रयुक्त बरामद हुई है।

कृपया अलीगढ़ पेज पर ही खबरें लगवाने की कृपा करें

●लूट के माल के साथ तीन शातिर लुटेरे दबोचे

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। थाना जवां पुलिस टीम ने लूट की घटना का चंद घण्टों में सफल अनावरण करते हुये तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार कर लूट के रुपये, अवैध तमंचा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

थाना प्रभारी जवां के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा लूट के प्रकरण में वांछित चल रहे ़उम्रदराज पुत्र अहमद साईद मूल निवासी खेड़िया कलियानपुर थाना अमहदगढ़ जिला बुलन्दशहर हाल पता गली नं0 14 मौलाना आजाद नगर तिकोना मार्केट जमालपुर थाना क्वार्सी , गुफरान पुत्र जलालुद्दीन निवासी गली नं0 10 मौलाना आजाद नगर लाइन पार मदीना मस्जिद के पास थाना क्वार्सी , फरमान पुत्र जफर खान निवासी अल्लयपुर थाना चन्दपा जनपद हाथरस को मय लूट के 3700 रुपये व अवैध तमंचा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित रठगवां की ओर जाने वाली सड़क के किनारे वाले कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया है।

बार के पूर्व महासचिव का पंजीकरण रद्द

अलीगढ़,। यूपी बार काउंसिल ने बार के पूर्व महासचिव संजय पाठक व साथी विजयपाल सिंह का पंजीकरण पांच वर्ष के लिए रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई उनके खिलाफ अलीगढ़ बार का महासचिव रहते एक भुगतान करने के मामले में लगे गबन के आरोपों में की गई है।यह शिकायत प्रियंका भारद्वाज द्वारा की गई थी, जिसमें कहा गया था कि उनके अधिवक्ता पिता के देहांत के बाद उनके ऐतराज के बाद भी भाई को धनराशि का भुगतानकर दिया गया। विरोध पर अभद्रता की गई। इसकी बार कार्उंसिल में शिकायत की गई। जिसकी जांच के बाद बार के पूर्व महासचिव संजय पाठक व उनके साथी विजयपाल का पंजीकरण पांच वर्ष के लिए रद्द कर दिया गया है। इस विषय में संजय पाठक का कहना है कि यह कार्रवाई इकतरफा हुई है। उन्हें जानकारी नहीं हो पाई और वे अपना पक्ष नहीं रख पाए। अब वे बार काउंसिल में अपना पक्ष रखने जाएंगे। तब संच सामने आएगा.

चंद घंटों में गुमशुदा को पुलिस ने किया बरामद

अलीगढ़,। ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पिसावा पुलिस टीम ने चार वर्षीय गुमशुदा को चंद घण्टों में तलाश कर परिजनों से मिलाकर परिवार की खुशियाँ लौटाई।

चार वर्षीय गुमशुदा बच्चा अपने नाना के यहाँ कस्बा पिसावा में आया था जहां से सुबह खेलते- खेलते कहीं चला गया, काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिल रहा था जिसके सम्बन्ध में पिसावा पुलिस को सूचना दी गई । जनपद में गुमशदा बच्चों की तलाश, शीघ्र बरामदगी एवं रास्ता भटके हुए बच्चों को परिजनों से मिलाने हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पिसावा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आसपास के गली मौहल्लों, गांवों में व व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से आसपास के लोगों से जानकारी करते हुए उपरोक्त 04 वर्षीय गुमशुदा को जाटव वाले मौहल्ला कस्बा पिसावा से चंद घण्टों में सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया । परिजनों द्वारा अपने बच्चे को सकुशल पाकर अलीगढ़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई ।

बांदा। कस्बे के अतर्रा रोड के पास

ईरान के आधी दुनिया से रिश्ते खराब

स्वतंत्र प्रभात

सीरिया में ईरानी दूतावास के पास 1 अप्रैल को इजराइली सेना की एयरस्ट्राइक में ईरान के दो शीर्ष आर्मी कमांडरों समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद से ही इजराइल पर ईरान के हमले की आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। ईरान ने 12 दिन के बाद यानी 13 अप्रैल की रात को 300 से भी अधिक मिसाइलों के साथ इजरायल पर हमला बोल दिया। एक समय तो ऐसा लगा कि दुनिया एक और युद्ध के मुहाने पर पहुंच गई है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बाद से स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बनी हुई है। रूस, चीन और कुछ हद तक भारत को छोड़कर ईरान हर प्रभावी देश या ब्लॉक के साथ उलझा हुआ है। दुनिया से ईरान के रिश्ते बिगड़ने की शुरुआत कैसे हुई? विदेश मामलों की विशेषज्ञ नम्रता हसिजा ने बताया किआज ईरान के आज किस देश के साथ कैसे रिश्ते हैं...

मजहबी क्रांति के साथ शुरू हुई थीं समस्याएं

1979 से पहले ईरान के अमेरिका से लेकर इजराइल तक तमाम देशों के साथ रिश्ते बड़े मधुर हुआ करते थे। बदलाव आया 1979 से जब ईरान में इस्लामिक क्रांति हुई। वहां 1926 से राज करने वाले पहलवी राजवंश को उखाड़ फेंका गया। वहां राजवंश की जगह इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का जन्म हुआ। सत्ता की असल ताकत इस क्रांति के अगुवा रहे धार्मिक नेता आयतुल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी के हाथों में आ गई और उन्होंने सभी पश्चिमी देशों से संबंध समाप्त कर फिलिस्तीनियों के साथ खड़े होने की घोषणा कर दी।

आतंकी समूहों से ईरान के करीबी संबंध

लेबनान के हिजबुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया गुट, फिलिस्तीनियों के हमास और यमन के हूती समूहों को ईरान सालों से न केवल सैद्धांतिक तौर पर, बल्कि हथियारों से भी समर्थन देते आया है। ईरान इन समूहों के लिए एक तरह से संरक्षक का काम करता है। ये वे ग्रुप हैं जो अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल को अपने शत्रु के रूप में देखते हैं। इससे ईरान अपने आप इन तमाम देशों से कट जाता है। सबसे ताकतवर ईसाई प्रभुत्व वाले अमेरिका और ब्रिटेन, मध्य पूर्व की धुरी रहे यहूदियों के देश इजराइल। मुस्लिम असर के हिसाब से सबसे अहम सऊदी अरब और मुस्लिम आबादी के हिसाब से विश्व के नंबर दो देश पाकिस्तान, यानी लगभग तमाम दिशाओं में मौजूद देशों के साथ ईरान के रिश्ते आउट ऑफ ट्रैक चल रहे हैं।

अमेरिका ने ही ईरान को दिया था पहला परमाणु रिएक्टर

धार्मिक क्रांति के पहले ईरान अमेरिका का आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सैन्य साझेदार था। ईरान को पहला परमाणु रिएक्टर भी अमेरिका ने ही दिया था। लेकिन पहले धार्मिक क्रांति और फिर नवंबर 1979 में ईरानी छात्रों के एक समूह द्वारा अमेरिकी दूतावास में कार्य करने वाले 52 डिप्लोमेट्स को बंदी बनाने की घटना ने दोनों देशों के बीच संबंध खत्म कर दिए। अमेरिका ने 7 अप्रैल 1980 को ईरान के साथ तमाम संबंधों को समाप्त करने का औपचारिक ऐलान किया था। तब से ही दोनों के बीच कोई रिश्ते नहीं हैं। अमेरिका को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी चिंता रही है और इसीलिए वह उस पर कई सालों से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं।

इस्लामिक क्रांति के बाद इजराइल से दोस्ती दुश्मनी में बदली

ईरान ऐसा दूसरा मुस्लिम देश था, जिसने इजराइल को मान्यता दी थी। लेकिन अप्रैल 1979 में आयतुल्लाह खुमैनी के ईरान वापस लौटते ही ईरान ने इजराइल के साथ सारे संबंध तोड़ लिए थे। हालांकि इसके बावजूद दोनों देशों के बीच संबंध इतने निचले स्तर पर नहीं आए थे। यहां तक कि 1980 में इराक द्वारा ईरान पर किए गए अचानक हमले के बाद इजराइल ने कथित तौर पर ईरान की सैन्य और लॉजिस्टिक्स सहायता भी की थी। संबंध बिगड़ने शुरू हुए 1985 से। साल 2006 के लेबनान युद्ध के बाद से दोनों के संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए, जब ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स पर आरोप लगे कि इजराइल पर हमले के लिए उसने हिजबुल्लाह को सीधे मदद दी। इसके बाद से ही दोनों एक-दूसरे के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर में व्यस्त हैं।

ईरान-सऊदी में दबदबे की लड़ाई

ईरान और सऊदी अरब दोनों करीब 45 साल से एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे हैं। दोनों मध्य पूर्व में क्षेत्रीय ताकत हैं। एक-दूसरे के पड़ोसी इन दोनों देशों में क्षेत्रीय प्रभुत्व की लड़ाई तो है ही, धार्मिक मतभेद भी इनमें संघर्ष

को बढ़ाता है। इनमें आपसी संघर्ष की जड़ में ईरान की इस्लामिक क्रांति है। 1979 से पहले तक सऊदी अरब खुद को मुस्लिम जगत का नेता मानता था, लेकिन इस क्रांति से उसे चुनौती मिलने लगी। अरब देशों में 2010 के दशक में हुए आंदोलनों के कारण पैदा हुई राजनीतिक अस्थिरता का फायदा उठाते हुए ईरान और सऊदी अरब दोनों ने सीरिया, बहरीन और यमन जैसे देशों पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश की।

ईरान-पाकिस्तान में आतंक ने बिगाड़े रिश्ते

मुस्लिम आबादी के हिसाब से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश पाकिस्तान के साथ भी ईरान के रिश्ते बीते एक दशक से उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। 2012 में पाकिस्तान में जैश-अल-अदल गठित हुआ था। इसे ईरान आतंकी संगठन मानता है। यह ईरान में रहने वाले अल्पसंख्यक सुन्नियों के हक में आवाज उठाने का दावा करता है। यह 2013 से ही ईरानी सीमा सुरक्षा बलों को निशाना बनाते आ रहा है। ईरान में 95त्न शिया रहते हैं, जिन पर वहां के अल्पसंख्यक सुन्नियों के साथ भेदभाव करने के आरोप पाकिस्तानी सुन्नी संगठन लगाते आए हैं। उधर ईरान का आरोप है कि इन संगठनों को पाकिस्तानी सेना से भी मदद मिलती है।

संक्षिप्त ख़बरें

विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ द्वारा मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जन्म महोत्सव दिवस- पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित

गोपालगंज (बिहार) – विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जन्म महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जी की जन्म महोत्सव मनाने के लिए विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने पूरे भारतवर्ष के ब्राह्मण परिवार को आह्वान करते हुए निवेदन भी किया है

एक बातचीत में संघ के संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जन्म महोत्सव कार्यक्रम की रूप रेखा इस प्रकार से निर्धारित की गयी हैं उन्होंने बताया 9 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी जो द्वारिकाधीश मंदिर काशीराम से प्रारंभ होकर शिव शक्ति मंदिर पीपल वाले पर संपन्न कराई जाएगी तत्पश्चात अखंड रामायण पाठ का आरंभ किया जाएगा 10 मई को रामायण पाठ संपन्न कराई जाएगी भगवान श्री परशुराम जी की जन्म उत्सव मनाई जाएगी तथा 11 मई को भव्य शोभा यात्रा परशुराम चौक बुद्धि विहार सेक्टर 2 से प्रारंभ होकर बुद्धा पार्क काशीराम नगर ए ब्लॉक सिंगल स्टोरी श्री शिव शक्ति पीपल वाले मंदिर पर संपन्न कराई जाएगी 11 मई को हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा तथा आगंतुकों का सम्मान किया जाएगा उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में सभी ब्राह्मण परिवार के लोगों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए

असम में हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन की मौत

असम में हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन की मौत जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस आया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला और वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया।

असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया , एक वन अधिकारी ने कहा। पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला और वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वन रक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति दिबाकर मालाकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाथी को वापस जंगल में धकेलने के प्रयास जारी हैं।

स्वच्छ जनतंत्र की पहचान सबको शिक्षा और मतदान। एक वोट का मतलब एक ताकत है।

स्वतंत्र प्रभात

भभुआ कैमुर– आज दिन रविवार को लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मोहनियां (देवकली), कैमूर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने बच्चों के साथ मिलकर अशोक का पत्ता, अड़हुल का फूल, चमेली का फूल आदि प्राकृतिक से जुड़ा हुआ सामग्री से 100त्न मतदान के आकृति बना कर प्रेरित किया गया। सभी बच्चों को सौ प्रतिशत मतदान करने के लिए अपने आसपास घर के लोगों को जिसका उम्र 18 से ऊपर हो वे वोट आवश्यक करें। मत आप सभी का अधिकार है। इसे कदापि बेकार न जाने दें। इसमें सभी से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया गया। इस दौरान वृद्ध हों या महिलाएं अथवा युवा, सभी लोग 1 जून 2024 को बूथ पर जाकर वोट देने का वादा किया। हर वोट मूल्यवान है। इसकी समझ हर वोटर को है। ऐसे में सभी अपना वोट डालने के प्रति सजग हैं। लोकतंत्र में मतदान एक महापर्व होता है जिसमें सभी मतदाता भाग लेकर अपने कीमती मत का दान करते हैं और देश के प्रतिनिधि को चुनते हैं। मतदान को लोकतंत्र में सबसे बड़ा दान कहा जाता है देश का हर एक नागरिक जब मतदान के महत्व को समझ कर मत देता है। बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए स्लोगन बोलकर व लिख कर मतदाता ही भारत भाग्य विधाता है। स्वच्छ जनतंत्र की पहचान सबको शिक्षा और मतदान। एक वोट का मतलब एक ताकत है। मतदान से देश मजबूत होता है। मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। लोकतंत्र है महापर्व, हम करे इस पर गर्व। छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करो मतदान। आधी रोटी खाना है वोट देने जाना है। आज के दिन जो वोट करेगा, वोट से ये देश बढ़ेगा। इस मौके पर वार्डन शिक्षिका सुनीता कुमारी , शिक्षिका लता देवी, पूजा कुमारी, लेखपाल दिलीप शुक्ला , आदेश पाल सुदर्शन पासवान आदि उपस्थित रहे।

अयोध्या की अर्थव्यवस्था पर शोध करेगी इंद्रप्रस्थ महिला विश्वविद्यालय दिल्ली से आई अध्यापको की 40 सदस्यी टीम

स्वतंत्र प्रभात

अयोध्या– इंद्रप्रस्थ महिला विश्वविद्यालय दिल्ली से शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो0 पूनम कुरिया नेतृत्व मे 40 अध्यापकों की टीम अयोध्या पहुंची जिसने सबसे पहले राम मंदिर का दर्शन किया उसके बाद सरयू सहित समस्त प्रमुख स्थानों पर दर्शन पूजन किया उसके बाद रविवार सुबह एक कार्यक्रम भक्तमाल आश्रम मे रखा जहाँ राम मंदिर के महासचिव चंपत राय को मुख्य अतिथि के रूप मे बुलाया गया उनके पहुंचने पर वहाँ की प्रधानाध्यापिका ने अपने विद्यालय का स्मृति चिन्ह शाल देकर उनका भव्य रूप से सम्मान किया उसके बाद अध्यापकों ने चंपत राय से राम मंदिर से जुड़े इतिहास को जाना और उससे जुडी सभी विषयो पर चंपत राय से सवाल किया सवालों मे अयोध्या के विकाश पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बात हुई जिसका चंपत राय ने बहुत बेवाक तरीके से जवाब दिया द्य अयोध्या के अर्थव्यवस्था पर शोध के विषय पर भी प्रधान अध्यापिका प्रोश्र पूनम बताया कि हम पहले कि अयोध्या और अब कि अयोध्या पर पुराने लोगो से बातचीत करके और इतिहासिक और सेटलाइट तस्वीरो सहित विभिन्न मध्यम के श्रोतों से अध्यन करके उसे

एक किताब रूप मे लिख दुनिया के सामने लाएंगे और यूपी सरकार के मध्यायम से विभिन्न मध्यायमो से सभी लोगो तक इसे पहुंचाने का प्रयास करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग अयोध्या से जुडी बातो को जाने और एक मंदिर बनने से आने वाले इस विराट बदलाव को समझे .

बक्सर के भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने नुआंव प्रखंड के गांवो का दौरा कर मतदाताओं से साधा संपर्क

स्वतंत्र प्रभात

दुर्गावती कैमुर– बक्सर लोकसभा के रामगढ़ विधानसभा के नुआव प्रखंड में चौपाल कर एवं जनसंपर्क कर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने मांगा जनसमर्थन। विभिन्न जगहों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिथिलेश तिवारी ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार पूरे भारत में 400 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है और मुझे अपना हनुमान बनाकर बक्सर लोकसभा में भेजा है ताकि भारत के साथ साथ बक्सर भी तेजी से विकास करे। श्री तिवारी ने कहा कि जहां एक तरफ नरेंद्र मोदी भारत के गरिबों का कल्याण कर रहे हैं और भारत को मजबूती प्रदान कर रहे हैं वही एक विकास विरोधी एवं परिवार बढ़ाओ पार्टियों के पेट में दर्द होने लगा हैं। महागठबंधन वाले मोदी जी को रोकने में बेचैन हैं ताकि वे अपने परिवार का और अपना विकास कर सके तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जब बच्चा पेट में रहता है तब से बूढ़े होने तक की चिंता कर रहे हैं । आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का विश्व भर में तूती बोल रहा है एवं आज भारत के आगे सभी मज़बूत देश नत मस्तक है। उन्होंने ने कहा कि बक्सर ने भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी को भी शिक्षा दिया हैं वही बक्सर आज शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा बना हुआ है जब मैं सांसद बन कर संसद भवन जाऊंगा तो बक्सर ने अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय खुले इसके लिए प्रयास करूंगा। श्री तिवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि प्रत्येक गरीब को अपना छत वाला घर होगा इस वादे को पूरा करने के साथ ही भगवान श्रीराम का घर बनवाने का काम भी किया। श्री तिवारी ने कहा कि महागठबंधन के जो प्रत्याशी हैं ये तो उनका विधानसभा है यहां के तो वे विधायक हैं और उनके पिता जी भी विधायक रहे हैं और रामगढ़ को केवल लूटने का काम किए हैं जरा सोचिए अगर ये संसद पहुंच गए तब तो पूरा बक्सर को लूट कर कंगाल कर देगें। चौपाल को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक सिंह ने कहा कि रामगढ़ की जनता 2020 की गलती दोहराने वाली नही है इस बार नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने एवं बक्सर लोकसभा से मिथिलेश तिवारी जी को विजयी बनाने के लिए उत्साहित है। मौके पर कैमूर जिलाध्यक्ष मनोज जयसवाल, राजीव श्रीवास्तव, सुदेश चौधरी, रामश्रय राम, अशोक चौहान, कृपाशंकर चौबे, दिनेश सिंह, संजय जयसवाल, अमलेश राय सहित अनेकों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता मौजूद रही।

विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ द्वारा मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जन्म महोत्सव दिवस- पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित

गोपालगंज (बिहार) – विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जन्म महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जी की जन्म महोत्सव मनाने के लिए विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने पूरे भारतवर्ष के ब्राह्मण परिवार को आह्वान करते हुए निवेदन भी किया है

एक बातचीत में संघ के संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जन्म महोत्सव कार्यक्रम की रूप रेखा इस प्रकार से निर्धारित की गयी हैं उन्होंने बताया 9 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी जो द्वारिकाधीश मंदिर काशीराम से प्रारंभ होकर शिव शक्ति मंदिर पीपल वाले पर संपन्न कराई जाएगी तत्पश्चात अखंड रामायण पाठ का आरंभ किया जाएगा 10 मई को रामायण पाठ संपन्न कराई जाएगी भगवान श्री परशुराम जी की जन्म उत्सव मनाई जाएगी तथा 11 मई को भव्य शोभा यात्रा परशुराम चौक बुद्धि विहार सेक्टर 2 से प्रारंभ होकर बुद्धा पार्क काशीराम नगर ए ब्लॉक सिंगल स्टोरी श्री शिव शक्ति पीपल वाले मंदिर पर संपन्न कराई जाएगी 11 मई को हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा तथा आगंतुकों का सम्मान किया जाएगा उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में सभी ब्राह्मण परिवार के लोगों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

T20 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से ओपनिंग बल्लेबाजी के बड़े दावेदार अब कौन?

स्वतंत्र प्रभात

T20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द ही होने वाला है. रोहित शर्मा आगामी T20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे. कई खिलाड़ियों के नाम पर टीम में शामिल होने की चर्चा है. शिवम दुबे, मयंक यादव, दिनेश कार्तिक भी वर्ल्ड कप के स्क्वाड में अपनी जगह बना सकते हैं. लेकिन सबकी नजरें इस बात पर हैं कि टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कौन करेगा? अभी IPL में दोनों यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल का फॉर्म कुछ खास नहीं रहा है, लेकिन जयसवाल ने जो शतक लगाया है उससे वो फिर से दौड़ में आ गए हैं. कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को ओपनिंग करनी चाहिए. यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल में से कोई भी दूसरे और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है. IPL में अब तक के प्रदर्शन को देखें तो ऐसा लगता है कि जयसवाल गिल को पछाड़ सकते हैं.

किसे सपोर्ट करते हैं पूर्व क्रिकेटर

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने एक बयान में कहा है कि उनके हिसाब से भारतीय टीम के ओपनर युवा खिलाड़ी यशस्वी जयसवाल और रोहित शर्मा होने चाहिए. ऐसा इसलिए क्योंकि जयसवाल रोहित के साथ लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन देंगे और साथ ही लेग स्पिन भी कर लेते हैं जो एक प्लस प्वाइंट है. और ये मत भूलिए कि जयसवाल का इंटरनेशनल स्ट्राइक रेट 160 है, टीम को इस तरह की आक्रामक बल्लेबाजी की जरूरत है.

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने भी यही बात कही है. उनका कहना है कि ओपनिंग में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन होना बहुत जरूरी है. अगर पिच थोड़ी स्लो होती है तो सामने वाली टीम अक्सर मैच की शुरुआत में लेफ्ट-आर्म स्पिनर से गेंदबाजी कराती है. ऐसा स्पिनर शुरू में विकेट ले सकता है या रन रेट कम कर सकता है. उधर भारत के पूर्व क्रिकेटर श्रीकांत का कहना है कि उनकी टीम में यशस्वी जयसवाल ही ओपनिंग करते थे. लेकिन अब उन्हें लगता है विराट कोहली को रोहित के साथ पारी शुरू करनी चाहिए.

कैसी है रोहित शर्मा की फॉर्म

आजकल रोहित शर्मा अच्छे फॉर्म में हैं. वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा ही भारतीय टीम के कप्तान होंगे, ये कंफर्म है. मतलब एक ओपनिंग की जगह तो उनकी पक्की है. पिछले कुछ IPL सीजन में रोहित का बल्ला खास नहीं चला था लेकिन इस साल उन्होंने अच्छा खेला है. अबतक खेले गए 8 मैच में उनका एवरेज रन स्कोर 43.3 का है. आईपीएल करियर में ये उनका सेकंड-हाईएस्ट एवरेज है. वहीं इस साल स्ट्राइक रेट 162.9 है. ये पहली बार है कि जब उनका स्ट्राइक रेट एक सीजन में 150 पार गया है.

IPL 2024 के पावरप्ले में तो उनका स्ट्राइक रेट 175 का रहा है. ये किसी भी IPL सीजन में उनका बेस्ट है. इसलिए ओपनिंग स्लॉट में उनकी एक सीट तो कंफर्म मानी जा रही है. अब लड़ाई दूसरे स्लॉट के लिए है.

दूसरे ओपनर के लिए यशस्वी जयसवाल का नाम ही क्यों?

यशस्वी जयसवाल टीम इंडिया के ओपनर हैं. IPL से ठीक पहले उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ T20I सीरीज में रोहित शर्मा के साथ पारी शुरू की थी. हालांकि आईपीएल के शुरुआती मैचों में जयसवाल का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा था. सात मैचों में उन्होंने एक भी अर्द्धशतक नहीं लगाया. इसके बाद 8वें मैच में अपना खेल सुधारा और पहला शतक लगाकर सही समय पर वापसी की.

जयपुर में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में जयसवाल ने अपना दूसरा IPL शतक लगाया, उन्होंने 60 गेंद पर 104 रनों की नाबाद पारी खेली. इस शतक की बदौलत ही वह T20 वर्ल्ड कप में दूसरे ओपनर की दौड़ में फिर आगे आ गए हैं. हालांकि आईपीएल 2023 में भी उनका प्रदर्शन काफी दमदार रहा था. कुल 14 मैच में उन्होंने 163 के स्ट्राइक रेट के साथ 625 रन बनाए थे. एक शतक और 5 अर्धशतक भी जड़े थे.

शुभमन गिल के पास है मौका

T20I में शुभमन गिल का रिकॉर्ड खास नहीं है. अब तक 14 मैच में 25.76 की औसत से रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 147.57 है. लेकिन पिछले साल से टी20 में उनकी फॉर्म अच्छी रही है. यही कारण है कि आईपीएल 2023 में गिल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे.

IPL 2024 में भी गिल ने अच्छी शुरुआत की है. अब तक 9 मैचों में उन्होंने 38 की औसत से 304 रन बनाए हैं. उनका स्ट्राइक रेट 146.15 है. रन के मामले में जयसवाल के मुकाबले उनका प्रदर्शन बेहतर है. मगर गिल का इस सीजन में हाई स्कोर 89 रन का ही है. मुंबई इंडियंस के खिलाफ जयसवाल का शतक लगाने के बाद ये लगभग तय माना जा रहा है कि फिलहाल के लिए गिल ही रिजर्व ओपनर रहेंगे.

कोहली की फॉर्म भी है जबरदस्त

आईपीएल 2024 में विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं. इस सीजन में उनमें एक अलग ही आक्रामकता देखने को मिल रही है. कोहली इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं. अबतक खेले गए 9 मैच में सबसे ज्यादा 430 रन बनाए हैं. हाईस्कोर 113 रन का है. स्ट्राइक रेट 145.76 है. ये आईपीएल करियर में उनका दूसरा बेस्ट स्ट्राइक रेट है. इस सीजन में पावरप्ले के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 152.1 रहा है, जो किसी भी आईपीएल सीजन में सबसे बढ़िया है. वहीं स्पिन गेंदबाजी खेलते हुए उनका स्ट्राइक रेट 130.1 है जो 2019 के बाद सबसे अच्छा है.

जब तक आईपीएल में जयसवाल का प्रदर्शन कुछ खास नहीं था, कोहली रोहित के साथ पारी शुरू करने की रेस में सबसे आगे थे. लेकिन अब चूंकि बाएं हाथ के बल्लेबाज जयसवाल ने वापसी की है तो शायद कोहली

को टी20 वर्ल्ड कप में अपने पुरानी पोजिशन नंबर 3 पर ही बल्लेबाजी करनी पड़े. लेकिन फिर भी उम्मीद तो बाकी है. ये बात भी गौर करने की है कि कोहली IPL में ओपनिंग करते हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनकी पसंदीदा पोजिशन नंबर 3 की रही है. टेस्ट मैच में तो नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हैं.

केएल राहुल, इशान किशन और अभिषेक शर्मा भी मैदान में हैं?

टी20 वर्ल्ड कप में ओपनर्स के लिए केएल राहुल, इशान किशन और अभिषेक शर्मा के नाम पर ज्यादा चर्चा नहीं हो रही. अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है कि क्या सेलेक्टर्स उन्हें ओपनर के तौर पर देख रहे हैं या नहीं. लेकिन केएल राहुल और इशान किशन का विकेटकीपिंग का अंदाज उन्हें भी इस रेस बनाए रखता है. बल्लेबाजी के मामले में राहुल और अभिषेक शर्मा आईपीएल के इस सीजन में क्रमश- 12वें और 13वें स्थान पर हैं.

राहुल ने आईपीएल 2024 के शुरुआती 8 मैचों में 37.75 की औसत और 141.12 के स्ट्राइक रेट के साथ 302 रन बनाए हैं. अगर केएल राहुल एक-दो मैचों में ताबड़तोड़ पारी खेल जाते हैं, तो टीम को मध्यक्रम के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के चयन में ज्यादा सोच विचार नहीं करना होगा. अभिषेक शर्मा ने भी आक्रामक बल्लेबाजी कर सबको चौंका दिया है. उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद की छवि बदल दी है जो टीम पहले गेंदबाजी पर निर्भर मानी जाती थी, अब बल्लेबाजी में भी मजबूत है. अभिषेक शर्मा ने अभी तक 8 मैचों में 218.18 के स्ट्राइक रेट से 288 रन बनाए हैं.

IPL में प्रदर्शन ही सब कुछ नहीं होता

पूर्व क्रिकेटर श्रीकांत का कहना है कि T20 वर्ल्ड कप टीम चुनने का आधार केवल IPL का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा, IPL केवल एक इशारा देता है. वर्ल्ड कप तो वर्ल्ड कप है, ये एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है. इसलिए ये भी देखना भी जरूरी है कि कौन-कौन खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल सकते हैं. साथ ही, अतीत में T20 में उनका रिकॉर्ड कैसा रहा है, इसको भी ध्यान में रखना होगा.